वार्षिक प्रतिवेदन २०२०

ANNUAL REPORT

भाकृअनुप
ICAR

भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय
राजगुरूनगर–410 505, पुणे, महाराष्ट्र, भारत

ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research
Rajgurunagar–410 505, Pune, Maharashtra, India

DOGR

वार्षिक प्रतिवेदन

Annual Report

2020

भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय
राजगुरूनगर–410 505, पुणे, महाराष्ट्र, भारत
ICAR - Directorate of Onion and Garlic Research
Rajgurunagar-410 505, Pune, Maharashtra, India

वार्षिक प्रतिवेदन / Annual Report 2020

प्रकाशक
डॉ मेजर सिंह
निदेशक

Published by
Dr. Major Singh
Director

संकलन एवं संपादन
डॉ. इस. इस गाडगे
डॉ. विजय महाजन
श्रीमती. अश्विनी बेनके
डॉ. राम दत्ता
डॉ. ऐ जे गुप्ता
डॉ. वी करुपैया
डॉ .प्रांजलि गेडाम
डॉ. ए थंगासामी

Compiled and Edited by
Dr. S. S. Gadge
Dr. Vijay Mahajan
Mrs. Ashwin Benke
Dr. Ram Dutta
Dr. A.J. Gupta
Dr. V. Karuppaiah
Dr. Pranjali Gedam
Dr. A. Thangasamy

सही उद्धरण
भाकृअनुप -प्यालअनुनी वार्षिक प्रतिवेदन २०२०
भाकृअनुप -प्याज़ एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय
राजगुरुनगर ,पुणे ४१०५०५ ,महाराष्ट्र, भारत

Correct Citation
ICAR-DOGR Annual Report 2020
ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research
Rajgurunagar - 410505, Pune, Maharashtra, India

संपर्क
दूरभाष: 91-2135-222026, 222697
फैक्स: 91- 2135-224056
ईमेल: director.dogr@icar.gov.in
वेबसाइट : http://www.dogr.icar.gov.in

Contact
Phone: 91-2135-222026, 222697
Fax: 91- 2135-224056
E-mail: director.dogr@icar.gov.in
Website: http://www.dogr.icar.gov.in

© भाकृअनुप -प्यालअनुनी, ,पुणे ४१०५०५

© ICAR-DOGR, Pune-410505

अभिकल्प व मुद्रण
निर्मल मीडिया सेंटर, पुणे
दूरध्वनी : ९९२२४४७७२४
ईमेल – nirmalmedia@gmail.com

Designed & Printed by
Nirmal Media Centre, Pune
Phone : 9922447724
E-mail: nirmalmedia@gmail.com

विषय–सूची / Contents

- प्राक्कथन/Preface i
- कार्यकारी सारांश/Executive Summary iii
- परिचय/Introduction 1
- प्रगति प्रतिवेदन/Progress Report 4
  - फसल सुधार/Crop Improvement 4
  - फसल उत्पादन/Crop Production 105
  - फसल सुरक्षा/Crop Protection 127
  - फसलोत्तर प्रौद्योगिकी/Post-Harvest Technology 140
  - प्रसार/Extension 145
  - अखिल भारतीय प्याज एवं लहसुन नेटवर्क अनुसंधान परियोजना 153
    All India Network Research Project on Onion and Garlic
  - विशिष्टता एकरूपता एवं स्थिरता 155
    Distinctness Uniformity and Stability
  - जीनोम विलोपन के माध्यम से प्याज में अगुणित उत्प्रेरण 158
    Haploid Induction in onion through Genome Elimination
  - लक्षित उत्परिवर्तन के माध्यम से प्याज में कोशिकाद्रव्यीय नर वंध्य वंशक्रमों का विकास 161
    Development of cytoplasmic male sterile lines in onion through targeted mutagenesis
  - जनजातीय उप–योजना एंव पूर्वोत्तर पर्वतीय योजना 162
    Tribal Sub-Plan and NEH Plan
  - अनुसूचित जाति उप–योजना 167
    Scheduled Caste Sub-Plan
  - मेरा गांव मेरा गौरव 171
    Mera Gaon Mera Gaurav
- प्रौद्योगिकी हस्तांतरण/Transfer of Technology 174
- सफलता की कहानी/Success Story 199
- अनुसंधान परियोजनाएं/Research Projects 201
- पुरस्कार, सम्मान एवं मान्यता/Awards, Honours and Recognition 204
- प्रकाशन/Publications 205
- संस्थागत गतिविधियां/Institutional Activities 219
- मानव संसाधन विकास/Human Resource Development 249
- कार्मिक/Personnel 264
- वित्तीय विवरण/Financial Statement 268
- मौसम संबंधी आंकड़ें/Meteorological Data 269

प्राक्कथन / Preface

मुझे भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय का वार्षिक प्रतिवेदन 2020 प्रस्तुत करते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है। अधिदेश के अनुसार, भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा अनुसंधान, प्रसार और विकास से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों को जारी रखा गया।

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान, वर्षभर पर्णीय उपज के लिए *ए. टयूबरोसम* तथा *ए. ऐंगुलोसम* के तीन वंशक्रम आशाजनक पाए गए। अखिल भारतीय प्याज एवं लहसुन नेटवर्क अनुसंधान परियोजना के परीक्षणों में वंशक्रमों यथा डब्ल्यू 355, डब्ल्यू 340 ईएल–8 तथा डब्ल्यू 504–एम–4 के साथ साथ उच्च कुल घुलनशील ठोस पदार्थ अंश वाले सफेद प्याज के चार वंशक्रमों को शामिल किया गया। प्याज की चार प्रचलित किस्मों नामत: भीमा शक्ति, भीमा लाइट रेड़, भीमा डार्क रेड़ एवं भीमा सुपर को पौधा किस्म एवं कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण, नई दिल्ली में पंजीकृत कराया गया है। वर्मी कम्पोस्ट एवं अजैविक उर्वरक (75 प्रतिशत आरडीएफ + 5 टन गोबर की खाद/हे.) का एकीकृत उपयोग करने पर 100 प्रतिशत आरडीएफ + 20 टन गोबर की खाद/हे. के समतुल्य कंदीय उपज उत्पन्न हुई। प्याज में आणविक स्तर पर बैंगनी धब्बा प्रतिरोधिता का अध्ययन किया गया। प्याज और लहसुन को संक्रमित करने वाले लेपिडोप्टेरॉन नाशीजीवों *एस. फ्रजीपर्डा* एवं *सी. एक्यूटा* की डीएनए बारकोडिंग की गई। सामान्य परिस्थितियों में हरी प्याज का भण्डारण जीवनकाल, रैपिंग करने पर तथा बिना रैपिंग करने पर क्रमश: 18.7 प्रतिशत एवं 29.3 प्रतिशत भार नुकसान केवल दो दिन में हुआ जबकि 4^{0} सेल्सियस तापमान पर यह क्रमश: 13.4 प्रतिशत एवं 17.1 प्रतिशत भार नुकसान ग्यारह दिनों में पाया गया। जांचे गए सभी तापमान में ब्लान्चिंग उपचार से शुष्कन दर में कमी आई।

खरीफ, पछेती खरीफ और रबी मौसम के दौरान पांच राज्यों यथा महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान एवं गुजरात में किसानों के खेतों में कुल एक सौ पच्चीस अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन आयोजित किए गए। आयोजित किए गए सभी प्रदर्शनों में स्थानीय तुलनीय किस्मों के मुकाबले में भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय की किस्मों का बेहतर प्रदर्शन देखने को मिला। संबंधित वैज्ञानिक क्षेत्र के तीस विशेषज्ञों के साथ पारम्परिक कृषक समुदाय के बीच विभिन्न फसलों के नाशीजीवों व रोगों के निवारण एवं रोकथाम के लिए स्वदेशी तकनीकी ज्ञान में प्याज व लहसुन के दस्तावेजी उपयोग को प्रमाणित किया गया। अवशेष मुक्त खाद्य उत्पादन के लिए स्वदेशी तकनीकी ज्ञान को प्रचलित करना एवं इसका व्यावसायीकरण करना एक वरदान सिद्ध हो सकता है।

I feel privileged to present the Annual Report of ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research for the year 2020. As per the mandate, ICAR-DOGR continued various research, extension, and development activities.

During the year, three lines of *A. tuberosum* and *A. angulosum* were found promising for year-round foliage yield. Four white high TSS lines along with lines W-355, W-340 EL-8 and W-504-M-4 were introduced in AINRPOG trials. Four extant onion varieties viz., Bhima Shakti, Bhima Light Red, Bhima Dark Red and Bhima Super were registered with PPV&FRA, New Delhi. Integrated use of vermicompost and inorganic fertilizer (75% RDF+5 t FYM/ha) produced the bulb yield similar to 100% RDF+20 t FYM/ha. Purple blotch resistance was studied at the molecular level in onion. DNA bar-coding of Lepidopteran pests *S. frugiperda* and *C. acuta* infesting onion and garlic was done using the mitochondrial gene. At ambient conditions, the storage life of green onion was only for two days with weight loss of 18.7% and 29.3% whereas, it was increased to 11 days with 13.4% and 17.1% weight loss with and without wrapping, respectively at 4ºC. Blanching treatment reduced the drying rate at all the tested temperatures.

One hundred twenty-five frontline demonstrations were carried out at the farmers' fields in five states *viz.,* Maharashtra, Uttar Pradesh, Madhya Pradesh, Rajasthan and Gujarat during *kharif,* late *kharif* and *rabi* seasons. ICAR-DOGR varieties performed better than the local checks in all the demonstrations. The documented uses of onion as well as garlic in Indigenous Technical Knowledge (ITK) for prevention and control of pests and diseases of various crops

अनुसंधान कार्य के अलावा, अनेक प्रकार की प्रसार गतिविधियां भी चलाई गईं। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान, जनजातीय उप–योजना तथा पूर्वोत्तर पर्वतीय योजना के माध्यम से कुल 205 तथा अनुसूचित जाति उप–योजना के माध्यम से 243 खेत प्रदर्शन लगाए गए। कमजोर वर्ग के किसानों को उनकी आजीविका में सुधार लाने के प्रयोजन से किट वितरित की गईं जिसमें प्याज बीज, उर्वरक, कवकनाशी, कीटनाशी, खरपतवारनाशी तथा कृषि औजार शामिल थे। मेरा गांव – मेरा गौरव, जनजातीय उप–योजना, पूर्वोत्तर पर्वतीय योजना, अनुसूचित जाति उप–योजना, आत्मा, एएससीआई आदि परियोजनाओं के अंतर्गत कुल साठ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें कुल 1786 किसानों व अन्य हितधारकों ने भाग लिया। भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय ने कुल चार प्रदर्शनियों में अपनी भागीदारी दर्ज कराते हुए वहां प्याज व लहसुन की प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित किया। भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय ने प्याज किस्मों यथा भीमा शक्ति, भीमा किरन तथा भीमा सुपर का बीज उत्पादन करने के लिए आठ कम्पनियों के साथ समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए। निदेशालय द्वारा नेटवर्क केन्द्रों की प्रगति की समीक्षा करने के प्रयोजन से अखिल भारतीय प्याज एवं लहसुन नेटवर्क अनुसंधान परियोजना की 11वीं वार्षिक समूह बैठक का आयोजन वर्च्युल मोड में किया गया। इसके साथ ही निदेशालय द्वारा भारत में एग्रीगेटम प्याज की स्थिति एवं संभावनाओं पर एक ब्रेन स्टॉर्मिंग सत्र का आयोजन भी किया गया। संस्थान की विभिन्न गतिविधियों यथा संस्थान अनुसंधान समिति संस्थान प्रबंधन समिति आदि की बैठकों का निर्धारित समय पर आयोजन किया गया। निदेशालय में अनेक प्रमुख दिवस, सप्ताह मनाए गए और स्वच्छता गतिविधियों को लागू किया गया। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा कुल 58.56 लाख रूपये का राजस्व सृजित किया गया।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा दिए गए सहयोग और डॉ. त्रिलोचन महापात्र, सचिव, डेयर एवं महानिदेशक, भाकृअनुप; डॉ. ए. के. सिंह, उप महानिदेशक (बागवानी विज्ञान) एवं डॉ. विक्रमादित्य पाण्डेय, सहायक महानिदेशक (बागवानी विज्ञान), भाकृअनुप, नई दिल्ली द्वारा दिए गए प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन के लिए मैं हृदय से अपना आभार प्रकट करता हूं। हासिल की गईं सभी उपलब्धियों में निदेशालय के वैज्ञानिक, तकनीकी, प्रशासनिक एवं कुशल सहायी स्टाफ द्वारा किए गए प्रयास प्रशंसनीय हैं। मुझे आशा है कि इस प्रतिवेदन में उपलब्ध कराई गई जानकारी प्याज एवं लहसुन के हितधारकों के लिए उपयोगी होगी।

मेजर सिंह
निदेशक

among the traditional farming communities were validated with 30 experts from the relevant scientific field. The popularization and commercialization of ITKs can be a boost for residue-free food production.

Apart from the research work, several extension activities were also carried out. During the year, a total of 205 field demonstrations were conducted through TSP and NEH plan and 243 through SCSP scheme. The kits of onion seed, fertilizers, fungicides, insecticides, weedicides, and agricultural implements were distributed among the farmers of the weaker section community for their livelihood improvement. Total 60 trainings were conducted under MGMG, TSP, NEH, SCSP, ATMA, ASCI, etc., schemes which were attended by 1786 farmers and other stakeholders. ICAR-DOGR participated in four exhibitions to showcase onion and garlic technologies. ICAR-DOGR also signed MoUs with eight companies for seed production of onion varieties, viz., Bhima Shakti, Bhima Kiran and Bhima Super. The Directorate organized the Virtual XIth Annual Group Meeting of AINRPOG to review the progress of network centres. The Directorate also organized a brainstorming session on Aggregatum Onion-Status and prospects in India. The various Institutional activities viz., IRC, IMC, etc. meetings were held timely. The Directorate celebrated various important days, weeks and implemented Swachhta activities. ICAR-DOGR generated revenue of 58.56 lakhs.

I extend my sincere thanks to the support extended by ICAR and encouragement and guidance by Dr. T. Mohapatra, Secretary, DARE and Director General, ICAR; Dr. A.K. Singh, Deputy Director General (Horticulture Science) and Dr. Vikramaditya Pandey, Assistant Director General (Horticulture Science). I appreciate the efforts of all the scientific, technical, administrative, and supporting staff of the institute in all achievements. I hope, the information provided in this report will be useful to the stakeholders of onion and garlic.

Major Singh
Director

कार्यकारी सारांश / Executive Summary

विवरणीय वर्ष 2020 के दौरान, भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय का अनुसंधान, प्रसार एवं विकास संबंधी कार्य सात आन्तरिक अनुसंधान परियोजनाओं और दस तदर्थ/बाह्य वित्त पोषित परियोजनाओं के माध्यम से किया गया। अनुसंधान कार्य के अलावा, अनेक प्रकार की प्रसार गतिविधियां भी चलाई गईं। मेरा गांव – मेरा गौरव, जनजातीय उप–योजना, अनुसूचित जाति उप–योजना, पुरोत्तर पर्वतीय परियोजना, आत्मा, एएससीआई आदि परियोजनाओं के अंतर्गत कुल साठ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें कुल 1786 किसान व अन्य हितधारकों ने भाग लिया। भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय ने चार प्रदर्शनियों में भाग लेकर वहां प्याज व लहसुन की प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित किया। निदेशालय ने तमिल नाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयम्बटूर के साथ सहयोग करते हुए ''एग्रीगेटम प्याज – भारत में स्थिति एवं संभावनाएं'' विषय पर एक ब्रेन–स्टॉर्मिंग सत्र को आयोजित किया। भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा प्याज किस्मों यथा भीमा शक्ति, भीमा किरण तथा भीमा सुपर का बीज उत्पादन करने के लिए आठ कम्पनियों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। वर्ष 2020 में अनुसंधान, प्रसार एवं विकास के संबंध में चलाई गईं गतिविधियों का संक्षिप्त सारांश नीचे प्रस्तुत है।

फसल सुधार

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा प्रक्षेत्र परिस्थितियों में कुल 18 विभिन्न वन्य *एलियम* प्रजातियों का रखरखाव किया जा रहा है। इन वन्य *एलियम* प्रजातियों की छंटाई पर्णीय उपज, भण्डारण व्यवहार, प्रति–ऑक्सीकारक विशेषताओं, नाशीजीव प्रतिरोधिता तथा उपभोक्ता की पसंद के लिए की गई। *ए. टयूबरोसम* के तीन वंशक्रम तथा *ए. ऐंगुलोसम* वर्षभर पर्णीय उपज के लिए आशाजनक पाए गए। अंतर–जातीय संकरण के माध्यम से विकसित की गईं बीस एफ$_1$ संततियों का खेत में मूल्यांकन कर पीढ़ी को आगे बढाया जा रहा है। वन्य *एलियम* प्रजातियों में भिन्नता का निर्धारण करने के लिए पंद्रह CpSSR मार्करों का प्रमाणन किया गया। पछेती खरीफ (243 प्राप्तियां), रबी (210 प्राप्तियां) तथा खरीफ (197 प्राप्तियां) के दौरान लाल प्याज जननद्रव्य का मूल्यांकन किया गया। पछेती खरीफ मौसम के दौरान सात प्राप्तियां (1481, 1427, 1566, 1620, 1360, 1288 तथा 1392) बेहतर पाई गईं जिनमें 61टन/हेक्टेयर से भी अधिक की विपणन योग्य उपज दर्ज की गई। रबी मौसम में, सात प्राप्तियों (1254, 1349, 1729, 1750, 1449, 1367 तथा

The research, extension and development work of ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research was carried out through seven internal research projects and ten adhoc/externally funded projects during the year 2020. Apart from the research work, several extension activities were also carried out. Total 60 trainings were conducted under MGMG, TSP, SCSP, ATMA, ASCI, NEH, etc., schemes which were attended by 1786 farmers and other stakeholders. ICAR-DOGR participated in four exhibitions to showcase onion and garlic technologies. The Directorate in collaboration with TNAU, Coimbatore organized brainstorming session on "Aggregatum Onion - Status and Prospects in India." ICAR-DOGR also signed MoUs with eight companies for seed production of onion varieties, viz., Bhima Shakti, Bhima Kiran and Bhima Super. Brief summary of the research, extension and development activities carried out in the year 2020 is presented below.

Crop Improvement

ICAR-DOGR is maintaining 18 different wild *Allium* species under field conditions. These wild *Allium* species were screened for foliage yield, storage behavior, antioxidant properties, pest resistance and consumer preference. Three lines of *A. tuberosum* and *A. angulo*sum found promising for year round foliage yield. Twenty F_1 progenies developed through interspecific crosses are under field evaluation and generation advancement. Fifteen CpSSR markers validated for differentiating wild *Allium* species. Onion germplasm were evaluated during late *kharif* (243 accessions), *rabi* (210 accessions) and *kharif* (197 accessions). During late *kharif*, seven accessions (1481, 1427, 1566, 1620, 1360, 1288 and 1392) were superior and produced more than 61 t/ha marketable yield. In *rabi* season, seven accessions

1466) आशाजनक थीं। भण्डारण के चार माह उपरान्त 10 प्रतिशत से भी कम भण्डारण नुकसान को 1574, 1252, 1780, 1552 तथा 1367 में दर्ज किया गया जबकि भीमा शक्ति में यह 29.98 प्रतिशत था। खरीफ मौसम के दौरान, प्राप्ति 1508, 1274, 1313, 1736 तथा 1692 आशाजनक पाई गई। सफेद प्याज जननद्रव्य के मामले में, पछेती खरीफ (19 प्राप्तियां), रबी (131 प्राप्तियां) तथा खरीफ (34 प्राप्तियां) के दौरान मूल्यांकन किया गया। रबी में, दो वंशक्रमों यथा डब्ल्यू 358 और डब्ल्यू – 081 तथा खरीफ मौसम के दौरान वंशक्रम डब्ल्यू 453 विपणन योग्य उपज के मामले में बेहतर थे। पछेती खरीफ मौसम के दौरान, डब्ल्यू 045 तथा डब्ल्यू 364 जीपी में अधिकतम विपणन योग्य उपज हासिल की गई। प्याज प्राप्तियां यथा डब्ल्यू – 310, डब्ल्यू – 567, डब्ल्यू – 358, प्राप्ति 1740 तथा डब्ल्यू – 439, डब्ल्यू – 340, प्राप्ति 1751 क्रमश: सूखा और जल भराव प्रतिरोधी पाई गईं। लहसुन प्राप्तियों यथा डीओजीआर – 114, डीओजीआर – 575 एवं डीओजीआर – 178 सूखा दबाव परिस्थिति में बेहतर प्रदर्शन किया गया । रबी (620 प्राप्तियां) तथा खरीफ (106 प्राप्तियां) के दौरान लहसुन जननद्रव्य का मूल्यांकन किया गया। पुणे एवं लुधियाना में लहसुन के छ: ज्यादा उपजवाले वंशक्रमों (>7 टन/हे. से अधिक) का मूल्यांकन किया गया। लहसुन प्राप्तियों यथा 709 और 48 – डब्ल्यू में 7 टन/हे. से भी अधिक विपणन योग्य उपज दर्ज की गई। उपज और लाल छिलका रंग के लिए तुलनीय किस्मों गोदावरी और फुले बासवंत की तुलना में प्राप्ति 224 एवं 444 कहीं बेहतर पाई गईं। लहसुन प्राप्तियों यथा आईडी जी 784, जी – बीओ, जी 593, जी 28, जी 41, जी 518 तथा जी 53 में ज्यादा एलीसिन मात्रा और जी – 34, जी 28, जी 24, जी 518 तथा जी 27 में ज्यादा पाइरूविक अम्ल मात्रा पाई गई। पछेती खरीफ (30 वंशक्रम), रबी (27 वंशक्रम) तथा खरीफ (33 वंशक्रम) के दौरान लाल प्याज में प्रगत प्रजनन वंशक्रमों का मूल्यांकन किया गया। पछेती खरीफ मौसम के दौरान, डीओजीआर–546–डीआर एवं डीओजीआर –1610 बेहतर थीं वहीं रबी मौसम में डीओजीआर–1614 एवं डीओजीआर 1613 बेहतर पाई गईं। जबकि खरीफ मौसम के दौरान, डीओजीआर–1612, डीओजीआर 1604 एवं डीओजीआर 1627 आशाजनक पाई गईं। रबी मौसम के दौरान, सफेद प्याज के कुल 178 प्रजनन वंशानुक्रमों का मूल्यांकन किया गया। इनमें से तीन वंशानुक्रम कुल उपज और विपणन योग्य उपज के लिए बेहतर पाए गए। उच्चतम विपणन योग्य उपज को डब्ल्यू 439 एम – 6 में पाया गया। कुल 66 प्रजनन वंशानुक्रमों में से, पछेती खरीफ मौसम के दौरान तीन वंशानुक्रम कुल उपज के मामले में आशाजनक थे। सबसे अधिक विपणन योग्य उपज को डब्ल्यू 402 एडी–4 में एवं तदुपरान्त डब्ल्यू – 443 एम–7 में पाया गया। दीर्घ प्रकाशअवधी तथा लघु प्रकाशअवधी वाली सफेद एवं पीली प्याज से विकसित की गई तेरह पापुलेशन अथवा संख्या में से, क्रास की दो पापुलेशन

(1254, 1349, 1729, 1750, 1449, 1367 and 1466) were found promising. Minimum storage loss after four months of storage was less than 10% recorded in Acc.1574, 1252, 1780, 1552 and 1367 whereas it was 29.98% in Bhima Shakti. During *kharif*, Acc. 1508, 1274, 1313, 1736 and 1692 were found promising . In case of white onion germplasm, during late *kharif* (19 accessions), *rabi* (131 accessions) and *kharif* (34 accessions) were evaluated. During *rabi*, two lines W-358 and W-081 and during *kharif*, line W-453 found superior for marketable yield. In late *kharif,* lines W-045 and W-364 GP gave highest marketable. Onion accessions W-310, W-567, W-358, Acc.1740 and W-439, W-340 and Acc.1751 were found drought and water-logging resistant, respectively. Garlic accessions DOGR-114, DOGR-575 and DOGR-178 performed better under drought stress condition. Garlic germplasm were evaluated during *rabi* (accessions 620) and *kharif* (106 accessions). Six high yielding garlic lines (>7 t/ha) were evaluated at Pune and Ludhiana. Garlic accessions 709 and 48-W recorded more than 7 t/ha marketable yield. Accessions 224 and 444 were found superior over check varieties Godavari and Phule Baswant for yield and red skin colour. Garlic accessions ID G-784, G-BO, G-593, G-28, G-41, G-518 and G-53 noted high allicin content and G-34, G-28, G-24, G-518 and G-27 recorded high pyruvic acid. Advance breeding lines in red onion were evaluated during late *kharif* (30 lines), *rabi* (27 lines) and *kharif* (33 lines). During late *kharif*, DOGR-546-DR (54.22 t/ha) and DOGR-1610 were found superior and in *rabi*, DOGR-1614 and DOGR-1613 were found superior. Whereas, in *kharif,* DOGR-1612, DOGR-1604 and DOGR-1627 were found promising. During *rabi,* total 178 white onion breeding lines were evaluated. Among these, three lines were found superior for total yield and marketable yield. The highest marketable yield was observed in W-439 M-6 (51.25 t/ha). Out of 66 breeding lines, during late *kharif*, three lines were promising for total yield. The highest marketable yield was recorded in W-402 AD-4 (36.62 t/ha) followed by W-443 M-7

पांचवी पीढ़ी में तुलनीय किस्म भीमा श्वेता के मुकाबले बेहतर पाई गई। रबी मौसम के दौरान मूल्यांकन किए गए कुल 62 उच्च कुल घुलनशील ठोस पदार्थ अंश वाले वंशानुक्रमों में, 47 वंशानुक्रमों में 15 प्रतिशत से अधिक कुल घुलनशील ठोस पदार्थ अंश दर्ज किया गया। विपणन योग्य उपज के लिए दो उच्च कुल घुलनशील ठोस पदार्थ अंश वाले वंशक्रम यथा डब्ल्यूएचटीबी – 1 ए – जीटी – 18 – एससी – एम – 7 (57.59 टन/हे.) और एचटी – जीआर – 2 सी – एम – 7 डीएमसी – जीटी – 18 (52.19 टन/हे.) बेहतर पाए गए। वंशक्रम डब्ल्यू 335, डब्ल्यू 340 ईएल – 8 तथा डब्ल्यू – 504 – एम – 4 के साथ साथ चार उच्च कुल घुलनशील ठोस पदार्थ अंश वाले वंशानुक्रमों का मूल्यांकन अखिल भारतीय प्याज व लहसुन नेटवर्क अनुसंधान परियोजना के तहत किया जा रहा है। विभिन्न किस्मीय पृष्ठभूमि में नर वंध्यता का स्थानान्तरण करने के लिए नौ बैकक्रास संयोजन BC_1 अवस्था में हैं और एक BC_3 अवस्था में है। कुल 28 अंत: प्रजात I_1 अवस्था में, तीन अंत: प्रजात I_3 अवस्था में और एक अंत: प्रजात I_4 अवस्था में है। प्याज की चार प्रचलित किस्मों (भीमा शक्ति, भीमा लाइट रेड़, भीमा डार्क रेड़ और भीमा सुपर) को पौधा किस्म एवं कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण, नई दिल्ली में पंजीकृत कराया गया। लाल प्याज के F_1 संकरों यथा डीओजीआर हाइब्रिड 73, हाइब्रिड 173 तथा हाइब्रिड 179 के साथ साथ लाल प्याज के वंशक्रमों यथा डीओजीआर – 1627, डीओजीआर – 1639 तथा डीओजीआर – 1203 – डीआर को आईईटी परीक्षण में शामिल किया गया। एवीटी – 1 में डीओजीआर – 1625, 1626, 1657 तथा 1669 का, एवीटी – 2 में आरजीपी – 3, आरजीपी – 4, 1605 तथा 1606 का मूल्यांकन अखिल भारतीय प्याज एवं लहसुन नेटवर्क अनुसंधान परियोजना के तहत किया जा रहा है। विविधता उत्पन्न करने के लिए लहसुन में गामा विकिरण तथा रासायनिक उत्परिवर्तन का उपयोग करके म्यूटेशन प्रजनन के प्रयास किए गए। लहसुन की किस्मों की स्व: पात्रे (इन व्हिट्रो) परिस्थितियों में परासरणी दबाव सहिष्णुता के लिए छंटाई की गई। प्याज में अगुणित प्रेरक वंशक्रम का विकास करने के लिए प्याज की व्यावसायिक किस्म भीमा सुपर का रूपांतर GFP-tailswap_CENH3 वेक्टर के साथ किया गया, छ: घटनाओं को उत्पन्न किया गया और लाल प्याज की किस्मों के साथ संकरण कराया गया। AcCENH3-RNAi/GFP तथा AcCENH3 Cas9/GFP-tailswap के साथ सह–रूपांतरण प्याज की व्यावसायिक किस्म भीमा सुपर से उत्पन्न किया गया और क्रमश: चार तथा एक घटना उत्पन्न की गई। *AcMSH1* जीन के नॉकआउट के माध्यम से नर वंध्य वंशक्रमों का विकास करने के लिए जीनोमिक डीएनए से *AcMSH1* जीन की क्लोनिंग की गई और अनुक्रम विश्लेषण द्वारा सिगंल पेप्टाइड अनुक्रम का अभिलक्षणन किया गया। प्याज में नॉकआउट का विकास करने के लिए एक CRISPR/Cas9 कन्सट्रक्ट विकसित किया गया।

(32.66 t/ha). Out of 13 populations developed from the long day and short day white and yellow onion, two populations from the crosses were superior over check Bhima Shweta in 5th generation. Out of 62 high TSS lines evaluated during *rabi*, 47 lines recorded more than 15% TSS. Two high TSS lines viz., WHTB-1A-GT-18-SC-M-7 (57.59 t/ha) and HT-GR-2C-M-7 DMC-GT-18 (52.19 t/ha) were found superior for marketable yield. Four white high TSS lines along with lines W-355, W-340 EL-8 and W-504-M-4 are being evaluated in AINRPOG trials. Development of F_1 hybrids in onion using five male sterile lines and its evaluation is in progress. Synthetic crosses were also made and being evaluated. Nine back cross combinations are in BC_1 stage and one in BC_3 stage for transfer of male sterility in different varietal background. Twenty-eight inbreds are in I_1, three inbreds are in I_3 and one inbred is in I_4 stage. Four extant onion varieties (Bhima Shakti, Bhima Light Red, Bhima Dark Red and Bhima Super) were registered with PPV&FRA, New Delhi. Red onion lines *viz.*; DOGR-1627, DOGR-1639 and DOGR-1203-DR along with red onion F_1 hybrids *viz.*; DOGR Hy-73, Hy-173 and Hy-179 were introduced in IET trial. DOGR-1625, 1626, 1657 and 1669 in AVT-I and RGP-3, RGP-4, 1605 and 1606 in AVT-II are being evaluated in AINRPOG trials. Mutation breeding using gamma radiation and chemical mutagen were attempted in garlic for creating variability. Garlic varieties were screened for osmotic stress tolerance in *in-vitro* condition. For developing haploid inducer line in onion, Bhima Super was transformed with GFP-tailswap_CENH3 vector; six events were generated and crossed with red onion varieties. Co-transformation of Bhima Super with AcCENH3-RNAi/GFP-tailswap and AcCENH3 Cas9/GFP-tailswap has generated 4 and 1 events, respectively. For developing male sterile lines through knockout of *AcMSH1* gene, the *AcMSH1* gene is cloned from genomic DNA and signal peptide sequence characterized by sequence analysis. A CRISPR/Cas9 construct is developed for developing knockout in onion.

फसल उत्पादन

वर्मी कम्पोस्ट और रासायनिक उर्वरक का एकीकृत रूप से उपयोग (75 प्रतिशत आरडीएफ + 5 टन गोबर की खाद/हे.) 100 प्रतिशत आरडीएफ + 20 टन गोबर की खाद/हे. उपयोग करने के समान ही कंदीय उपज हासिल की गई। इस उपचार के माध्यम से मृदा जैविक कार्बन, उपलब्ध नाइट्रोजन तथा एन.पी.एस. इनटेक में भी बढ़ोतरी देखने को मिली। अकेले दस टन वर्मीकम्पोस्ट/हे. का प्रयोग करने पर 31.3 टन/हे. की प्याज उपज उत्पन्न हुई जो कि अन्य उर्वरक उपचारों के मुकाबले में उल्लेखनीय रूप से कमतर थी। हालांकि, वर्ष 2017–18 (20.7 टन/हे.) के दौरान दर्ज की गई उपज की तुलना में वर्ष 2019–20 में इस जैविक उपचार में कुल कंदीय उपज में 51.2 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई । इसके अलावा, अजैविक उपचारों के मुकाबले में जैविक उपचारों के अंतर्गत अधिकतम जीव–जंतु प्रजाति विविधता प्रदर्शित हुई। ड्रिप सिंचाई प्रणाली के माध्यम से नाइट्रोजन – फॉस्फोरस – पोटेसियम – सल्फर का प्रयोग करने पर बाढ़ सिंचाई प्रणाली में छितराव करने के मुकाबले में प्याज व लहसुन की उपज उल्लेखनीय रूप से बढ़ी। कंट्रोल की तुलना में पीएसबी तथा *पिरिफार्मोस्पोरा इण्डिका* का टीकाकरण करने पर प्याज की कंदीय उपज में क्रमश: 9.0 प्रतिशत एवं 14.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। जैविक खेती परीक्षण में, पारम्परिक कृषि प्रणाली और एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन वाले प्लॉटों में जैविक उपचारों की तुलना में उल्लेखनीय रूप से कहीं उच्चतर कंदीय उपज उत्पन्न हुई और उच्चतर एनपीएस अन्तर्ग्रहण दर्ज किया गया। जैविक उपचारों के बीच, जैविक कृषि प्रणाली माड्यूल 4 (गोबर की खाद (10 टन/हे.), वर्मी कम्पोस्ट (2 टन/हे.), नीम केक (1 टन/हे.), जैविक नाशीजीव तथा रोग प्रबंधन रीतियों के साथ प्रति हेक्टेयर 5 किग्रा. की दर से फॉस्फोरस घुलनशील जीवाणु तथा एजोटोबैक्टर) के तहत अन्य जैविक उपचारों के मुकाबले में उल्लेखनीय रूप से कहीं उच्चतर उपज, मृदा जैविक कार्बन और उपलब्ध नाइट्रोजन मात्रा उत्पन्न हुई। पुराने बीजों की क्यारी और बीज अंकुरण पूर्व शाकनाशी ऑक्साडियारजिल के आनुक्रमिक प्रयोग का एकीकरण करना और तदुपरान्त बीज अंकुरण पूर्व उपरान्त शाकनाशी मिश्रण यथा फ्लूजीफोप + ऑक्सीफ्लोरफेन तथा प्रोपाक्विजाफोप + ऑक्सलफ्लोरफेन, प्याज की फसल में संस्तुत रीति यथा ऑक्सीफ्लोरफेन 250 ग्राम ए.आई/हे. + हाथ से एक बार निराई गुडाई करने के साथ तुलना में समान रूप से प्रभावी हो सकता है।

प्याज के प्रतिकूल प्रवृति वाले जीनप्ररूपों का मूल्यांकन करने पर सिद्ध हुआ कि प्राप्ति 1656 में बेहतर सूखा सहिष्णुता गुण हैं जिनका कि सूखा सहिष्णु प्याज किस्म का विकास करने हेतु

Crop Production

Integrated use of vermicompost and inorganic fertilizer (75% RDF+5 t FYM/ha) produced the bulb yield similar to 100% RDF+20 t FYM/ha. This treatment also increased soil organic carbon, available nitrogen and NPS uptake. Application of 10 t vermicompost/ha alone produced 31.3 t/ha onion yield which was significantly lower than other fertilizer treatments. However, total bulb yield in this organic treatment was increased by 51.2% in 2019-20 compared to the yield recorded during 2017-18 (20.7 t/ha). Furthermore, organic treatments also showed maximum faunal species diversity in comparison to inorganic treatments. Application of NPKS through drip irrigation system increased onion and garlic yield significantly in comparison to broadcasting in flood irrigation system. Inoculation of PSB and *Piriformospora indica* increased onion bulb yield by 9.0% and 14.6% compared to the control, respectively. In organic farming experiment, conventional farming and integrated nutrient management plots produced significantly higher bulb yield and NPS uptake compared to organic treatments. Among organic treatments, organic farming module 4 (farm yard manure (10 t/ha), vermicompost (2 t/ha), neem cake (1 t/ha), phosphorus solubilizing bacteria and Azotobacter @ 5 kg each/ha with organic pest and disease management practices) produced significantly higher yield, soil organic carbon and available N compared to other organic treatments. Integrating stale seed bed and sequential application of pre-emergence herbicide oxadiargyl followed with post-emergence herbicide mixtures *viz*., fluazifop + oxyflourfen, and propaquizafop + oxyfluorfen can be equally effective compared to pre-emergence application of oxyfluorfen 250 g a.i/ha followed by one hand weeding in onion.

Evaluation of onion contrasting genotypes proved that Acc. 1656 has superior drought tolerance traits which can be directly used in breeding programme for developing drought tolerant onion

प्रजनन कार्यक्रम में सीधे तौर पर उपयोग किया जा सकता है। इसके अलावा, सूखा एवं जलभराव दबाव के अंतर्गत वीएएम तथा *पी. इण्डिका* का टीकाकरण करने पर पौधा वृद्धि और कंदीय उपज में सुधार आया। नियंत्रित उपचार (0 μg mL^{-1} 5 – एजासायटीडिन) की तुलना में 5 – एजासायटीडिन के साथ उपचार करने पर बीज अंकुरण, पौद लंबाई, पौद का शुष्क भार तथा बीज ओजता सूचकांक में अभिवृद्धि दर्ज की गई। 5 – एजासायटीडिन उपचार द्वारा सुपर–ऑक्साइड डिस्मुटेज तथा कुल प्रति–ऑक्सीकारक क्षमता में भी वृद्धि हुई। रोपाई के 45 दिनों उपरान्त 100 पीपीएम तथा 200 पीपीएम की दर पर प्रयोग किए गए इथेफॉन के तहत कम अवशयन तथा उच्चतर बीज उपज के साथ बीज गुणवत्ता वाले थे।

फसल सुरक्षा

प्याज की प्रतिरोधी किस्म अर्का कल्याण और संवेदनशील किस्म एग्रीफाउण्ड रोज़ में आणविक स्तर पर बैंगनी धब्बा प्रतिरोधिता का अध्ययन किया गया। *आल्टरनेरिया पोरी* (इलिस) सिफेरी संक्रमण की प्रतिक्रिया में ट्रांसक्रिप्टोम तथा मेटाबोलोम की तुलना की गई। भिन्नात्मक जीन प्रकटन से पता चला कि संवेदनशील जीनप्ररूप, 16378 जीन उर्ध्व नियमित थे और 3136 जीन अधो–नियमित थे। जबकि प्रतिरोधी जीनप्ररूप में 6346 ट्रांसक्रिप्ट उर्ध्व नियमित थे और 2436 अधो नियमित थे। बैंगनी धब्बा संक्रमण द्वारा ट्रांसक्रिप्शन कारक, रोगजनता संबंधी प्रोटीन, प्रति–ऑक्सीकारक एंजायमों, पादप हारमोन आदि जैसे अनेक जीनों का प्रकटन बढ़ा। पीआर 4 (21 गुणा), एमवाईबी 31 (4.7 गुणा), एलओएक्स (6.3 गुणा), पेरॉक्सीडेज (13 गुणा) आदि जैसे रक्षात्मक जीनों के उच्च प्रकटन प्रतिरोधिता के लिए एक उत्तरदायी कारक होगा। बैंगनी धब्बा संक्रमण की प्रतिक्रिया में, अनेक गैर व्याख्यात्मक ट्रांसक्रिप्ट्स दीर्घीकृत थे और इनसे विशेषकर प्रतिरोधी जीनप्ररूप अर्का कल्याण प्याज में विभिन्न पादप हारमोन प्याज का स्तर बढ़ा। माइटोकॉण्ड्रियल जीन साइटोक्रॉम सी – ऑक्सीडेज सब यूनिट 1 (COI) का उपयोग करके प्याज व लहसुन का संक्रमण करने वाले लेपिडोप्टेरान नाशीजीवों की डीएनए बारकोडिंग की गई। डीएनए बारकोडिंग एलसीओ 1480 तथा एचसीओ 1298 प्राइमरों का उपयोग किया गया और दो प्रजातियों *एस. फ्रुजीपेर्डा* तथा *सी. एक्यूट* की बारकोडिंग की गई। अनुक्रमों को एनसीबीआई जीन बैंक में जमा कराया गया और *एस. फ्रुजीपेर्डा* तथा *सी. एक्यूटा* के लिए क्रमशः प्राप्ति संख्या एमटी 644266 तथा एमटी 644267 हासिल की गई। प्याज व लहसुन को संक्रमित करने वाले प्याज थ्रिप्स के लिए आर्थिक

variety. Furthermore, VAM and *P. indica* inoculation improved plant growth and bulb yield under drought and water logging stress. In comparison with the control treatment (0 μg mL^{-1} 5-azacytidine), treatment with 5-azacytidine enhanced seed germination, seedling length, seedling dry weight and seed vigour indices. 5-azacytidine treatment also increased the activity of superoxide dismutase and total antioxidant capacity. Ethephon applied @ 100 and 200 ppm at 45 days after planting had lower lodging and higher seed yield and seed quality.

Crop Protection

Purple blotch resistance was studied at molecular level in resistant Arka Kalyan and susceptible Agrifound Rose onion varieties. Transcriptome and metabolome were compared in response to *Alternaria porri* (Ellis) Cifferi infection. Differential gene expression revealed that in susceptible genotype, 16378 genes were up-regulated and 3136 genes were down-regulated. Whereas in resistant genotype, 6346 transcripts were up-regulated and 2436 were down-regulated. Purple blotch infection increased the expression of several genes like transcription factors, pathogenesis-related proteins, antioxidant enzymes, phytohormones, etc. The high expression of defence genes like PR4 (21 fold), MYB31 (4.7 fold), LOX (6.3 fold), Peroxidase (13 fold) etc. attributed to be a factor responsible for resistance. In response to purple bloch infection, several non-annotated transcripts were elevated and increased the level of various plant hormones onion, particularly in resistant genotype Arka Kalyan. DNA bar-coding of Lepidopteran pests infesting onion and garlic was done using the mitochondrial gene cytochrome c oxidase subunit I (COI). DNA bar-coding LCO 1480 and HCO 1298 primers were used and two species were *S. frugiperda* and *C. acuta* bar-coded. The sequences were submitted to NCBI gene bank and obtained the accession numbers MT644266 and MT644267 for *S. frugiperda* and *C. acuta* respectively. The economic threshold level

थ्रेसहोल्ड स्तर (ईटीएल)/कार्रवाई थ्रेसहोल्ड स्तर (एटी) में संशोधन किया गया। 0.5 तथा 1.0 थ्रिप्स/पत्ती (एटी) में प्याज की कहीं उच्चतर कंदीय उपज और ए ग्रेड वाले कंदों की कहीं अधिक संख्या दर्ज की गई। लहसुन के मामले में, कार्रवाई थ्रेसहोल्ड 0.5, 1.0 तथा 2.0 पर क्रमश: 4.5, 4.2 तथा 4.1 टन/हे. की अधिकतम कंदीय उपज दर्ज की गई। फसल आयु और कंद आकार की भिन्न अवस्थाओं में थ्रिप्स भार के बीच सह–संबंध विश्लेषण से पता चला कि तीस से साठ दिनों के दौरान प्रति दिन प्रति पत्ती थ्रिप्स द्वारा दोनों फसलों में कंद आकार को विशेष रूप से प्रभावित किया गया। प्याज की फसल में *स्पोडोप्टेरा फ्रुजीपेर्डा* व *क्राइसोडीक्सिस एक्यूटा* के जीवविज्ञान का अध्ययन प्रयोगशाला परिस्थिति में किया गया। *एस. फ्रुजीपेर्डा* में जहां अण्डे से लेकर वयस्क बनने तक अपने जीवन चक्र को पूरा करने में 44 से 54 दिनों का समय लगा वहीं *क्राइसोडीक्सिस एक्यूटा* में इसमें 37 से 54 दिनों का समय लगा। प्याज की फसल में कंद तथा बीज फसल को संक्रमित करने वाले प्याज थ्रिप्स के विरूद्ध पांच नए कीटनाशकों का मूल्यांकन किया गया। थ्रिप्स के विरूद्ध इनमें से प्रोफिनोफॉस, इमिडाक्लोप्रिड और फिप्रोनिल एकसमान प्रभावी पाए गए। विभिन्न नीले चिपचिपे ट्रैप के प्रति थ्रिप्स की व्यवहार प्रतिक्रिया का अध्ययन किया गया और पाया गया कि नीले चिपचिपे ट्रैप में थ्रिप्स कहीं अधिक आकर्षित हुए और इसने प्राकृतिक शत्रु संख्या को सबसे कम आकर्षित किया।

फसलोत्तर प्रौद्योगिकी

सामान्य परिस्थितियों में, हरी प्याज की रैपिंग करने तथा बिना रैपिंग करने पर क्रमश: 18.7 प्रतिशत एवं 29.3 प्रतिशत भार नुकसान केवल दो दिनों के भण्डारण अवधि में पाया गया जबकि 4º सेल्सियस तापमान पर क्रमश: 13.4 प्रतिशत एवं 17.1 प्रतिशत भार नुकसान के साथ हरी प्याज के भण्डारण अवधि को 11 दिनों तक बढ़ाया जा सका। प्याज छिल्के के निष्कर्षण में कुल 49 फिनोलिक यौगिकों की पहचान की गई जिनमें 33 एंथोसायनिन, 8 फ्लेवोनॉल तथा एक–एक पायरैनो एंथोसायनिन, कैलकोन, फिनोलिक अम्ल तथा इलैगियोटैनिन शामिल हैं। प्याज की सभी किस्मों में सर्वाधिक प्रचुर पॉली फिनोलिक यौगिक एंथोसायनिन एवं तदुपरान्त फ्लैवानॉल था। सभी जांचे गए तापमानों पर ब्लान्चिंग उपचार से शुष्कन दर में कमी आई। तीन मिनट तक ब्लान्चिंग करने पर उच्च शुष्कन दर पाई गई। ताजा नमूने में कुल फिनोल मात्रा 0.37 मिग्रा./ग्राम ताजा भार थी और यह निर्जलीकृत नमूनों में 1.1 से 1.2 मिग्रा./ग्राम की सीमा में थी। बीज के प्रतिशत तेल मात्रा में 12.9 से 16.0 प्रतिशत की भिन्नता देखने को मिली और भण्डारण के

(ETL)/action threshold level (AT) for onion thrips infesting onion and garlic was revisited. The higher onion bulb yield and more number of A-grade bulbs were recorded in 0.5 and 1.0 thrips/leaf ATs. In case of garlic, action threshold 0.5, 1.0 and 2.0 registered highest bulbs yield of 4.5, 4.2 and 4.1 t/ha, respectively. Correlation analysis between thrips load at different window of crop age and bulb size suggests that, thrips per leaf per day during 30-60 days significantly affected bulb size in both the crops. The biology of *Spodoptera frugiperda and Chrysodeixis acuta* in onion was studied under laboratory condition. *S. frugipedra* took 44-54 days to complete its life cycle from egg to adult, while *Chrysodeixis acuta* took 37-54 days. Five new insecticides were evaluated against onion thrips infesting bulb and seed crop. From which, Profenophos, imidacloprid and fipronil were found to be on par and effective against thrips. Behavioural response of thrips to different blue sticky traps were studied, and found that blue sticky cards were more appealing to thrips, and least to natural enemy populations.

Post-Harvest Technology

At ambient conditions, storage life of green onion was only two days with weight loss of 18.7% and 29.3% with and without wrapping, respectively. Whereas, the storage life green onion was increased to 11 days with 13.4% and 17.1% weight loss with and without wrapping, respectively at 4ºC. Total 49 phenolic compounds were identified in onion peel extracts which includes 33 anthocyanin, 8 flavanol, and 4 flavones, one each of pyranoanthocyanin, chalcone, phenolic acid, and ellagiotannins. Anthocyanin was the most abundant polyphenolic compound followed by flavanol in all onion varieties. Blanching treatment reduced the drying rate at all the tested temperatures. High drying rate was observed at 3 minute blanching. The total phenol content in fresh sample was 0.37 mg/g fresh weight and it ranged from 1.1 to 1.2 mg/g in dehydrated samples. Percent seed oil content varied from 12.9-16.0% and storage resulted in 0.64% loss in

परिणामस्वरूप बीज तेल मात्रा में 0.64 प्रतिशत नुकसान दर्ज किया गया। ताजा तोड़े गए बीजों में औसत बीज अंकुरण दर 80.5 प्रतिशत थी जो कि परिवेशी भण्डारण के एक वर्ष के उपरान्त 52.3 प्रतिशत तक कम हो गई। विद्युत चालकता जो कि मेम्ब्रेन अखण्डता को मापती है, में एक वर्ष पुराने बीजों में 108.6 प्रतिशत तक बढ़ोतरी दर्ज की गई। लहसुन के भण्डारण में, ट्रैप पकड़ से वयस्क आविर्भाव यथा जून का प्रथम सप्ताह, अगस्त का दूसरा एवं चौथा सप्ताह के तीन अति व्यस्त समय का पता चला और इससे सुझाव मिलता है कि इन सप्ताह में परजीवी कोकून को छोड़ने से *ई. कॉटेला* संख्या का प्रभावी तरीके से दमन किया जा सकता है। इसके अलावा, स्टैक से तीन फीट की ऊंचाई पर ट्रैप को रखने से दो फीट की ऊंचाई पर रखे ट्रैप की तुलना में वयस्क संख्या को कहीं अधिक पकड़ा गया।

प्रसार

खरीफ, पछेती खरीफ तथा रबी मौसम के दौरान पांच राज्यों यथा महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान तथा गुजरात में किसानों के खेतों में कुल 125 अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन आयोजित किए गए। इन राज्यों के चयनित प्रगतिशील किसानों को भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय की प्याज किस्मों का बीज उपलब्ध कराया गया। किसानों ने स्थानीय किस्मों के प्याज बीज की व्यवस्था अपने स्तर पर की। सभी परीक्षणों में निदेशालय द्वारा की गई संस्तुतियों का अनुपालन किया गया। सभी प्रदर्शनों में स्थानीय तुलनीय किस्मों की तुलना में भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय की किस्मों का प्रदर्शन बेहतर पाया गया। पारम्परिक किसान समुदाय के बीच विभिन्न फसलों के नाशीजीवों व रोगों की रोकथाम एवं इनसे बचाव के लिए स्वदेशी तकनीकी ज्ञान में प्याज के साथ साथ लहसुन के दस्तावेजो के उपयोगों की स्क्रीनिंग की गई और प्रासंगिक वैज्ञानिक क्षेत्र से तीस विशेषज्ञों के साथ स्वदेशी तकनीकी ज्ञान का प्रमाणन किया गया। अध्ययन से पता चला कि कुल 36 फार्मुलेशन में, 30.56 प्रतिशत में 150 में से 120 से अधिक का वैधता स्कोर होने का दावा किया गया था जबकि 61.11 प्रतिशत में 100 से 120 के बीच का स्कोर दर्ज हुआ। परिणामों से विभिन्न सब्जियों, अनाज, दलहन तथा व्यावसायिक फसलों की सुरक्षा में नाशकजीवनाशी तथा कवकनाशी उपयोग में इनकी व्यापक प्रयोज्यता प्रदर्शित हुई। इन स्वदेशी तकनीकी ज्ञान को प्रचलित करना और इनका व्यावसायीकरण करना अवशेष मुक्त खाद्य उत्पादन के लिए एक वरदान हो सकता है।

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान जनजातीय उप–योजना एवं पूर्वोत्तर पर्वतीय क्षेत्र योजना के माध्यम से कुल 205 खेत प्रदर्शन (महाराष्ट्र में 100 एवं पूर्वोत्तर पर्वतीय क्षेत्र में 105) तथा

seed oil content. The average seed germination in freshly harvested seeds was 80.5%, which declined to 52.3% after one year of ambient storage. The electrical conductivity which measures the membrane integrity increased by 108.6% in one year old seeds. In garlic storage, trap catches revealed that three peaks of adult emergence *i.e.* 1st week of June, 2nd and 4th week of August and suggest that release of parasitic cocoon in these weeks can effectively suppress *E. cautella* population. Furthermore, the trap placed above 3 feet of stake had more adult catches than 2 feet above placed.

Extension

One hundred twenty-five frontline demonstrations were carried out at the farmers' fields in five states *viz.,* Maharashtra, Uttar Pradesh, Madhya Pradesh, Rajasthan and Gujarat during *kharif,* late *kharif* and *rabi* seasons. The seed of ICAR-DOGR onion varieties were provided to the selected progressive farmers of these states. The onion seed of local varieties were arranged by the farmers. Recommendations made by the Directorate were followed in all trials. ICAR-DOGR varieties performed better than the local checks in all the demonstrations. The documented uses of onion as well as garlic in Indigenous Technical Knowledge (ITK) for prevention and control of pest and diseases of various crops among the traditional farming communities were screened and the validation of ITKs was done with 30 experts from the relevant scientific field. The study revealed that among the 36 formulations, 30.56 per cent were claimed to have the validity score above 120 and 61.11 per cent were scored between 100 and 120 out of 150. The results showed their wider applicability in pesticidal and fungicidal uses in protection of various vegetables, cereals, pulses and commercial crops. Popularization and commercialization of these ITKs can be boost for residue free food production.

During the year, total 205 field demonstrations (100 in Maharashtra and 105 in NEH region) were conducted through TSP and NEH plan and 243

अनुसूचित जाति उप–योजना के माध्यम से कुल 243 खेतोंमे प्रदर्शन आयोजित किए गए। कमजोर वर्ग से सम्बद्ध किसानों को उनकी आजीविका में सुधार लाने के प्रयोजन से प्याज बीज, उर्वरक, कवकनाशी, कीटनाशी, खरपतवारनाशी तथा कृषि औजारों वाली किट वितरित की गई। मेरा गांव – मेरा गौरव, जनजातीय उप–योजना, अनुसूचित जाति उप–योजना, आत्मा, एएससीआई आदि परियोजनाओं के अंतर्गत कुल 60 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें कुल 1786 किसानों व अन्य हितधारकों ने भाग लिया। भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय ने कुल चार प्रदर्शनियों में भाग लेकर वहां प्याज व लहसुन की प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित किया।

अन्य गतिविधियां

निदेशालय द्वारा अखिल भारतीय प्याज एवं लहसुन नेटवर्क अनुसंधान परियोजना की 11वीं वार्षिक समूह बैठक को वर्च्युल मोड में आयोजित किया गया जिसमें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वरिष्ठ अधिकारियों सहित 60 से भी अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके साथ ही निदेशालय द्वारा ''एग्रीगेटम प्याज – भारत में स्थिति एवं संभावनाएं'' विषय पर ब्रेन–स्टॉर्मिंग सत्र का आयोजन किया गया। संस्थान की विभिन्न गतिविधियों यथा संस्थान अनुसंधान परिषद, संस्थान प्रबंध समिति आदि की बैठकों को नियमित रूप से समय पर आयोजित किया गया। भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती, 71 वां गणतंत्र दिवस समारोह, 74 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह, राष्ट्रीय एकता दिवस, संविधान दिवस आदि का आयोजन किया गया। इसके अलावा, सतर्कता जागरूकता सप्ताह, हिन्दी सप्ताह तथा स्वच्छ भारत अभियान गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय ने भीमा शक्ति के बीज उत्पादन के लिए कुल आठ कम्पनियों यथा जेएससी बीज कम्पनी, दिनकर सीड्स, साबरकांठा (गुजरात), आराध्य सीड्स, औरंगाबाद (महाराष्ट्र), एग्रो नर्मदा सीड कम्पनी, पुणे (महाराष्ट्र), पार्श्व जिनेटिक्स, झाबुआ (मध्य प्रदेश), धनलक्ष्मी क्रॉप साइन्सिज, हिम्मतनगर (गुजरात), कैलिक्स एग्री जिनेटिक्स, जयपुर (राजस्थान) तथा ओडीएसएफ एग्रो प्रोड्यूसर कम्पनी, उस्मानाबाद (महाराष्ट्र) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। साथ ही निदेशालय द्वारा भीमा सुपर एवं भीमा किरन किस्म के बीज उत्पादन के लिए क्रमशः पार्श्व जिनेटिक्स, झाबुआ (मध्य प्रदेश) एवं कैलिक्स एग्री जिनेटिक्स, जयपुर (राजस्थान) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा रिपोर्टाधीन वर्ष में कुल 58.56 लाख रूपये का राजस्व सृजित किया गया।

through SCSP scheme. The kits of onion seed, fertilizers, fungicides, insecticides, weedicides and agricultural implements were distributed among the farmers of weaker section community for their livelihood improvement. Total 60 trainings were conducted under MGMG, TSP, SCSP, ATMA, ASCI, etc., schemes which were attended by 1786 farmers and other stakeholders. ICAR-DOGR participated in four exhibitions to showcase onion and garlic technologies.

Other Activities

The Directorate organized Virtual XIth Annual Group Meeting of All India Network Research Project on Onion and Garlic (AINRPOG) which was attended by more than 60 participants including senior officials of ICAR. The Directorate also organized brainstorming session on "Aggregatum Onion-Status and prospects in India." The various Institutional activities viz., IRC, IMC, etc. meetings were held timely. The Directorate celebrated National Science Day, International Women's Day, 150th Birth Anniversary of Mahatma Gandhi, 71st Republic Day, 74th Independence Day, National Unity Day, Constitution Day, etc. special days. Vigilance Awareness Week, Hindi Week and Swachh Bharat Abhiyan activities were also organized. ICAR-DOGR signed MoUs with eight companies, viz., JSC Seed Company, Dinkar Seeds, Sabarkantha (Gujarat), Aaradhya Seeds, Aurangabad (M.S.), Agro Narmada Seed Company, Pune (M.S.), Parshv Genetics, Jhabua (M.P.) Dhanlaxmi Crop Sciences, Himmatnagar (Gujarat), Calix Agri genetics, Jaipur (Rajasthan) and ODSF Agro producer Company, Osmanabad (M.S.) for seed production of Bhima Shakti. It has signed MoUs with Parshv Genetics, Jhabua (M.P.) and Calix Agri genetics, Jaipur (Rajasthan) respectively for seed production of Bhima Super and Bhima Kiran also. ICAR-DOGR generated the revenue of Rs. 58.56 lakhs.

परिचय
Introduction

निदेशालय

देश में प्याज व लहसुन के महत्व को महसूस करते हुए, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा वर्ष 1994 में आठवीं योजना के दौरान नासिक में प्याज एवं लहसुन के लिए एक राष्ट्रीय अनुसंधान केन्द्र स्थापित किया गया। बाद में, दिनांक 16 जून, 1998 को केन्द्र का स्थानान्तरण राजगुरूनगर में किया गया। प्याज एवं लहसुन की अनुसंधान एवं विकास संबंधी गतिविधियों का विस्तार होने के कारण, दिसम्बर, 2008 में केन्द्र का उन्नयन प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय के रूप में किया गया। मुख्य संस्थान में अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के साथ साथ भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय के अंतर्गत देशभर में 11 मुख्य केन्द्रों (एक समन्वय इकाई के रूप में भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय), 13 स्वैच्छिक केन्द्रों और 5 सहयोगी केन्द्रों के साथ प्याज एवं लहसुन पर अखिल भारतीय नेटवर्क अनुसंधान परियोजना भी कार्यरत है।

अवस्थिति एवं मौसम

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय का मुख्यालय पुणे–नासिक राजमार्ग पर पुणे, महाराष्ट्र से लगभग 45 किमी. दूर राजगुरूनगर में स्थित है। यह स्थान औसत समुद्र तल से 553.8 मीटर की ऊंचाई पर 18.32 उत्तर एवं 73.51 पूर्व में स्थित है और यहां का तापमान 5.50 सेल्सियस से 42.00 सेल्सियस के बीच तथा वार्षिक औसत वर्षा 669 मिमी. रहती है।

बुनियादी सुविधा

केन्द्र के पास राजगुरूनगर में बारहमासी सिंचाई सुविधाओं के साथ 55 एकड़ कृषि अनुसंधान फार्म, कालुस में 56 एकड़ और मांजरी में 10 एकड़ का कृषि अनुसंधान फार्म है। केन्द्र में आधुनिक स्टेट ऑफ दि आर्ट उपकरणों के साथ जैव–प्रौद्योगिकी, मृदा विज्ञान, पौधा सुरक्षा, बीज प्रौद्योगिकी और फसलोत्तर प्रौद्योगिकी के लिए अनुसंधान प्रयोगशालाएं हैं। केन्द्र के पुस्तकालय में *एलियम* पर पुस्तकों, पत्रिकाओं तथा ई–सोर्स का व्यापक संकलन है। साहित्य तक सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए इन्टरनेट और ई–मेल कनेक्टीविटी सुविधाओं को मजबूती प्रदान की गई है। केन्द्र की अपनी वेबसाइट http://dogr.icar.gov.in है जिसके माध्यम से प्याज एवं लहसुन पर सभी प्रासंगिक जानकारी और भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान

The Directorate

Realizing the importance of onion and garlic in the country, Indian Council of Agricultural Research (ICAR) established National Research Centre for Onion and Garlic in VIII Plan at Nashik in 1994. Later, the Centre was shifted to Rajgurunagar on 16 June 1998. Due to expansion of R&D activities of onion and garlic, the centre was rechristened and upgraded to Directorate of Onion and Garlic Research (DOGR) in December 2008. Besides the R&D at main Institute, ICAR-DOGR also has All India Network Research Project on Onion and Garlic with 11 main (including ICAR-DOGR as a coordinating unit), 13 voluntary and 5 cooperating centres across the country.

Location and weather

The Head Quarter of Directorate located at Rajgurunagar, is about 45 km from Pune, Maharashtra on Pune -Nashik Highway. It is 18.32 N and 73.51 E at 553.8m above m.s.l. with a temperature range of 5.50^{0}C to 42.0^{0}C and having annual average rainfall of 669 mm.

Infrastructure

The centre has 55 acres of research farm with perennial irrigation facilities at Rajgurunagar, 56 acres at Kalus and 10 acres at Manjari. The centre has research laboratories for biotechnology, soil science, plant protection, seed technology and post-harvest technology with modern state of the art equipments. The library at the centre has extensive collection of books, journals, e-sources on *Alliums*. The internet and e-mail connectivity has been strengthened for easy literature access. The centre has its own website: http://dogr.icar.gov.in, which provides rapid updates and all

निदेशालय के प्रशासनिक मामलों की नवीनतम जानकारी को शीघ्रता से उपलब्ध कराया जाता है।

दृष्टि

प्याज एवं लहसुन के उत्पादन, उत्पादकता, निर्यात में सुधार लाना तथा मूल्यवर्धन करना।

लक्ष्य

गुणवत्ता उत्पादन, निर्यात एवं प्रसंस्करण के संवर्धन के संबंध में प्याज एवं लहसुन की समग्र वृद्धि को बढ़ावा देना।

अधिदेश

- प्याज एवं लहसुन के उत्पादन को बढ़ाने और उसे टिकाऊ बनाने के लिए आनुवंशिक संसाधन प्रबंधन, फसल सुधार तथा उत्पादन प्रौद्योगिकियों पर मूलभूत, रणनीतिपरक और प्रायोगिक अनुसंधान करना।
- प्याज एवं लहसुन की उत्पादकता को बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और हितधारकों का क्षमता निर्माण करना।
- अखिल भारतीय प्याज एवं लहसुन नेटवर्क अनुसंधान परियोजना के माध्यम से अनुसंधान का समन्वय तथा प्रौद्योगिकियों का प्रमाणन करना।

relevant information on onion and garlic and administrative matters of ICAR-DOGR.

Vision

To improve production, productivity, export and add on value of onion and garlic.

Mission

To promote overall growth of onion and garlic in terms of enhancement of quality production, export and processing.

Mandate

- Basic, strategic and applied research on genetic resource management, crop improvement and production technologies for enhancing and sustaining production of onion and garlic
- Transfer of technology and capacity building of stakeholders for enhancing productivity of onion and garlic
- Coordinate research and validation of technologies through AINRP on onion and garlic

संगठन रूपरेखा
Organogram



प्रगति प्रतिवेदन
Progress Report
फसल सुधार
Crop Improvement

परियोजना 1 : एलियम जननद्रव्य का प्रबंधन एवं उपयोगिता

सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्र के माध्यम से किस्मों का व्यावसायीकरण किए जाने के कारण, वर्तमान में खेती में व्यापक कृषि रकबे में सीमित संख्या में किस्मों की खेती जा रही है जिससे किसानों द्वारा तैयार की गईं किस्में अथवा अप्रसंस्कृत किस्में या लैण्डरेसिस और स्थानीय किस्में गुम हो रही हैं जो कि भविष्य के लिए एक गंभीर खतरा है। इसके अलावा शहरीकरण, औद्योगिकीकरण जिसके कारण कृषि क्षेत्र में कमी आ रही है, आनुवंशिक ह्रास के लिए एक अन्य खतरा है। अत: समलक्षणी तथा आणविक स्तर पर प्रणालीबद्ध रूप से संकलन, मूल्यांकन और लक्षणवर्णन करने और वर्तमान तथा भावी अप्रत्यक्ष समस्याओं का समाधान करने के लिए संरक्षण करने की अविलम्ब आवश्यकता है। व्यापक आनुवंशिक आधार किसी भी प्रजनन कार्यक्रम का मेरूदण्ड होता है और संसाधनपूर्ण संगठन में व्यापक भिन्न जननद्रव्य पाया जाता है। इन जननद्रव्य का उपयोग प्रजनकों के लिए आधार सामग्री के रूप में किया जा सकता है ताकि उनके द्वारा रोगों व नाशीजीवों की प्रतिरोधिता, जैव रासायनिक, पोषणिक रूप से समृद्ध तथा अजैविक दबावों सहित वांछनीय गुणों की पहचान की जा सके। भारत में व्यापक भौगोलिक विविधता पाई जाती है और इसलिए विभिन्न कृषि जलवायु परिस्थितियों के लिए उपयुक्त किस्मों का विकास करने हेतु जननद्रव्य का दोहन किया जा सकता है। भारत में उपलब्ध अन्य *एलियम* प्रजातियों का संकलन करने और उपलब्ध प्रचलित कृष्ट और वन्य *एलियम* आनुवंशिक संसाधनों को शामिल करने से मूल्यांकन के उपरान्त प्रजनन कार्यक्रम में विविधता उत्पन्न करने तथा साथ ही इनकी उपयोगिता हासिल करने में मदद मिलेगी। इससे गुण विशिष्ट पूर्व प्रजनन वंशक्रमों का विकास करने में मदद मिलेगी जो कि पुन: सुधार करने और भावी जरूरत के लिए उपयोग करने हेतु उपयोगी होंगे। इनकी पोषणिक विशेषताओं और नाशीजीवों व रोगों के प्रति इनकी प्रतिरोधिता के साथ साथ वन्य प्रजातियों का दोहन कम आवक के दौरान खपत की दृष्टि से किया जा सकता है। प्रणालीबद्ध रूप से मूल्यांकन करने के उपरान्त जननद्रव्य को

Project 1: Management and utilization of *Allium* germplasm

Due to commercialization of varieties through public and private sector, large area is being covered at present in cultivation of limited number of recommended varieties, which may resulting is losing of land races and local cultivars may be a severe threat in future. Urbanization, industrialization thereby shrinkage in cultivated area is also another threat for genetic erosion. Hence, there is urgent need to take up systematic collection, evaluation, characterization at phenotypic and molecular level and conservation for solving present and future unseen problems. Wide genetic base is backbone of any breeding programme and is called as resourceful organization consist wide variable germplasm. These germplasm can be used as a base material for breeders to identify desirable traits including resistance to diseases and pests, biochemical, nutritional rich and for abiotic stresses. India has wide geographical variability hence there germplasm can be exploited for the development of varieties suitable for different agro climatic conditions. Collection of other *Allium* species available in India and introduction of available exotic cultivated and wild *Allium* genetic resources will help to create variability and its utilization in breeding programme after evaluation. This will help to develop trait specific pre breeding lines which will be useful for use in further improvement and future need. Wild species can be exploited from consumption point of view during off season besides its nutritional properties and resistance to pest and diseases. There is need for

दस्तावेजी रूप प्रदान करना जरूरी है। इन उद्देश्यों के साथ परियोजना को भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय में चलाया गया। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान मूल्यांकित जननद्रव्य के परिणामों का संक्षिप्त विवरण इस रिपोर्ट में प्रस्तुत किया गया है।

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय में वन्य *एलियम* प्रजातियों का संकलन, संरक्षण एवं प्रलेखन

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय के खेत बैंक में 18 विभिन्न *एलियम* प्रजातियों जिनमें 89 विभिन्न प्राप्तियां शामिल हैं, का रखरखाव किया जा रहा है। इन भिन्न प्रजातियों का संकलन अन्वेषण दौरों के दौरान देश के विभिन्न भागों यथा लेह लद्दाख, अरूणाचल प्रदेश, असम, सिक्किम, मणिपुर, हिमाचल प्रदेश तथा तमिल नाडु से किया गया और साथ ही भाकृअनुप – राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, नई दिल्ली के माध्यम से संयुक्त राज्य अमेरिका, नीदरलैण्ड से आयात किया गया। इन वंशक्रमों का रखरखाव किया गया और वांछनीय गुणों के लिए इनका मूल्यांकन करके अंतर्गमन प्रजनन में उपयोग किया गया। मैदानी इलाकों में कुछ वंशक्रमों में पुष्पन हो रहा है।

documentation of germplasm after systematic evaluation. With these aim the project is undertaken at ICAR-DOGR. Results of germplasm evaluated during this year are briefly given in this report.

Collection, conservation and documentation of wild *Allium* species at ICAR-DOGR

In field bank of ICAR-DOGR 18 different *Allium* species, which includes 89 different accessions are being maintained. These different species were collected from different parts of the country viz. Leh Laddakh, Arunanchal Pradesh (AP), Assam, Sikkim, Manipur, Himachal Pradesh (HP), and Tamil Nadu (TN) during exploration trips and also imported from USA, Netherland through NBPGR. These lines were maintained and evaluated for desirable traits and used in introgression breeding. Some of the lines are flowering under plains.

तालिका 1.1 : भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, पुणे में उपलब्ध विभिन्न *एलियम* प्रजातियों की सूची

Table 1.1: List of different *Allium* species available at ICAR-DOGR, Pune

एलियम प्रजाति / ***Allium* Species**	वंशक्रम **Lines**	*एलियम* प्रजाति / ***Allium* Species**	वंशक्रम **Lines**
ए. *आल्टाइकम* पॉल/*A. altaicum* Pall	5	ए. *फ्रेगरेन्स/A. fragrance*	1
ए. *सीपा किस्म एग्रीगेटम/A.cepa var.aggrigatum*	3	ए. *ऐम्पेलोप्रेजम/A. ampeloprasum*	1
ए. *फिस्टुलोसम/A. fistulosum*	12	ए. *कैरियोलिनियेनम/A. cariolinianum*	1
ए. *ट्यूबरोसम/A. tuberosum*	17	ए. *सेनेसेंस/A. senescence*	1
ए. *मैक्रेन्थम /A. macranthum*	16	ए. *सीपा* x ए. *फिस्टुलोसम* बेल्टसविले बंचिंग *A. cepa x A. fistulosum Beltsville bunching*	1
ए. *प्रिज्वल्सकियेनम/ A. prszewalskianum*	9	ए. *सीपा* शेक्सपियर (कंद प्याज) *A. cepa* Shakespeare (bulb onion)	1
ए. *चाइनेन्सिस/A. chinensi*	5	ए. *लाडेबोरमम/A. ladeboramun*	1
ए. *हुकराई/A. hookerii*	2	ए. *एस्कैलोनीकम/A. ascalonicum*	2
ए. *शूनोप्रेजम/A. schoenoprasum*	2	*एलियम* प्रजातियां/*Allium* spp.	9

तालिका 1.2 : भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, पुणे में पुष्पन वाली *एलियम* प्रजातियों की सूची
Table 1.2: List of flowering *Allium* species at ICAR-DOGR,Pune

एलियम प्रजातियां ***Allium* Species**	पुष्पन वंशक्रमों की संख्या **Number of flowering line**	पुष्पन माह **Flowering Month**
ए. *आल्टाइकम पॉल/A. altaicum* Pall	2	जनवरी से मई/January - May
ए. *फिस्टुलोसम/A. fistulosum*	11	मार्च/March
ए. *शूनोप्रेजम/A. schoenoprasum*	2	फरवरी/February
ए. *ट्यूबरोसम/A. tuberosum*	11	जनवरी से मई /January - May

पर्णीय खपत के लिए ग्रीष्म मौसम के दौरान वन्य *एलियम* प्रजातियों का मूल्यांकन

लगातार दो वर्ष के लिए ग्रीष्म, वर्षाकाल और शीतकालीन मौसम के दौरान पांच वन्य *एलियम* प्रजातियों यथा ए. *ट्यूबरोसम*, ए. *ऐंगुलोसम*, ए. *मैक्रेन्थम*, ए. *चाइनेन्सिस* तथा ए. *सीपा* के कुल चालीस वंशक्रमों का गुणनीकरण और मूल्यांकन किया गया। यह पाया गया कि *एलियम सीपा* एक बार कटाई करने के लिए उपयुक्त है हालांकि एक मौसम में अन्य प्रजातियों में अनेक बार कटाई करने का अवसर मिलता है। ग्रीष्मकाल मौसम के दौरान समग्र कुल पर्णीय उपज में 1.09 से 28.74 टन/हे. की भिन्नता देखने को मिली। सबसे अधिक पत्ती उपज (28.74 टन/हे.) को ए. *ट्यूबरोसम* कजाकिस्तान ऑल 1587 प्रजाति में एवं तदुपरान्त ए. *ट्यूबरोसम* रॉट/*एक्स* स्परकुचाई सीजीएन 16373 (27.84 टन/हे.) में दर्ज किया गया। हालांकि, न्यूनतम उपज को ए. *मैक्रेन्थम* एनएमके 3244 (1.09 टन/हे.) में दर्ज किया गया।ए.*ट्यूबरोसम* कजाकिस्तान ऑल 1587 द्वारा सभी वंशक्रमों का अनुपालन किया गया। इसी प्रकार, वर्षाकाल के दौरान 13.65 टन/हे. के समग्र औसत के साथ कुल उपज में 1.85 से 33.83 टन/हे. की भिन्नता देखने को मिली। अधिकतम पत्ती उपज (33.83 टन/हे.) को ए. *ट्यूबरोसम* सीजीएन 16418 (एनएफ) प्रजाति में पाया गया जबकि न्यूनतम उपज को ए. *मैक्रेन्थम* एनएमके 3232 (1.15 टन/हे.) में पाया गया। ए. *ट्यूबरोसम* सीजीएन 16418 (एनएफ) द्वारा सभी वंशक्रमों का अनुपालन किया गया। शीतकालीन मौसम के दौरान हासिल की गई उपज में 1.27 से 14.37 टन/हे. की भिन्नता दर्ज की गई। अधिकतम पत्ती उपज (16.84 टन/हे.) को ए. *ट्यूबरोसम* ईसी 607483 प्रजाति में और न्यूनतम उपज को ए. *मैक्रेन्थम* एनएमके 3242 (1.27 टन/हे.) में हासिल किया गया।

Evaluation of wild *Allium* species during summer season for foliage consumption

Consequent for two years, total 40 lines of five wild *Allium* species viz. *A. tuberosum, A. angulosum, A. macranthum, A. chinensis and A. cepa* were multiplied and evaluated during summer, rainy and winter season. It was noted that *A. cepa* is suitable for one cutting however other species offers multiple cuttings during a season. Overall during summer season total foliage yield was varied from 1.09 t/ha to 28.74 t/ha. The maximum leaf yield (28.74 t/ha) was obtained in *A.tuberosum* kazakhistan All-1587 species followed by *A. tuberosum* Rott/Ex-sprkucchai CGN-16373 (27.84 t/ha). However, minimum yield was found in the *A. macranthum* NMK-3244 (1.09 t/ha). All lines were followed by *A. tuberosum* kazakhistan All-1587. Similarly, during rainy season total yield varied from 1.85 t/ha to 33.83 t/ha, with overall mean 13.65 t/ha. The maximum leaf yield (33.83 t/ha) was obtained in *A. tuberosum* CGN-16418 (NF) species and minimum yield was found in the *A. macranthumn* NMK-3232 (1.15 t/ha). All lines were followed by *A. tuberosum* CGN-16418 (NF). During winter total yield varied from 1.27 t/ha to 14.37 t/ha. The maximum leaf yield (16.84 t/ha) was obtained in *A. tuberosum EC-607483* species and minimum yield was found in the *A. macranthum NMK-3242* (1.27 t/ha).

ग्रीष्म, वर्षा तथा शीतकालीन मौसम के दौरान वन्य प्रजाति *एलियम चाइनेन्सिस* का मूल्यांकन

ग्रीष्म, वर्षा एवं शीतकाल मौसम के दौरान कुल तीन *एलियम चाइनेन्सिस* वंशक्रमों का गुणनीकरण और मूल्यांकन किया गया। ग्रीष्म काल मौसम में हासिल की गई कुल उपज में 2.94 से 3.72 टन/हे. की भिन्नता, वर्षाकाल में 3.12 से 4.60 टन/हे. की भिन्नता और शीतकाल में 1.66 से 3.66 टन/हे. की भिन्नता दर्ज की गई। लेकिन मैदानी इलाकों में *ए. ट्यूबरोसम* की तुलना में पर्णीय उपज बहुत कम थी।

ग्रीष्म, वर्षा एवं शीतकाल मौसम के दौरान वन्य प्रजाति *एलियम ऐंगुलोसम* का मूल्यांकन

ग्रीष्म, वर्षा एवं शीतकाल मौसम के दौरान एक वन्य प्रजाति, *ए. ऐंगुलोसम*, ईसी 328486 का मूल्यांकन किया गया। इस प्रजाति में वर्षाकाल और शीतकाल के दौरान क्रमश: 8.87 टन/हे. और 8.68 टन/हे. की उपज दर्ज की गई और मैदानी इलाकों में ग्रीष्मकाल मौसम के दौरान अधिकतम उपज (17.02 टन/हे.) दर्ज की गई। इस किस्म में *ए. ट्यूबरोसम* की तुलना में कहीं अधिक तीखापन है। प्रजातियों के मध्य, अधिकतम पत्ती उपज (73.57 टन/हे.) को *ए. ट्यूबरोसम* कजाकिस्तान ऑल 1587 में एवं तदुपरान्त *ए. ट्यूबरोसम* सीजीएन 16418 (एनएफ) (72.73 टन/हे.) तथा *ए. ट्यूबरोसम* ईसी 607483 (63.17 टन/हे.) में दर्ज किया गया। सबसे अधिक समग्र पर्णीय उपज क्रमश: वर्षाकाल, ग्रीष्मकाल एवं शीतकाल में दर्ज की गई।

Evaluation of wild species *Allium chinensis* during summer, rainy and winter season

Total three *A. chinensis* lines were multiplied and evaluated during summer, rainy and winter season. The range of total yield varied from different season 2.94 t/ha to 3.72 t/ha in summer season, 3.12 t/ha to 4.60 t/ha in rainy season and 1.66 t/ha to 3.66 t/ha in winter season. But over foliage yield as compare to *A. tuberosum* was very less under plains.

Evaluation of wild species *Allium angulosum* during summer, rainy and winter season

A wild species *A. angulosum,* EC-328486 was evaluated during summer, rainy and winter season. This species recorded a yield of 8.87 t/ha and 8.68 t/ha during rainy and winter season, respectively and highest yield was observed in summer season (17.02 t/ha) under plains. This line have more pungent flavor as compared with *A. tuberosum*. Among species, maximum leaf yield (73.57 t/ha) was obtained in *A. tuberosum kazakhistan* All-1587 followed by *A. tuberosum* CGN-16418 (NF) (72.73 t/ha, and *A. tuberosum* EC-607483 (63.17 t/ha) species. Overall foliage yield was high during rainy season followed by summer and winter season.

तालिका 1.3 : ग्रीष्म, वर्षा एवं शीतकाल मौसम के दौरान पर्णीय के लिए वन्य *एलियम* प्रजातियों की पांच उच्च उपजशील (टन/हे.) प्राप्तियां

Table 1.3: Five high yielding (t/ha) accessions of wild *Allium* species for foliage during summer, rainy and winter season

वन्य *एलियम* प्रजाति Wild *Allium* species	ग्रीष्मकाल Summer	वर्षाकाल Rainy	शीतकाल Winter	उपज/वर्ष Yield /Year
ए. ट्यूबरोसम, कजाकिस्तान ऑल 1587 *A. tuberosum*, kazakhistan All-1587	28.74	30.46	14.37	73.57
ए. ट्यूबरोसम, सीजीएन 16418 (एनएफ) *A. tuberosum*, CGN-16418 (NF)	25.27	33.83	13.63	72.73
ए. ट्यूबरोसम, ईसी 607483 *A. tuberosum*, EC-607483	20.06	26.27	16.84	63.17

Continued on next page.....

Continued from previous page.....

वन्य *एलियम* प्रजाति **Wild *Allium* species**	ग्रीष्मकाल **Summer**	वर्षाकाल **Rainy**	शीतकाल **Winter**	उपज/वर्ष **Yield /Year**
ए. ट्यूबरोसम, रॉट/एक्स स्परकुचाई, सीजीएन *A. tuberosum* Rott/Ex-sprkucchai, CGN-16373	27.84	26.32	8.31	62.47
ए. ट्यूबरोसम, एनएमके 3211 *A. tuberosum*, NMK-3211	23.93	24.16	13.20	61.30

ए. ट्यूबरोसम की ताजा पत्तियों को छोटे छोटे टुकड़ों में काटा गया और कुक्कुट पक्षियों को खाने के लिए दिया गया। इसके परिणाम उत्साहवर्धक थे और इसका उपयोग अन्य आहार के साथ साथ कुक्कुट आहार के नियमित स्रोत के रूप में किया जा सकता है। कुक्कुट पक्षियों की बढ़वार में प्रतिक्रिया का पता लगाने के लिए अन्य कुक्कुट आहार के संयोजन में ताजा पत्तियों के आहार पर प्रयोग का कार्य प्रगति पर है।

Fresh foliage of *A. tuberosum* was chopped into small pieces and was fed to poultry also. The results were encouraging and can be regular source of poultry feed along with other feed. The experiment is in progress with feeding of foliage in combination of other poultry feed to see the response in growth of poultry.

एलियम शूनोप्रेजम एल. के नर युग्मक का सूक्ष्म विश्लेषण

एलियम के भावी आनुवंशिक सुधार के लिए समलक्षणी लक्षणवर्णन द्वारा पौधे का प्रजनन व्यवहार प्रकट किया गया। एफईएसईएम द्वारा नर युग्मक का सूक्ष्मदर्शीय विश्लेषण करने पर परागकोश और पराग सतह स्थलाकृति पर संरचनात्मक भिन्नता का पता चला। FESEM-EDS स्पेक्ट्रा द्वारा खनिजों और इनके संयोजन का पता लगाया गया जिससे पराग संदूषण तथा पराग परिरक्षण अध्ययनों में प्रजाति पहचान में मदद मिल सकी। चाइव्स (*ए. शूनोप्रेजम एल.*), एलियम वंश में सर्वाधिक महत्वपूर्ण खाद्य फसल है। समलक्षणी लक्षणवर्णन करने पर *एलियम* के भावी आनुवंशिक सुधार हेतु पौधे के प्रजनन व्यवहार का पता चला जिससे कि चाइव की प्रजनन प्रणाली की अंतर्दृष्टि से चाइव की नवीन किस्मों के प्रजनन में मदद मिल सकी। प्रक्षेत्र उत्सर्जन स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी के माध्यम से नर गैमेटोफाइट्स की आकृतिविज्ञान विशेषताओं से पता चला कि नर गैमेटोफाइट की सतह जालीदार और सतह से सिकुड़ी हुई थी, पराग लंबे विनियमित तथा धारीदार सेक्सिन के साथ उप–अंडाकार आकृति वाले थे।

Microanalysis of male gamates of *Allium schoenoprasum* L.

The phenotypic characterization revealed the breeding behavior of plant for future genetic improvement of alliums. The microscopic analysis of male gametophytes by FESEM inferred the structural variation on the anther and pollen surface topography. The FESEM-EDS spectra revealed the minerals and their composition, could aid in the identification species in the pollen admixture, and pollen preservation studies. Chives (*A. schoenoprasum* L.) are the most important edible crop in the genus *Allium*. The phenotypic characterization revealed the breeding behavior of plant for future genetic improvement of *Alliums*, thereby the insight of breeding system of chive could lead to the breeding of new varieties of chive. The morphological features of the male gametophytes have been revealed through Field Emission Scanning Electron Microscopy (FESEM), the surface of male gametophyte was reticulate and shriveled of surface, pollen found to be sub-ovoid shapes, with long regulate and striated sexine.

अन्तर्गमन प्रयोजन के लिए वन्य *एलियम* प्रजातियों का उपयोग

वन्य *एलियम* से प्रचलित अथवा साधारण प्याज में रोग प्रतिरोधिता गुणों का स्थानान्तरण करने के लिए भ्रूण बचाव

Use of wild *Allium* species for introgression purpose

For transfer of disease resistance trait from wild *Allium* to common onion, crosses were made

तकनीक का उपयोग करते हुए ए. *सीपा* x ए. *फिस्टुलोसम* के मध्य संकरण कराए गए। कल्पित संकर पादपकों का संकरण, संवर्धन और पुनर्जनन करने के लिए मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग किया गया (2019–20)। इन संकरों की स्क्रीनिंग आगामी सीजन में रोग प्रतिरोधिता के लिए की जाएगी। अन्य उपलब्ध प्रजातियों का उपयोग करके अंतर विशिष्ट संकर संयोजनों के विकास का कार्य भी प्रगति पर है।

between *A. cepa x A. fistulosum* using embryo rescue technique. The standardized protocol used for crossing, culturing and regeneration of putative hybrid plantlets (2019-20). These hybrids will be screened for disease resistance in upcoming season. The work on development of interspecific cross combinations using other available species is also under progress.



चित्र 1.1: परागकोश एवं पराग दानों का एसईएम चित्र

Fig.1.1: SEM image of anther and pollen grain

तालिका 1.4 : *एलियम* में अन्तर्गमन प्रजनन
Table 1.4: Introgression breeding in *Alliums*

अंतर–विशिष्ट क्रास संयोजन **Interspecific cross combinations**	परागित पुष्प **Flowers pollinated**	मानकीकृत मीडियम (*स्व: पात्रे*) पर संवर्धित अण्डाशय **Ovaries cultured on standardized medium (*in-vitro*)**	पुनर्जनित प्ररोह **Shoots regenerated**	पनर्जनन प्रभावशीलता (प्रतिशत) **Regeneration efficiency (%)**	खेत में स्थापित पादपक (एफ $_1$ संकर) **Plantlets (F_1 hybrids) established in field**
ए. *सीपा* किस्म भीमा शक्ति x ए. *फिस्टुलोसम* *A.cepa* var. B. Shakti x *A. fistulosum*	392	392	5	1.27	2
ए. *सीपा* किस्म भीमा सुपर x ए. *फिस्टुलोसम* *A.cepa* var. B. Super x *A. fistulosum*	362	362	27	7.45	5
कुल/Total	**754**	**754**	**32**	-	**8**

चित्र 1.2 : खेत में स्थापित अंतर–विशिष्ट एफ$_1$ (*ए. सीपा* x *ए. फिस्टुलोसम*) संकर
Fig.1.2: Field established interspecific F_1 (*A.cepa* x *A. fistulosum*) hybrids

प्याज एवं लहसुन के साथ सम्बद्धता का पता लगाने हेतु वन्य *एलियम* की डीएनए फिंगरप्रिन्टिंग

पत्ती से जीनोमिक डीएनए पृथक्करण के लिए कुल अठारह *एलियम* प्रजातियों को लिया गया। अलग किए गए जीनोमिक डीएनए की गुणवत्ता को 0.8 प्रतिशत एगारेज जेल पर निर्धारित किया गया और इस कार्य में संदर्भ के रूप में लाम्बडा अनकट मार्कर (फर्मेन्टास) का उपयोग किया गया और नैनोड्रॉप 2000 पर मात्रा की पुष्टि की गई। कुल अठारह *एलियम* नमूनों (*एलियम* सीपा (प्याज), *ए. सैटाइवम* (लहसुन) और अन्य वन्य संजात सहित) का उपयोग करके पंद्रह *ए. पैराडॉक्सम* मार्कर बहुरूपिता का मूल्यांकन किया गया। cpSSR मार्करों का उपयोग करते हुए सभी *एलियम* प्रजातियों में बैण्ड्स की मौजूदगी (1) अथवा अनुपस्थिति (0) के आधार पर उत्पन्न किए गए प्रवर्धन प्रोफाइल की स्कोरिंग की गई। *एलियम* प्रजातियों में समान आकार वाले विखण्डन उत्पन्न करने वाले मार्करों को एकलरूपीय के रूप में निर्धारित किया गया जबकि cpSSRs उत्पन्न करने वाले भिन्न विखण्डनों को बहुरूपीय माना गया। मानक परिस्थितियों के तहत किसी भी प्रकार का प्रवर्धन उत्पन्न नहीं करने वाले वैयक्तिक को शून्य युग्मविकल्पी के रूप में माना गया। cpSSR मार्करों के साथ उत्पन्न एम्पलीकॉन आकार और क्रास स्थानान्तरणीयता का प्रलेखन सभी एलियम प्रजातियों के लिए किया गया ताकि डार्विन 6 का उपयोग करके जैकार्ड के गुणांक के आधार पर एक यूपीजीएमए द्रुमारेख बनाया जा सके। यहां पहली बार 15 नवीन क्लोरोप्लास्ट से उत्पन्न एसएसआर मार्करों का उपयोग *एलियम* प्रजातियों के बीच आनुवंशिक सम्बद्धता स्थापित करने में किया गया। मार्कर सेट द्वारा किस्म की पहचान करने, विकासपरक अध्ययन करने और प्रमुख एलियम प्रजातियों के आणविक प्रजनन में सहयोग करने हेतु एक उपयोगी संसाधन प्रदान किया जाता है। अत: वर्तमान अध्ययन का

DNA fingerprinting of wild *Alliums* to reveal relationship with onion and garlic

Eighteen *Allium* species were subjected for genomic DNA isolation from leaf. Quality of isolated genomic DNA was determined on 0.8% agarose gel using lambda uncut marker as reference (Fermentas) and quantity was ascertained on NanoDrop 2000. Fifteen *A.paradoxum* cpSSR markers polymorphism were evaluated by using 18 *Allium* samples (including *Allium cepa* (onion), *A. sativum* (garlic) and other wild relatives. The amplification profiles generated by using cpSSR markers were scored based on the presence (1) or absence (0) of bands across all Allium species. Markers which produced same sized fragments throughout the *Allium* species were designated as monomorphic while cpSSRs producing varied fragments were named as polymorphic. Individuals not generating any type of amplification underneath standard conditions were termed as null alleles. Cross-transferability and amplicon size generated with cpSSR markers was documented for all *Allium* species to draw a UPGMA dendrogram based on Jaccard's coefficient using DARwin6.Here,for the first-time 15 novel chloroplast derived SSR markers were utilized to establish genetic relationships among *Allium* species. The marker set provides a useful resource for cultivar identification, evolutionary studies and assist in molecular breeding of important *Allium*

उपयोग प्रजनकों द्वारा *एलियम* के संरक्षण एवं जीनप्ररूपी सुधार हेतु वन्य एवं कृष्ट *एलियम* की व्यापक स्तरीय स्क्रीनिंग करने और डीएनए फिंगरप्रिन्टिंग करने में किया जा सकता है।

species. Thus, present study could be utilized by the breeders for the large-scale screening and DNA fingerprinting of wild and cultivated *Alliums* for conservation and genotypic improvement of *Alliums*.



चित्र 1.3 : विभिन्न *एलियम* प्रजातियों में DARwin6 का उपयोग करके जैकार्ड गुणांक के आधार पर UPGMA द्रुमारेख
Fig.1.3: UPGMA dendrogram based on Jaccard's coefficient using DARwin6 of different *Allium* species

भण्डारण के दौरान वन्य *एलियम* प्रजातियों (*ए. ऐंगुलोसम*, *ए. फ्रेगरेन्स*, *ए. टयूबरोसम*) में भौतिक एवं जैव रासायनिक बदलाव

भण्डारण अवधि के दौरान विभिन्न तापमान (4°C, 12°C तथा परिवेशी परिस्थितियां) और स्वरुप, शारीरिक, शरीरक्रिया विज्ञान तथा जैव रासायनिक विशेषताओं में हुए बदलावों में वन्य एलियम (*ए. ऐंगुलोसम* , *ए. फ्रेगरेन्स तथा ए. टयूबरोसम*) पत्तियों के भण्डारण जीवन का पता लगाने के लिए एक अध्ययन किया गया। सफाई करने और एकसमान आकार में व्यवस्थित करने के उपरान्त इन्हें 90 गुच्छों में बांटा गया। इनमें से 45 गुच्छों को क्लींग फिल्म के साथ लपेटा गया और 45 गुच्छों को बिना लपेटे हुए रखा गया। नमूनों को 12ºC तथा 4ºC वाली रेफ्रीजरेटिड परिस्थितियों और परिवेशी परिस्थितियों में भण्डारित किया गया। ताजा नमूनों में जैव रासायनिक पैरामीटरों का अनुमान लगाया गया। भण्डारण के दो, तीन, चार, पांच और छः दिन बाद भण्डारित

Physical and biochemical changes in the wild *Allium* species (*A.angulosum*, *A. fragrance*, *A. tuberosum*) during storage:

A study was conducted to know the storage life of wild *Allium* (*A. angulosum, A. fragrance, A.tuberosum*) leaves at different temperatures (4°C, 12°C and ambient conditions) and changes in the visual, physical, physiological, and biochemical characteristics during the storage period. After cleaning and arranging in uniform size they were divided into 90 bunches. From that 45 bunches were wrapped with cling film and 45 were bunched without any wrap. The samples were stored at 12ºC and 4ºC refrigerated conditions and ambient conditions. Biochemical parameters were estimated in the fresh samples. Physical and

नमूनों में शारीरिक और जैव रासायनिक बदलावों का अनुमान लगाया गया।

भण्डारित नमूनों में सबसे अधिक भार नुकसान परिवेशी भण्डारित परिस्थितियों में पाया गया जबकि तदुपरान्त 12°C तथा 4°C तापमान पर भण्डारित परिस्थितियों में दर्ज किया गया। चार दिनों के उपरान्त (चार दिनों के उपरान्त पूरी तरह से सड़ जाने के कारण पांचवे दिन डाटा को नोट नहीं किया गया) एलियम फ्रेगरेन्स (23.766 प्रतिशत) में परिवेशी परिस्थितियों में सबसे अधिक भार नुकसान दर्ज किया गया। 12°C तापमान पर *एलियम फ्रेगरेन्स* में अधिकतम भार नुकसान (10.73 प्रतिशत) को पांच दिन बाद पाया गया। 4°C तापमान पर, भी पांच दिनों उपरान्त *एलियम फ्रेगरेन्स* में अधिकतम भार नुकसान (9.69 प्रतिशत) दर्ज किया गया। भण्डारण के चार दिनों (चार दिनों के उपरान्त पूरी तरह से सड़ जाने के कारण पांचवे दिन डाटा को नोट नहीं किया गया) में परिवेशी परिस्थितियों में भण्डारित नमूनों में भण्डारण समय में बढ़ोतरी होने के साथ साथ कुल फिनोल मात्रा में भी बढ़ोतरी का रूझान देखने को मिला । पांच दिनों के भण्डारण में 12°C तथा 4°C तापमान पर भण्डारित नमूनों में बढ़ोतरी और कमी का रूझान पाया गया।

biochemical changes in the stored samples were estimated after 2,3,4,5 and 6 days of storage.

Weight loss in the stored samples found maximum in ambient stored conditions followed by 12˚C stored and 4˚C stored. Maximum weight loss was observed at ambient conditions in *Allium* fragrance (23.766%) after four days (data was noted after five days as completely spoiled after four days). At 12˚C maximum weight loss was observed in *A. fragrance* (10.73%) after 5 days. At 4˚C also maximum weight losses was observed in *A. fragrance* after 5 days (9.69%). An increasing in total phenol content with storage time was observed in the samples stored at ambient conditions in four days of storage (data was noted after five days as completely spoiled after four days). An increasing and decreasing trend was observed in the samples stored at 12˚C and 4˚C in five days of storage.

चित्र 1.4 : भण्डारण के उपरान्त *एलियम* प्रजातियों में भौतिक बदलाव
Fig.1.4: Physical changes in *Allium* species after storage

सूखा दबाव परिस्थिति के अंतर्गत वन्य/अल्प दोहिता *एलियम* की जैव रासायनिक प्रतिक्रिया

सूखा दबाव परिस्थितियों के अंतर्गत वन्य/अल्प दोहिता *एलियम* के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए *ए. ऐंगुलोसम, ए. टयूबरोसम* तथा *ए. चाइनेन्सिस* के बीस विभिन्न वन्य/अल्प

Biochemical response of wild/ under-utilized *Alliums* under drought stress condition

Twenty different wild/ under-utilized *Alliums* of *A. angulosum, A. tubeorsum* and *A. chinensis* were taken and Bhima Dark Red (*A. cepa*) was taken as

दोहिता *एलियम* और नियंत्रण के रूप में भीमा डार्क रेड़ (*एलियम सीपा*) का मूल्यांकन किया गया। सभी पौधों को प्लास्टिक क्रेट में रोपा गया और संस्तुति के अनुसार गोबर की खाद, सिंचाई एवं उर्वरक की मात्रा एकसमान रूप से दी गई । दो माह बाद जब पौधे अच्छी तरह से जम गए तब सूखा दबाव परिस्थिति को आरोपित किया गया। जलापूर्ति को तीस दिनों के लिए रोक दिया गया। कंट्रोल पौधों के सेट में सिफारिश के अनुसार नियमित तौर पर सिंचाई की जाती रही। जैव रासायनिक पैरामीटर यथा फिनोल की मात्रा, फ्लैवोनॉइड्स की मात्रा, पाइरूविक अम्ल की मात्रा को देखा गया। जैसा कि चित्र 1 में दर्शाया गया है, सूखा दबाव परिस्थितियों में, इन वन्य/अल्प दोहिता *एलियम* में, जब संबंधित कंट्रोल और सूखा नमूनों की आपस में तुलना की गई तब फिनोल में प्रतिशत वृद्धि को सबसे अधिक आरएवाईकेओओ (*ए. चाइनेन्सिस*) (41.95%) एवं तदुपरान्त सीजीएन 16418 (*ए. ट्यूबरोसम*) (31.93%) तथा एनएमके 3241 (*ए. चाइनेन्सिस*) (29.08%) में दर्ज किया गया जबकि एनएमके 3229 (*ए. ट्यूबरोसम*) (11.16%) में सबसे कम दर्ज किया गया । पुन: जैसा कि चित्र 2 में दर्शाया गया है, सूखा दबाव वाली परिस्थितियों के तहत फ्लैवोनॉइड्स में प्रतिशत वृद्धि सबसे अधिक एनएमके 3247 (*ए. चाइनेन्सिस*) (63.49%) में एवं तदुपरान्त एमकेजी 83 (*ए. ट्यूबरोसम*) (55.02%) एवं एनएमके 84 (*ए. ट्यूबरोसम*) (48.20%) में दर्ज की गई जबकि जेके – एकेजी 15 (*ए. ट्यूबरोसम*) (21.30%) में यह सबसे कम दर्ज की गई। इसी प्रकार, जैसा कि चित्र 3 में दर्शाया गया है, सूखा दबाव परिस्थितियों के अंतर्गत पाइरूविक अम्ल की प्रतिशत वृद्धि सबसे अधिक जेके – एकेजी 15 (*ए. ट्यूबरोसम*) (34.38%) में एवं तदुपरान्त एनएमके 85 (*ए. ट्यूबरोसम*) (33.01%) तथा सीजीएन 15749 (*ए. ट्यूबरोसम*) (30.04%) में दर्ज की गई जबकि भीमा डार्क रेड़ (*ए. सीपा*) (10.10%) में इसे सबसे कमतर दर्ज किया गया। निष्कर्षत: सूखा दबाव परिस्थिति के अंतर्गत सबस बेहतर प्रदर्शन *ए. ट्यूबरोसम* प्रजाति ने एवं तदुपरान्त क्रमश: *ए. ऐंगुलोसम* और *ए. चाइनेन्सिस* प्रजाति ने किया।

वन्य *एलियम* प्रजातियों की ऑक्सीकरण रोधी क्षमता का मूल्यांकन

विविध सल्फर यौगिकों, तथा एंथोसायनिन एवं फ्लैवोनॉइड्स जैसे पॉली फिनोल्स के कारण विभिन्न फार्माकोलॉजीकल एवं चिकित्सीय गतिविधियों के लिए हाल ही में वन्य *एलियम* प्रजातियों के उपयोग की व्यापक सूचना मिली है। अनेक स्वास्थ्य संबंधी लाभ का इसकी पॉलीफिनोल मात्रा, सल्फर यौगिकों और ऑक्सीकरण रोधी गतिविधियों से मजबूत संबंध है। कुल फिनोल मात्रा, कुल

control to evaluate the performance of wild/ under-utilized *Alliums* under drought stress condition. All the plants were transplanted into plastic crates and FYM, irrigation, and fertilizer dozes were provided with the uniformity as per the recommendation. Drought stress condition was imposed after two months when proper establishment of plants take place. Supply of water was impeded for 30 days. The set of control plants was irrigated regularly as per the recommendation. The biochemical parameters such as phenols content, flavonoids content, pyruvic acid were carried out. Among these wild/ under-utilized *Alliums*, when the respective control and drought samples were compared, the percent increase in phenols was recorded higher in Raykoo (*A. chinensis*) (41.95%) followed by CGN 16418 (*A. tuberosum*) (31.93%) and NMK 3241 (*A. chinensis*) (29.08%), whereas lower was recorded in NMK 3229 (*A. tuberosum*) (11.16%) under drought stress condition as mentioned in Fig. 1. Further, the percent increase in flavonoids was recorded higher in NMK 3247 (*A. chinensis*) (63.49%) followed by MKG 83 (*A. Tuberosum*) (55.02%) and NMK 84 (*A. tuberosum*) (48.20%), whereas lower was recorded in JK- AKG-15 (*A. tuberosum*) (21.30%) under drought stress condition as shown in Fig. 2. Similarly, the percent increase in pyruvic acid was recorded higher in JK- AKG-15 (*A. tuberosum*) (34.38%) followed by NMK 85 (*A. tuberosum*) (33.01%) and CGN 15749 (*A. tuberosum*) (30.04%), whereas lower was recorded in Bhima Dark Red (*A. cepa*) (10.10%) under drought stress condition as shown in Fig. 3. In conclusion, *A. tuberosum* species performed better followed by *A. angulosum*, and *A. chinensis* under drought stress condition.

Evaluation of antioxidants potentials of wild *Allium* species:

Recently wild *Allium* spp. widely reported for various pharmacological and therapeutic activities owing to the diverse sulfur compounds, polyphenols such as anthocyanins and flavonoids. Many of the health benefits are strongly associated with its polyphenols content, sulfur compounds and its antioxidant activities. Ten wild *Allium*

फ्लैवोनॉइड मात्रा तथा कुल थायोसल्फीनेट मात्रा के लिए दस वन्य *एलियम* प्रजातियों की स्क्रीनिंग की गई और डीपीपीएच आमाप, एफआरएपी आमाप तथा एबीएस आमाप के माध्यम से क्षमताशील ऑक्सीकरण रोधी गतिविधि का मूल्यांकन किया गया। कुल फिनोल मात्रा को सबसे अधिक ए. *फ्रेगरेन्स* (50.26 ± 2.09mg/100gFW) में एवं तदुपरान्त ए. *ऐंगुलोसम* 49.43 ± 1.33 mg/100gFW) तथा ए. *चाइनेन्सिस* (39.43 ± 0.69 mg/100gFW) में दर्ज किया गया जबकि सबसे कम ए. *आल्टाइकम* (23.22 ± 0.47mg/100gFW) में दर्ज किया गया। कुल फ्लैवोनॉइड मात्रा को उच्चतम स्तर पर ए. *फ्रेगरेन्स* (34.68 ± 11.08 mg/100gFW) में एवं तदुपरान्त ए. *ऐंगुलोसम* (34.04 ± 8.25 mg/100gFW) तथा ए. *चाइनेन्सिस* (27.18 ± 2.67 mg/100gFW) में दर्ज किया गया जबकि न्यूनतम स्तर में इसे ए. *ट्यूबरोसम* (6.3 ± 0.69mg/100gFW) में दर्ज किया गया। कुल थायोसल्फीनेट मात्रा को उच्चतर स्तर पर ए. ऐंगुलोसम (6.63 ± 0.04 69 mg/100gFW) में एवं न्यूनतम स्तर पर ए. *लाडेबोरमम* (0.53±0.07 69 mg/100gFW) में दर्ज किया गया। कुल ऑक्सीकरण रोधी गतिविधि का मूल्यांकन ट्रॉलोक्स समतुल्य के रूप में किया गया जो कि टोकोफिरॉल (विटामिन ई) का एक जल घुलनशील सादृश्य है और µmol TEAC/gFW के रूप में प्रकट किया गया। सभी तीनों विधियों के अंतर्गत अधिकतम ऑक्सीकरण रोधी गतिविधि को ए. *फ्रेगरेन्स* में एवं तदुपरान्त ए. *ऐंगुलोसम* में दर्ज किया गया जबकि ए. *सीपा* किस्म *एग्रीगेटम* एवं ए. *आल्टाइकम* में न्यूनतम ऑक्सीकरण रोधी गतिविधि दर्ज की गई।

species were screened for Total Phenol Content (TPC), Total Flavonoid Content (TFC) and Total Thiosulfinate Content (TTC) and Potential antioxidant activity were evaluated through DPPH assay, FRAP assay and ABS assay. TPC was recorded maximum in *A. fragrance* (50.26 ±2.09 mg/100gFW), followed by *A.angulosum* (49.43±1.33 mg/100gFW) and *A.chinensis* (39.43±0.69 mg/100gFW) while observed minimum in *A.altaicum* (23.22±0.47 mg/100gFW). TFC was recorded maximum in *A. fragrance* (34.68 ±11.08 mg/100gFW), followed by *A.angulosum* (34.04±8.25 mg/100gFW) and *A.chinensis* (27.18±2.67 mg/100gFW) while observed minimum in *A. tuberosum* (6.3±0.69 mg/100gFW). Total Thiosulfinate Content (TTC) was observed maximum in *A.angulosum* (6.63±0.04 69 mg/100gFW) and minimum in *A.ladebouramum* (0.53±0.07 69 mg/100gFW). Total antioxidant activity was evaluated as Trolox equivalent which a water soluble analogue of Tocopherol (Vitamin E) and expressed as µmol TEAC/gFW. Antioxidant activity was observed maximum in *A. fragrance* followed by *A.angulosum* and *A.chinensis* in all the three methods while *A.cepa var. aggrgutam* and *A. altaicum* has lowest antioxidant activity.



चित्र 1.5 : सूखा दबाव परिस्थिति के अंतर्गत वन्य/अल्प दोहिता *एलियम* में फिनोल मात्रा में परिवर्तन
Fig.1.5: Changes in phenols content in wild/ under-utilized *Alliums* under drought stress condition





चित्र 1.6 : सूखा दबाव परिस्थिति के अंतर्गत वन्य/अल्प दोहिता *एलियम* में *फ्लैवोनॉइड्स* मात्रा में परिवर्तन
Fig.1.6: Changes in flavonoids content in wild/ under-utilized *Alliums* under drought stress condition

चित्र 1.7 : सूखा दबाव परिस्थिति के अंतर्गत वन्य/अल्प दोहिता *एलियम* में पाइरूविक अम्ल मात्रा में परिवर्तन
Fig.1.7: Changes in pyruvic acid content in wild/ under-utilized *Alliums* under drought stress condition

तालिका 1.5 : विभिन्न *एलियम* प्रजातियों की जैव रासायनिक विशेषताएं
Table 1.5: Biochemical properties of different *Allium* species

एलियम प्रजाति *Allium* species	कुल फ्लेवॉनाइड मात्रा (मिग्रा./100 ग्राम ताजा भार) TFC (mg/100gFW)	कुल फिनोल मात्रा (मिग्रा./100 ग्राम ताजा भार) TPC (mg/100gFW)	कुल थायोसल्फीनेट मात्रा (गोश्र/ग्राम ताजा भार) TTC (µmol/gFW)
ए. शूनोप्रासम/*A. schenoparasumn*	10.93 ± 0.82	32.6 ± 0.62	3.1 ± 0.06
ए. ऐंगुलोसम/*A. angulosum*	34.04 ± 8.25	49.43 ± 1.33	3.29 ± 0.05
ए. हुकराई/*A. hookeri*	6.42 ± 1.37	29.14 ± 0.65	1.73 ± 0.09
ए. ट्यूबरोसम/*A. tuberosum*	6.3 ± 0.69	30.27 ± 0.42	6.63 ± 0.04
ए. चाइनेन्सिस/*A. chinensis*	27.18 ± 2.67	39.49 ± 0.69	2.69 ± 0.06

Continued on next page.....

Continued from previous page.....

एलियम प्रजाति ***Allium* species**	कुल फ्लेवॉनाइड मात्रा (मिग्रा./100 ग्राम ताजा भार) **TFC (mg/100gFW)**	कुल फिनोल मात्रा (मिग्रा./100 ग्राम ताजा भार) **TPC (mg/100gFW)**	कुल थिओसल्फीनेट मात्रा (गोश्र/ग्राम ताजा भार) **TTC (µmol/gFW)**
ए. *फ्रेगरेन्स/A. fragrance*	34.68± 11.08	50.26 ± 2.09	1.72 ± 0.13
ए. *लाडेबोरमम/A. ladebouramun*	11.91 ± 0.71	26.84 ± 0.87	0.53 ± 0.07
ए. *फिस्टुलोसम/A. fistulosum*	14.89 ± 1.92	36.52 ± 1.51	2.37 ± 0.09
ए. *सीपा* किस्म एग्रीगेटम *A.cepa var.aggragutam*	9.74 ± 1.12	24.43 ± 1.02	1.32 ± 0.06
ए. *आल्टाइकम* पॉल/*A. altaicum pall*	6.94 ± 0.89	23.22 ± 0.47	0.93 ± 0.07

तालिका 1.6 : विभिन्न *एलियम* प्रजातियों की ऑक्सीकारण रोधी विशेषताएं

Table 1.6: Antioxidant properties of different *Allium* species

एलियम प्रजाति ***Allium* species**	एबीटीएस **ABTS**		डीपीपीएच **DPPH**		एफआरएपी **FRAP**
	निरोध (प्रतिशत) **Inhibition (%)**	टीईएसी (µmol/ग्राम ताजा भार) **TEAC (µmol/gFW)**	निरोध (प्रतिशत) **Inhibition (%)**	टीईएसी (µmol/ग्राम ताजा भार) **TEAC (µmol/gFW)**	टीईएसी (µmol/ग्राम ताजा भार) **TEAC (µmol/gFW)**
ए. *शूनोप्रासम* *A. schenoparasum*	37.39+4.71	0.89+0.22	17.82+3.5	1.04+0.25	0.92+0.1
ए. *ऐंगुलोसम* *A. angulosum*	98.29+1.62	3.88+0.06	30.27+3.97	2.09+0.32	2.24+0.1
ए. *हुकराई* *A. hookeri*	72.92+0.5	2.11+0.09	13.18+3.78	0.8+0.29	0.88+0.09
ए. *ट्यूबरोसम* *A. tuberosum*	64.94+0.63	1.94+0.04	13.7+3.86	0.89+0.38	1.36+0.14
ए. *चाइनेन्सिस* *A. chinensis*	98.14+1.98	2.96+0.06	38.76+2.55	2.36+0.19	2.83+0.27
ए. *फ्रेगरेन्स* *A. fragrance*	99.48+1.44	3.7+0.04	44.67+4.81	2.75+0.36	5.43+0.48
ए. *लाडेबोरमम* *A. ladebouramun*	68.51+3.6	1.78+0.26	13.93+4.41	0.81+0.39	1.36+0.29
ए. *फिस्टुलोसम* *A. fistulosum*	77.52+3.27	2.39+0.13	16.77+6.08	1.1+0.49	1.34+0.14
ए. *सीपा* किस्म एग्रीगेटम *A. cepa* var. aggragutam	25.79+4.8	0.5+0.26	9.01+4	0.49+0.38	0.85+0.1
ए. *आल्टाइकम* पॉल *A. altaicum* pall	34.8+2.66	0.84+0.25	8.43+3.24	0.47+0.31	0.76+0.12

एलियम टयूबरोसम के संबंध में उपभोक्ता की पसंद

राजगुरूनगर शहर तथा निकटवर्ती गांवों में वर्तमान अध्ययन किया गया। यादच्छिक रूप से चयन किए गए 180 परिवारों को 300 ग्राम *एलियम टयूबरोसम* का एक–एक बंडल दिया गया। प्रतिवादियों से अपनी इच्छानुसार खाद्य व्यंजन तैयार करने के लिए कहा गया। एक सप्ताह के उपरान्त प्रतिवादियों ने उनके द्वारा तैयार किए गए उत्पाद और इसकी खरीद के लिए उनकी इच्छा के बारे में पूछा गया। संरचित साक्षात्कार अनुसूची की मदद से सूचना का संकलन किया गया। प्रतिवादियों से संकलित किए गए आंकड़ों का विश्लेषण किया गया और इस कार्य में वर्णनात्मक सांख्यिकी और द्विपद लॉजीस्टिक समाश्रयण का उपयोग किया गया।

Consumer preference of *Allium tuberosum*

The study was carried out in Rajgurunagar town and nearby villages. A bundle of 300 gm *Allium tuberosum* was supplied to the 180 randomly selected households. The respondents were asked to prepare the dishes as per their willingness. After a week the respondents were asked to provide feedback about the products prepared and willingness to purchase. The information has been collected with the help of structured interview schedule. The data collected from respondents was analyzed by using descriptive statistics and binery logistic regression.

तालिका 1.7 : प्रतिवादियों की व्यक्तिगत प्रोफाइल
Table 1.7: Personnel profile of the respondents

पैरामीटर / Parameters	श्रेणी / Categories	आवृति / Frequency	प्रतिशत / Percentage
आयु (वर्ष) Age (Years)	युवा (35 वर्ष तक) Young (up to 35)	51	28.33
	मध्य आयु वर्ग (36 – 50) Middle (36- 50)	100	55.56
	वृद्ध (50 वर्ष से अधिक) Old (more than 50)	29	16.11
लिंग / Gender	पुरूष / Male	59	32.78
	महिला / Female	121	67.22
शैक्षणिक योग्यता Educational Qualification	स्नातकोत्तर Post graduate	11	6.11
	स्नातक / Graduate	26	14.44
	हायर सेकेण्डरी Higher secondary	26	14.44
	सेकेण्डरी / Secondary	84	46.67
	प्राइमरी / Primary	15	8.33
	निरक्षर / Illiterate	18	10.00
व्यवसाय / Occupation	नौकरी / Job	37	20.56
	गृहिणी / Housewife	73	40.56
	खेती / Farming	67	37.22
	व्यवसाय / Business	3	1.67

Continued on next page.....

Continued from previous page.....

पैरामीटर /Parameters	श्रेणी/Categories	आवृति/Frequency	प्रतिशत/Percentage
परिवार में सदस्यों की संख्या No. of family members	एकल परिवार Nuclear family	132	73.33
	संयुक्त परिवार/Joint family	48	26.67
मासिक आय (रूपये) Monthly Income (Rs.)	<10000	53	29.44
	10000-25000	74	41.11
	25000-50000	29	16.11
	50000-75000	15	8.33
	>75000	9	5.00

प्रतिवादियों के सामाजिक – आर्थिक प्रोफाइल विवरण से पता चलता है कि 55.56 प्रतिशत प्रतिवादी मध्यम आयु श्रेणी (36 से 50 वर्ष) से एवं तदुपरान्त 28.33 प्रतिशत प्रतिवादी युवा आयु श्रेणी (35 वर्ष से कम) से संबंधित थे जबकि शेष 16.11 प्रतिशत प्रतिवादी वृद्धावस्था श्रेणी (50 वर्ष से अधिक) से संबंधित थे। तालिका में यह इंगित होता है कि 67.22 प्रतिशत प्रतिवादी महिलाएं थीं जबकि 32.78 प्रतिवादी पुरूष थे। अधिकांश प्रतिवादियों (46.67 प्रतिशत) के पास सेकेण्डरी शिक्षा थी एवं तदुपरान्त 14.44 प्रतिशत के पास उच्चतर सेकेण्डरी शिक्षा एवं स्नातक, 8.33 प्रतिशत के पास प्राइमरी शिक्षा थी जबकि 6.11 प्रतिशत प्रतिवादी स्नातकोत्तर थे। शेष 10.00 प्रतिशत प्रतिवादी निरक्षर थे। प्रतिवादियों में गृहणियों (40.56 प्रतिशत) की संख्या सबसे अधिक थी एवं तदुपरान्त किसानों (37.22 प्रतिशत), नौकरी पेशा (20.56 प्रतिशत) वाले प्रतिवादी शामिल थे जबकि शेष 1.67 प्रतिशत प्रतिवादियों का अपना स्वयं का व्यवसाय था। तालिका 1 से यह पता चला कि अधिकांश प्रतिवादी (73.33 प्रतिशत) एकल परिवार से संबंधित थे जबकि 26.67 प्रतिशत प्रतिवादी संयुक्त परिवार के साथ जुड़े हुए थे। यह पाया गया कि लगभग 41.11 प्रतिशत प्रतिवादियों की मासिक आय रूपये 10,000 से 25,000/– के बीच थी एवं तदुपरान्त 29.44 प्रतिशत प्रतिवादियों की मासिक आय रूपये 10,000/– से कम थी, 16.11 प्रतिशत की मासिक आय रूपये 25,000 से 50,000/– के बीच, 8.33 प्रतिशत की मासिक आय रूपये 50,000 से 75,000 के बीच और 5.00 प्रतिशत प्रतिवादी उच्च आय वर्ग यथा प्रति माह रूपये 75,000/– से अधिक से संबंधित थे।

The details of socio- economic profile of the respondents depicted that 55.56 percent of the respondents belong to middle age category (36-50 years) followed by 28.33 percent of the respondents belong to the young age category (<35 years) and remaining 16.11 percent respondent were in the old age category (>50). In table indicated that 67.22 percent were female and 32.78 percent were male respondents. Majority (46.67 percent) were having secondary education followed by 14.44 percent were possessed higher secondary education and graduate, 8.33 percent respondent were having primary education and 6.11 percent respondent were post graduate, respectively. Remaining 10.00 percent of the respondents were illiterate. Most of the (40.56 %) respondents were housewives followed by farmer (37.22 %), job (20.56 %) and remaining 1.67 percent respondent were owned their business. It was revealed from table 1 that majority (73.33 percent) of the respondent's belonged to nuclear family followed by joint family's (26.67 %). It was found that around 41.11 percent of the respondents had monthly income in between Rs.10000 to Rs.25000 followed by (29.44 %) with less than Rs. 10000 income, 16.11 per cent within range of Rs. 25000 to Rs. 50000, 8.33 per cent ranging from Rs. 50000 to Rs. 75000 and 5.00 per cent in higher income group i.e. more than Rs. 75000 respectively.



चित्र 1.8 : हरी प्याज की खपत आवृति
Fig. 1.8: Frequency of consumption of green onion



चित्र 1.9 : ए. टयूबरोसम द्वारा की गई प्रतिशत तैयारी
Fig.1.9: Percent preparations made by *A. tuberosum*

तालिका 1.8 : दैनिक जीवन/कुकिंग व्यंजन में उपयोग किए जाने वाले प्याज एवं *ए. टयूबरोसम* की विभिन्न श्रेणियां

Table 1.8: Different categories of onion and *A. tuberosum* uses in routine life/cooking recipes

पैरामीटर Parameters	श्रेणी/Categories	कुल /Total	प्रतिशत/Percentage
प्याज खाने की आवृति Frequency of eating onion leaves	दैनिक /Daily	3	1.67
	एक सप्ताह में दो से तीन बार Two to three times a week	10	5.56
	सप्ताह में एक बार/Once a week	20	11.11

Continued on next page.....

Continued from previous page.....

पैरामीटर Parameters	श्रेणी/Categories	कुल /Total	प्रतिशत/Percentage
	एक माह में दो से तीन बार Two to three times a month	41	22.78
	माह में एक बार/Once a month	39	21.67
	कभी–कभी/Somewhere	66	36.67
ए. *टयूबरोसम* से तैयार Preparations made of *A. tuberosum*	कच्ची सलाद Raw salad	7	3.89
	सब्जी/Subji	84	46.67
	पकोड़ा/Pakoda	113	62.78
	दाल/Dal	1	0.56
	सूप/Soup	2	1.11
	चाइनीज नूडल्स/Chinese noodles	0	0.00
	अन्य/Others	5	2.78

अधिकांश प्रतिवादियों ने प्याज का सेवन बार–बार कम किया यथा 36.67 प्रतिशत प्रतिवादियों ने इसका सेवन कभी–कभी किया एवं तदुपरान्त 22.78 प्रतिशत प्रतिवादियों ने इसका सेवन महीने में दो से तीन बार, 21.67 प्रतिशत ने एक महीने में एक बार तथा 11.11 प्रतिशत ने एक सप्ताह में एकबार इसका सेवन किया। चित्र 1.9 में ए. टयूबरोसम का उपयोग करके प्रतिवादियों द्वारा तैयार किए गए खाद्य व्यंजन को दर्शाया गया है। इनमें, 62.78 प्रतिशत प्रतिवादियों ने इसका उपयोग पकोडा बनाने में एवं तदुपरान्त 46.67 प्रतिशत प्रतिवादियों ने सब्जी बनाने में, 3.89 प्रतिशत ने कच्ची सलाद के रूप में, 2.78 प्रतिशत ने अन्य उपयोग में, 1.11 प्रतिशत ने सूप बनाने में और 0.56 प्रतिशत ने दाल बनाने में इसका उपयोग किया।

Majority of the respondents ate Onion less frequently i.e. sometimes 36.67 percent, followed by twice to thrice a month (22.78 %), once in a month (21.67%) and once in a week (11.11%).Fig. 1.9 showed various preparations made by the respondents using *A. tuberosum*. Out of these 62.78 percent respondents prepared pakoda's followed by veg subji (46.67 %), raw salad (3.89 %), others (2.78%) soup (1.11 %) and dal (0.56 %).



चित्र 1.10 : ए. *टयूबरोसम* की महसूस की गई गुणवत्ता
Fig.1.10: Perceived quality of *A. tuberosum*

तालिका 1.9 : ए. *टयूबरोसम* की गुणवत्ता एवं सूचकांक

Table1.9: Quality and index of *A. tuberosum*

ए. *टयूबरोसम* की गुणवत्ता **Quality of *A. tuberosum***	सूचकांक/**Index**
ताजापन/Freshness	81.67
रंग/Colour	71.11
कठोरता/Stiffness	65.00
मधुरता/Sweetness	41.67
स्वाद /Taste	78.89
महक/गंध/Flavour / smell	67.44
स्वास्थ्य लाभ/Health benefits	68.11
जीवन काल अथवा निधानी आय/Shelf life	65.22

तालिका 1.9 से पता चलता है कि 81.67 प्रतिशत प्रतिवादियों ने ताजापन को सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता पैरामीटर माना एवं तदुपरान्त 78.89 प्रतिशत ने जांच को, 71.11 प्रतिशत ने रंग को, 68.11 प्रतिशत ने स्वास्थ्य लाभ को, 67.44 प्रतिशत ने गंध को, 65.22 प्रतिशत ने जीवन काल अथवा निधानी आयु को, 65.00 प्रतिशत ने कठोरता को तथा 41.67 प्रतिशत प्रतिवादियों ने मीठेपन को सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता पैरामीटर माना।

The Table 1.9 revealed that the respondents perceived best quality parameter as freshness with score (81.67) followed by test (78.89), colour (71.11), health benefits (68.11), smell (67.44), shelf life (65.22), stiffness (65.00) and sweetness (41.67) respectively.

प्याज जननद्रव्य का संकलन, मूल्यांकन, संरक्षण तथा प्रलेखन

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय को देश में लहसुन जननद्रव्य संकलन एवं संरक्षण के लिए राष्ट्रीय सक्रिय जननद्रव्य स्थल के रूप में चिन्हित किया गया है। भाकृअनुप – राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो के साथ सहयोग करते हुए महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तमिल नाडु में किए गए व्यापक जननद्रव्य सर्वे में गहरे लाल, हल्के लाल, सफेद और पीले रंग की प्याज किस्मों का एक जीनपूल बनाने में मदद मिली। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से राष्ट्रीय सर्वे करने के अलावा, भाकृअनुप – राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो के माध्यम से यूएसडीए, संयुक्त राज्य अमेरिका; एवीआरडीसी, ताइवान; तथा आईपीके जर्मनी से प्याज एवं लहसुन के अनेक वंशक्रमों का आयात किया गया। इन उद्देश्यों के साथ इस परियोजना के अंतर्गत वांछनीय गुणों के लिए और साथ ही खेत परिस्थितियों में जैविक एवं अजैविक दोनों दबावों के लिए वन्य एवं कृष्ट एलियम का संकलन, संरक्षण, लक्षणवर्णन और मूल्यांकन किया गया। कुल मिलाकर लघु प्रदीप्ति काल तथा दीर्घ प्रदीप्ति काल वाले कुल 2200

Collection, evaluation, conservation and documentation of onion germplasm

ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research has been identified as a National Active Germplasm Site (NAGS) for garlic germplasm collection and conservation in the country. Extensive germplasm survey in Maharashtra, Gujarat, Madhya Pradesh, Karnataka, Andhra Pradesh, Orissa, Himachal Pradesh, West Bengal and Tamil Nadu in collaboration with NBPGR has yielded a gene pool of dark red, light red, white and yellow onion types. Apart from national survey through international collaborations, several lines of onion and garlic have been imported from USDA, USA; AVRDC Taiwan; and IPK Germany through NBPGR. With these aims, wild as well as cultivated Alliums were collected, conserved, characterized and evaluated under this project for desirable traits along with both biotic and abiotic stresses under field conditions.

जननद्रव्य हैं। *एलियम सीपा* (गहरा लाल, हल्का लाल, सफेद, पीला, गुलाब टाइप, बहुगुणक टाइप), ए. सैटाइवम , वन्य/अल्प दोहिता एलियम जननद्रव्य का रखरखाव भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय में किया जाता है वहीं दीर्घ प्रदीप्ति काल वाली किस्मों का रखरखाव भाकृअनुप – केन्द्रीय शीतोष्ण बागवानी संस्थान, श्रीनगर में किया जाता है। भाकृअनुप – राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो से आईसी संख्या हासिल की गईं और प्याज जननद्रव्य के बीजों को दीर्घावधि भण्डारण के लिए जमा कराया गया। संकलित किए गए प्याज एवं लहसुन जननद्रव्य का मूल्यांकन विभिन्न बागवानी लक्षणों अथवा गुणों के लिए किया जा रहा है।

लाल प्याज जननद्रव्य का मूल्यांकन

पछेती खरीफ (243 प्राप्तियां), रबी (210 प्राप्तियां) तथा खरीफ (197 प्राप्तियां) के दौरान तुलनीय किस्मों के साथ लाल प्याज जननद्रव्य का मूल्यांकन किया गया। सभी प्याज प्राप्तियों का लक्षणवर्णन 24 प्रमुख गुणों के लिए किया गया। भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे में मध्यावधि भण्डारण सुविधा में 584 लाल प्याज जननद्रव्य के बीजों को संरक्षित किया गया है।

पछेती खरीफ मौसम के दौरान लाल प्याज जननद्रव्य का मूल्यांकन

पछेती खरीफ मौसम के दौरान, शीर्ष सात प्राप्तियों (1481, 1427, 1566, 1620, 1360, 1288 तथा 1392) में 61 टन/हे. से भी अधिक की विपणन योग्य उपज उत्पन्न हुई और इनके द्वारा सर्वश्रेष्ठ तुलनीय किस्म भीमा किरन (39.70 टन/हे.) से बेहतर प्रदर्शन किया गया तथा साथ ही प्राप्ति 1566, 1288 तथा 1392 को छोड़कर अन्य सभी प्राप्तियां जोड़ वाले कंदों से भी मुक्त थीं। तीन प्राप्तियों में 62 प्रतिशत से भी अधिक विपणन योग्य उपज और 109 से 148 ग्राम का औसत कंद भार दर्ज किया गया। भण्डारण के चार माह उपरान्त न्यूनतम भण्डारण नुकसान को प्राप्ति 1752 (14.31%) में एवं तदुपरान्त क्रमश: 1481 (17.67%), 1255 (19.29%), 1210 (20.27%) तथा 1466 (21.16%) में दर्ज किया गया जबकि तुलनीय किस्म भीमा शक्ति में यह 39.32 प्रतिशत था।

पछेती खरीफ मौसम के दौरान लाल प्याज में तोर वाले कंदों के प्रति सहिष्णु जननद्रव्य का मूल्यांकन

followed by W-009, W-355, W-448, and RGP-2 under stress condition with less than 20-25% change in bulb weight compared to control (Figure 4.17). Whereas, W-344, W-396, and Acc. 1627 showed poor plant stand, high leaf senescence rate, lower plant water status (40-50%), more membrane damage as reflected poor MSI (25-35%) and low antioxidant enzyme activity. Sensitive genotype Acc. 1627 failed to produce marketable sizes bulbs. The results of the present study showed that Acc. 1656 had better drought tolerance traits. Hence, this genotype can be directly used in breeding program for developing drought tolerant cultivars.



चित्र 4.17 : सूखा दबाव में प्रतिकूल प्याज जीनप्ररूपों में कंदीय उपज नुकसान प्रतिशत
Fig. 4.17: Percent bulb yield losses in contrasting onion genotypes subjected to drought stress

सूखा दबाव में प्याज फसल की वृद्धि पर वीएएम तथा *पिरिफार्मोस्पोरा इण्डिका* टीकाकरण का प्रभाव

रबी 2019–20 के दौरान प्याज की व्यावसायिक किस्म भीमा शक्ति में वीएएम तथा *पिरिफार्मोस्पोरा इण्डिका* के टीकाकरण के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए एक खेत परीक्षण किया गया। रबी मौसम में पौध रोपण करने से पहले जड़ों को दो घंटे तक वीएएम तथा *पी. इण्डिका* संवर्धन में डुबोकर पौद उपचार किया गया। पौध रोपण के 50 से 75 दिनों बाद सिंचाई को रोककर कृत्रिम सूखा दबाव परिस्थिति आरोपित की गई। वीएएम से उपचारित और कंट्रोल की तुलना में अच्छी तरह से सिंचित परिस्थिति में पी. इण्डिका से उपचारित पौद में कहीं उच्चतर कंदीय उपज उत्पन्न हुई (चित्र 4.18)। अच्छी तरह से सिंचित

Impact of VAM and *Piriformospora indica* inoculation on onion crop growth subjected to drought stress

A field experiment was conducted to evaluate the effect of VAM and *Piriformospora indica* inoculation in onion cv. Bhima Shakti during *Rabi* 2019-20. The seedlings were treated by dipping roots in VAM and *P. indica* culture for two hours before transplanting. Drought stress was imposed 50-75 days after transplanting by withholding irrigation. *P. indica* treated seedlings produced higher bulb yield under well-watered condition compared to VAM treated and control plants

परिस्थिति की तुलना में सूखा दबाव परिस्थिति में कंदीय उपज में उल्लेखनीय रूप से कमी देखने को मिली। हालांकि, जल दबाव के अंतर्गत वीएएम तथा *पी. इण्डिका* से उपचारित पौद में कंदीय उपज प्रदर्शन में सुधार देखने को मिला। परिणामों से यह पुष्टि होती है कि वीएएम तथा *पी. इण्डिका* का टीकाकरण उपचार करने से सूखा दबाव परिस्थिति के अंतर्गत पौधा बढ़वार और कंदीय उपज में सुधार होता है।

(Figure 4.18). Bulb yield was significantly declined under drought stress compared to well-watered condition. However, improvement in bulb yield performance was recorded in VAM and *P. indica* treated seedlings under water stress. The findings thus confined that VAM and *P. indica* inoculation improves the plant growth and bulb yield under drought stress.



चित्र 4.18 : सूखा दबाव के तहत प्याज की कंदीय उपज पर वीएएम तथा *पिरिफार्मोस्पोरा इण्डिका* उपचार का प्रभाव, वीएएम : वेसिकुलर अर्बस्कुलर मायकोराइजी, Pi : *पिरिफार्मोस्पोरा इण्डिका* , C : नियंत्रण

Fig. 4.18: Effect of VAM and *Piriformospora indica* treatment on onion bulb yield under drought stress, VAM: Vesicular arbuscular mycorrhizae, Pi: *Piriformospora indica,* C: Control

जल भराव दबाव के अंतर्गत प्याज फसल की बढ़वार पर वीएएम तथा *पिरिफार्मोस्पोरा इण्डिका* के टीकाकरण का प्रभाव

खरीफ 2020 के दौरान प्याज की व्यावसायिक किस्म भीमा सुपर में वीएएम तथा *पिरिफार्मोस्पोरा इण्डिका* के टीकाकरण के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए एक खेत परीक्षण किया गया। पौध रोपण करने से पहले जड़ों को दो घंटे तक वीएएम तथा *पी. इण्डिका* संवर्धन में डुबोकर पौद उपचार किया गया। लगातार दस दिनों तक बाढ़ एवं स्प्रिंक्लर सिंचाई करके खेत में 100 प्रतिशत मृदा संतृप्त पर जलभराव परिस्थिति को बनाये रखा गया। कंट्रोल प्लॉटों अथवा सूक्ष्मजीव टीकाकरण वाले प्लॉटों में कंदीय उपज के मामले में कोई विशेष अन्तर देखने को नहीं मिला (चित्र 4.19)। हालांकि, जल भराव परिस्थिति के अंतर्गत, वीएएम तथा *पिरिफार्मोस्पोरा इण्डिका* के टीकाकरण से उपचारित पौद में अच्छी वसूली, बढ़ी हुई पौधा ऊंचाई, प्रकाश संश्लेषण की दृष्टि से

Impact of VAM and *Piriformospora indica* inoculation on onion crop growth subjected to water logging stress

A field experiment was conducted to evaluate the effect of VAM and *Piriformospora indica* inoculation in onion cv. Bhima Super during *kharif* 2020. The seedlings were treated by dipping roots in VAM and *P. indica* culture for two hours before transplanting. Waterlogging condition at 100% soil saturation was maintained in field by flood and sprinkler irrigation continuously 10 days. No significant difference was recorded for bulb yield in the control plots with or with microbial inoculations (Figure 4.19). However, seedlings treated with VAM and *P. indica* inoculated showed higher plant survival with good recovery, increased plant height, photosynthetically active

सक्रिय पत्तियों, शरीरक्रिया विज्ञान पैरामीटरों (बेहतर सेलुलर मेम्ब्रेन स्थिरता, क्लोरोफिल स्तर) तथा जैव रासायनिक संकेतकों (कुल फिनोल, प्रति–ऑक्सीकारक एंजाइम गतिविधि, एवं पाइरूविक अम्ल) के साथ उच्चतर पौधा उत्तरजीविता प्रदर्शित हुई। जलभराव परिस्थिति के अंतर्गत वीएएम तथा पिरिफार्मोस्पोरा इण्डिका के टीकाकरण वाले पौधों में सूक्ष्मजीव टीकाकरण रहित उपचार की तुलना में उल्लेखनीय रूप से कहीं उच्चतर कंदीय उपज उत्पन्न हुई। उपचारों के मध्य, जलभराव परिस्थिति के अंतर्गत, *पी. इण्डिका* की तुलना में वीएएम से उपचारित पौधों में उल्लेखनीय रूप से अच्छे आकार वाले कंदों के साथ कहीं उच्चतर उपज उत्पन्न हुई।

leaves, physiological parameters (better cellular membrane stability, chlorophyll level), and biochemical indicators (total phenol, antioxidant enzyme activity, and pyruvic acid) under waterlogging stress. VAM and *P. indica* inoculated plants produced significantly higher bulb yield under waterlogging in comparison to waterlogging treatment without microbial inoculation. Among the treatments, VAM treated plants produced significantly higher yield with good bulb size than *P. indica* under waterlogging condition.



चित्र 4.19 : जल भराव दबाव के तहत प्याज की कंदीय उपज पर वीएएम तथा *पिरिफार्मोस्पोरा इण्डिका* उपचार का प्रभाव, VAM: वेसिकुलर अर्बस्कुलर मायकोराइजी, Pi : *पिरिफार्मोस्पोरा इण्डिका* , C : नियंत्रण, WL : जल भराव

Fig. 4.19: Effect of VAM and *Piriformospora indica* treatment on onion bulb yield under water logging stress. VAM: Vesicular arbuscular mycorrhizae, Pi: *Piriformospora indica,* C: Control, WL: Water logging

रोपण की भिन्न तारीखों पर प्याज किस्मों का प्रदर्शन

प्याज की पौधा बढ़वार और उपज पर रोपण की छ: भिन्न तारीखों (1 एवं 15 दिसम्बर, 1 एवं 15 जनवरी तथा 1 एवं 15 फरवरी) के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए एक खेत परीक्षण किया गया। रबी मौसम 2019–20 के दौरान किए गए वर्तमान अध्ययन में प्याज की छ: भिन्न किस्मों (भीमा शक्ति, भीमा किरण, भीमा राज, भीमा डार्क रेड़, भीमा रेड़ तथा भीमा श्वेता) को आजमाया गया। दिनांक 1 दिसम्बर और 15 दिसम्बर को रोपी गई प्याज पौद में सभी छ: किस्मों की कंदीय उपज (35 से 40 टन/हे.) उल्लेखनीय रूप से कहीं ज्यादा थी (चित्र 4.20)। इसके अलावा, दिनांक 1 व 15 दिसम्बर और 1 जनवरी को रोपी गईं

Performance of onion varieties on different dates of planting

A field experiment was conducted to evaluate the effect of six different dates of planting (December 1 and 15, January 1 and 15, and February 1 and 15) on plant growth and yield of onion. Six onion varieties (Bhima Shakti, Bhima Kiran, Bhima Raj, Bhima Dark Red, Bhima Red and Bhima Shweta) were used for the present study during *rabi* 2019-20. The bulb yield of all the six varieties were significantly higher in onion transplanted on December 1 and December 15 (35-40 t/ha) (Figure 4.20). Furthermore, seedlings

पौद में दिनांक 15 जनवरी तथा 1 व 15 फरवरी को रोपी गईं पौद की तुलना में ए ग्रेड वाले कंदों की अधिक संख्या उत्पन्न हुई। दिनांक 15 जनवरी को रोपी गईं पौद में सभी छः किस्मों में बी ग्रेड वाले कंदों की अधिक संख्या दर्ज की गई। रोपण में और अधिक विलम्ब करने यथा 1 व 15 फरवरी को रोपाई करने पर पौधा बढ़वार और कंदीय उपज गंभीर रूप से प्रभावित हुई। इसके अलावा, दिनांक 1 व 15 फरवरी को रोपी गई सभी छः किस्मों की पौद में 5 टन/हे. से भी कम कंदीय उपज उत्पन्न हुई (चित्र 4.21)। परिणामों में प्रदर्शित हुआ कि 1 जनवरी के उपरान्त रोपाई करने पर सभी किस्मों में कंदीय उपज में उल्लेखनीय रूप से कमी देखने को मिली।

transplanted on December 1 and 15, and January 1 produced more number of A grade bulbs compared to the onion transplanted on January 15, and February 1 and 15. January 15 transplanting recorded more number of B grade bulbs in all six varieties. Further delay in transplanting *i.e.* on 1st and 15th February affected plant growth and bulb yield severely. Furthermore, all six onion varieties transplanted on February 1 and 15 produced bulb yield of less than 5 t/ha (Figure 4.21). This results showed that ttransplanting after January 1 significantly reduced the bulb yield in all the varieties.



चित्र 4.20 : प्याज की कंदीय उपज पर रोपण की भिन्न तारीखों का प्रभाव
Fig. 4.20: Effect of different date of planting on onion bulb yield



चित्र 4.21 : प्याज के कंद आकार पर रोपण की भिन्न तारीखों का प्रभाव
Fig. 4.21: Effect of different date of planting on onion bulb size

प्याज बीजों में आयु उत्प्रेरित नुकसान में 5–एजासाइटीडिन के साथ बीजोपचार करके कमी लाना

अंकुरण तथा ओजता के संबंध में 5–एजासाइटीडिन के साथ पुराने प्याज बीजों का उपचार करने के प्रभाव का मूल्यांकन किया गया। प्याज की दो किस्मों यथा भीमा राज तथा भीमा रेड़ के बीजों को 0 (कंट्रोल), 10, 25 अथवा 50 गस प्रति/मिलि. 5–एजासाइटीडिन (एक डीएनए डिमिथाइलेटिंग एजेन्ट) के साथ उपचारित किया गया। परिणामों में प्रदर्शित हुआ कि 5–एजासाइटीडिन के साथ उपचार करने पर बीज अंकुरण, पौद लंबाई, पौद का शुष्क भार तथा बीज के ओजता सूचकांक में बिना उपचार वाले कंट्रोल के मुकाबले में सुधार आया। 5–एजासाइटीडिन का उपचार करने पर सुपर–ऑक्साइड डिस्मुटेज गतिविधि और कुल प्रति–ऑक्सीकारक क्षमता भी बढ़ी (चित्र 4.22 एवं 4.23)। इस अध्ययन में यह प्रदर्शित हुआ कि 5–एजासाइटीडिन उपचार में पुराने प्याज बीजों की जीवनक्षमता और ओजता को बढ़ाने की क्षमता है। इसके अलावा, इस अध्ययन में बीज वृद्धावस्था की प्रक्रिया को समझने में डीएनए मिथाइलेशन की भूमिका का पुन: पता लगाने के लिए समलक्षणी और जैव रासायनिक डाटा भी उपलब्ध होता है।

Seed treatment with 5-azacytidine reduces ageing-induced damage in onion seeds

The effect of treating aged onion seeds with 5-azacytidine on germination and vigour was evaluated. Seeds of two onion varieties, Bhima Raj and Bhima Red were treated with 0 (control), 10, 25 or 50 µg mL^{-1} 5-azacytidine (a DNA demethylating agent). The results showed that 5-azacytidinetreatment enhanced seed germination, seedling length, seedling dry weight and seed vigour indices in comparison with the control without treatment. 5-azacytidine treatment also increased superoxide dismutase activity and total antioxidant capacity (Figure 4.22 and 4.23). This study showed that 5-azacytidine treatment has the potential to enhance the viability and vigour of aged onion seeds. Furthermore, this study provides phenotypic and biochemical data for further exploring the role of DNA methylation in understanding the process of seed ageing.



चित्र 4.22 : सुपर–ऑक्साइड डिस्मुटेज गतिविधि पर 5–एजासाइटीडिन के साथ बीज उपचार करने के प्रभाव। वर्टिकल बार द्वारा चार पुनरावृतियों (n=4) के औसत मान औ ड.ए को दर्शाया गया है।

Fig. 4.22: Effects of seed treatment with 5-azacytidine on activity. The vertical bars represent the mean values ± S.E of four replicates (n= 4)



चित्र 4.23 : कुल ऑक्सीकरन रोधी गतिविधि पर 5–एजासाइटीडिन के साथ बीज उपचार करने का प्रभाव। वर्टिकल बार द्वारा चार पुनरावृतियों (n=4) को दर्शाया गया है। किस्म के भीतर विभिन्न लेटर्स से विभिन्न 5–एजासाइटीडिन मात्रा के अंतर्गत उल्लेखनीय भिन्नता ($P < 0.05$) का पता चलता है।

Fig. 4.23: Effect of seed treatment with 5-azacytidine on total antioxidant activity . The vertical bars represent the mean of four replicates (n = 4). Different letters within a variety indicate significant difference under different 5-aza concentration ($P < 0.05$).

इथेफॉन द्वारा अवशयन में कमी और प्याज में बीज उपज एवं गुणवत्ता में वृद्धि

प्याज फसल का प्रवर्धन बीजों के माध्यम से होता है और बीजीय फसल अनेक प्रकार के कवकीय, वायरल और जीवाण्विक रोगों से प्रभावित होती है जिसके कारण जहां अवशयन होता है वहीं बीज उपज और गुणवत्ता भी कम होती है। प्याज बीज फसल पर रोपण के 45 अथवा 45 एवं 60 दिनों बाद इथेफॉन की भिन्न सान्द्रता (0 नियंत्रण, 100, 200, 400, 600, 800 एवं 1000 पीपीएम) का छिड़काव किया गया ताकि बीज उपज और बीज गुणवत्ता पर इथेफॉन के प्रभाव का अध्ययन किया जा सके। नियंत्रण की तुलना में, इथेफॉन का प्रयोग करने पर पुष्पदंड की लंबाई और अवशयन में क्रमश: 38.7% व 42.5% की कमी आई। इसके साथ ही, नियंत्रण की तुलना में इथेफॉन का प्रयोग करने पर पुष्पदंड के व्यास और बीज उपज में क्रमश: 31.9% व 89.0% का सुधार देखने को मिला। इथेफॉन का छिड़काव करने पर भी बीज गुणवत्ता में सुधार हुआ। जब रोपण के 45 व 60 दिनों बाद 600 पीपीएम इथेफॉन का पौधों पर छिड़काव किया गया तब अधिकतम बीज अंकुरण और बीज ओजता दर्ज की गई जो कि नियंत्रण की तुलना में क्रमश: 19.0% व 51.7% अधिक थी। रोपाई के 45 दिनों बाद 100 पीपीएम इथेफॉन का छिड़काव करने वाले पौधों में अधिकतम पौद शुष्क भार पाया गया। उपचारों में, रोपण के 45 दिनों उपरान्त 100 एवं 200 पीपीएम इथेफॉन का प्रयोग करने पर कमतर अवशयन पाया गया वहीं साथ ही उच्चतर बीज उपज और बीज गुणवत्ता भी पाई गई। इसलिए रोपण

Ethephon Reduces Lodging and Enhances Seed Yield and Quality in Onion

Onion is propagated by seeds and the seed crop is affected by several fungal, viral and bacterial diseases which cause lodging and reduces the seed yield and quality. Onion seed crop was sprayed with different concentrations of ethephon (0 control, 100, 200, 400, 600, 800 and 1000 ppm) at 45 or 45 and 60 days after planting (DAP) to study the effect of ethephon on seed yield and seed quality. In comparison to the control, ethephon application significantly reduced scape length and lodging by 38.7% and 42.5%, respectively compared to the control. Furthermore, ethephon enhanced scape diameter and seed yield by 31.9% and 89.0%, respectively in comparison to the control. Ethephon spray also enhanced seed quality. The highest seed germination and seed vigour was recorded in plants sprayed with 600 ppm ethephon at 45 and 60 DAP which was 19.0% and 51.7% higher than the control. The highest seedling dry weight was observed in plants sprayed with 100 ppm ethephon at 45 DAP. Among the treatments, 100 and 200 ppm ethephon applied at 45 DAP had lower lodging and higher seed yield and seed quality. Hence spraying of

के 45 दिन बाद 100 पीपीएम की सान्द्रता पर इथेफॉन का प्याज की बीजीय फसल पर छिड़काव करना उच्चतर बीज उपज और गुणवत्ता को हासिल करने के लिए लाभदायक है।

प्याज बीज उत्पादन प्रणाली में प्याज परागकों पर अध्ययन

वन्य परागकों की चारा गतिविधि पर बाहरी चारदीवारी एवं अन्दरूनी पंक्ति में सरसों की रोपाई का प्रभाव

मूलज अथवा देशज परागकों के चारा भ्रमण को बढ़ाने के लिए प्याज की बीजीय फसल पर एक अध्ययन किया गया जिसमें बाहरी चारदीवारी के रूप में तथा अन्दरूनी पंक्ति फसल के रूप में सरसों फसल की रोपाई की गई (1 : 5)। प्याज कंदों की रोपाई करने के 15 दिनों उपरान्त प्लॉट की बाहरी चारदीवारी पर सरसों की एक पंक्ति अथवा कतार बोई गई और प्लॉट के अन्दर प्याज की प्रत्येक पांच कतारों के उपरान्त सरसों की एक कतार लगाई गई। प्रति इकाई समय (प्रति मिनट) और क्षेत्रफल (प्रति वर्ग मीटर) में प्रमुख देशज अथवा मूलज परागकों के भ्रमण और आवर्ती को समय–समय पर रिकॉर्ड किया गया। परिणामों में प्रदर्शित हुआ कि अकेली प्याज फसल (7.3 भ्रमण/5 मिनट/वर्ग मीटर) की तुलना में सरसों फसल की बुवाई करने पर परागकों के भ्रमण (12.4 भ्रमण/5 मिनट/वर्ग मीटर) में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई (तालिका 4.3)। विभिन्न प्रजातियों में, डंकरहित टेट्रागोनुला प्रजाति सबसे अधिक प्रबल आगन्तुक (24.3 भ्रमण/5 मिनट/वर्ग मीटर) थी जबकि इसके उपरान्त छोटी मधुमक्खी ए. फ्लोरिया (24.0 भ्रमण/5 मिनट/वर्ग मीटर) का स्थान था। भ्रमण अथवा दौरा करने की दर में उल्लेखनीय भिन्नता से पता चलता है कि बाहरी चारदीवारी और अन्दरूनी कतार के रूप में सरसों की बुवाई करने से मधुमक्खी की चारा ढूंढने की गतिविधि में और प्याज की बीजीय फसल में इनकी इकोसिस्टम सेवा में बढ़ोतरी होगी।

मधुमक्खियों को आकर्षित करने वाली सामग्री का उपयोग करके मधुमक्खियों की चारा ढूंढने के भ्रमण अथवा दौरे में बढ़ोतरी

प्याज की बीजीय फसल में वन्य परागकों के चारा ढूंढने के संबंध में किए जाने वाले भ्रमण अथवा दौरे पर मधुमक्खियों को आकर्षित करने वाली सामग्री के प्रभाव का पता लगाने के लिए एक खेत परीक्षण किया गया। इस परीक्षण में आकर्षित करने वाली चार प्रकार की सामग्री को शामिल किया गया था यथा T1 – गन्ने का जूस (10%), T2 – चीनी का घोल (10%), T3 – गुड़ का घोल (10%), T4 – मधुमक्खियों को आकर्षित करने वाली व्यावसायिक सामग्री तथा T5 – कंट्रोल। फसल में अतिव्यस्त पुष्पन अवस्था के दौरान ऊपर से छिड़काव करके उपचारों को आजमाया

onion seed crop with 100 ppm ethephon at 45 DAP is beneficial to achieve higher seed yield and quality.

Studies on onion pollinators in onion seed production system

Impact of perimeter and inner row mustard planting on forage activity of wild pollinators

To enhance the forage visits of native pollinators, a study was conducted on the onion seed crop by planting mustard as a perimeter and inner row crop (1:5). Fifteen days after planting of onion bulb, a row of mustard was sown in the perimeter of the plot and as inner row after every five rows of onions. The visitation and frequency of major native pollinators per unit time (per minute) and area (per square meter) has been recorded periodically. The results showed that mustard sowing significantly increased pollinators visit (12.4 visits/5min/sq. m) than sole onion (7.3 visits/5min/sq. m) (Table 4.3).

Among the various species, stingless bee *Tetragonula* sp. was the predominant visitor (24.3/5min/sq. m) followed by little bee *A. florea* (24.0/5min/sq. m). A significant difference in the visitation rate suggests that mustard sowing as border and inner row would enhance the activity of bee forage and their eco-system service in onion seed crop.

Enhancing bees forage visits using bee attractants

A field experiment was conducted to evaluate the effect of bee attractants on forage visitation of wild pollinators in onion seed crop. The experiment consisted of four attractants namely T_1-Sugarcane juice (10%), T_2-Sugar solution (10%), T_3- Jaggery solution (10%), T_4-commercial bee attractant (0.02%) and T_5-control.

The treatments were imposed as foliar spray during peak bloom stage of the crop. Observations

गया। छिड़काव के तीन दिन बाद विभिन्न उपचारों में मधुमक्खी के चारा भ्रमण (भ्रमण/मिनट) पर आंकड़ों को दर्ज किया गया। परिणामों में प्रदर्शित हुआ कि गुड़ के घोल (10 प्रतिशत) का पुष्पछत्र पर छिड़काव करने पर वन्य मधुमक्खी द्वारा किए गए भ्रमण की संख्या ज्यादा पाई गई और इसके उपरान्त इनके भ्रमण की संख्या क्रमश: T1 – गन्ने का जूस (10%), तथा T4 – मधुमक्खियों को आकर्षित करने वाली व्यावसायिक सामग्री (0.02 प्रतिशत) का छिड़काव करने वाले प्लॉटों में दर्ज की गई। कंट्रोल प्लॉटों की तुलना में छिड़काव किए गए प्लॉटों में मधुमक्खियों द्वारा किए गए भ्रमण की दर लगभग दोगुनी थी (चित्र 4.24)।

on the bee forage visits (visit/min) in different treatment were recorded for three days after spray.

The results showed that wild bee forage visits was higher in Jaggery solution (10%) sprayed umbels followed by T_1-Sugarcane juice (10%) and T_4-commercial bee attractant (0.02%) sprayed plot. The visitation rate was almost double in the attractants sprayed plots compared to the control (Figure 4.24).

तालिका 4.3 : प्याज की फसल में मधुमक्खी चारे पर बाहरी चारदीवारी व अन्दरूनी पंक्ति में सरसों रोपण का प्रभाव
Table 4.3: Impact of peri-meter and inner row mustard planting on bee forage in onion

कीट परागक प्रजातियां **Insect pollinator Species**	**भ्रमण दर (संख्या/5 मिनट/वर्ग मीटर क्षेत्र)** **Visitation rate (Nos./ 5 min/ Sq. m area)**	
	बाहरी चारदीवारी एवं अन्दरूनी पंक्ति में सरसों (1 : 5) के साथ सरसों के बिना **With Perimeter & Inner row mustard (1:5) Without mustard**	
एपिस डॉर्सेटा/Apis dorsata	2.3^b	0.9^c
एपिस सेराना /Apis cerana	21.8^a	18.7^a
एपिस फ्लोरिया /Apis florea	24.0^a	11.8^b
टेट्रागोनुला प्रजाति/*Tetragonula* sp	24.3^a	11.2^b
कारपेन्टर मधुमक्खी/Carpenter bee	1.2^b	0.7^c
तितली/Butterflies	1.0^b	0.5^c
माध्य/Mean	12.4	7.3



चित्र 4.24 : प्याज फसल में मधुमक्खी चारा भ्रमण पर आकर्षित करने वालों का प्रभाव
Fig. 4.24: Impact attractants on bee forage visit in onion

फसल सुरक्षा
Crop Protection

परियोजना 5: प्याज एवं लहसुन में एकीकृत नाशीजीव एवं रोग प्रबंधन हेतु नवीन युक्तियां

आल्टरनेरिया पोरी (इलिस) सिफेरी द्वारा संक्रमण की प्रतिक्रिया में प्रतिरोधी एवं संवेदनशील प्याज किस्मों का तुलनात्मक ट्रांसक्रिप्टोम एवं मेटाबोलोम विश्लेषण

प्याज में बैंगनी धब्बा सबसे अधिक विध्वंसात्मक पर्णीय रोग है जो कि *आल्टरनेरिया पोरी* (इलिस) सिफेरी के कारण होता है। बैंगनी धब्बा रोग विश्व के सभी प्याज उगाने वाले देशों में पाया जाता है। भारत में, इसके कारण कंद तथा बीज फसलों दोनों में 2.5 से लेकर 85 प्रतिशत तक का भारी उपज नुकसान देखने को मिलता है। बैंगनी धब्बा रोग की रोकथाम के लिए कवकनाशियों का अत्यधिक उपयोग करने के कारण जहां एक ओर उत्पादन लागत बढ़ती है वहीं विषाक्त रसायनों का संचयन भी होता है।

बैंगूी धब्बा के आणविक रोगविज्ञान पर बहुत कम अनुसंधान किया गया है जहां बैंगनी धब्बा प्रतिरोधिता से जुड़े केवल कुछ मार्कर की सूचना मिली थी। अभी प्याज जीनोम अनुक्रम उपलब्ध नहीं है और इसलिए दीर्घ तथा जटिल प्याज जीनोम का अध्ययन करने के लिए ट्रांसक्रिप्टोम अनुक्रमण एक आदर्श विधि है।

बैंगनी धब्बा प्रतिरोधी किस्म अर्का कल्याण और संवेदनशील किस्म *एग्रीफाउण्ड रोज* के ट्रांसक्रिप्टोम को बैंगनी धब्बा रोगजनक ए. पोरी द्वारा कृत्रिम संक्रमण के उपरान्त अनुक्रमित किया गया। ट्रांसक्रिप्टोम को *डिनोवो* एसेम्बल किया गया और कार्यशील व्याख्या तथा भिन्नात्मक जीन प्रकटन विश्लेषण के लिए उपयोग किया गया। एसेम्बली लंबाई में 260217696 mb थी, ट्रांसक्रिप्ट्स की संख्या 254265 थी और एन 50 सांख्यिकी 1569bp थी। फिल्टर्ड सेट से प्रोटीन अनुक्रमों की व्याख्या की गई और इसमें कार्यशील व्याख्या उत्पन्न करने के लिए सीओजी, जीओ तथा केईजीजी डाटाबेस के विरूद्ध eggNOG का उपयोग किया गया। सीओजी, जीओ तथा केईजीजी में क्रमश: 59963, 29916 व 36262 अनुक्रमों में हिट्स थे। शीर्ष दस जीओ टर्म्स वितरण को चित्र में दर्शाया गया है (चित्र 5.1)।

Project 5: Novel approaches for integrated pest and disease management in onion and garlic

Comparative transcriptome and metabolome analysis of resistant and susceptible onion cultivars in response to infection by *Alternaria porri* (Ellis) Cifferi

Purple blotch (PB) is the most destructive foliar disease in onion, caused by *Alternaria porri* (Ellis) Cifferi. PB is prevalent in all onion-growing countries of the world. In India, its high severity is evidenced by heavy yield losses in both bulb and seed crops ranging from 2.5 to 85%. Excessive use of fungicides to control PB led to an increase in cost production as well as accumulation of toxic chemicals.

There is very little research done on the molecular pathology of PB where only a few markers linked PB resistance were reported. Onion genome sequence yet not available and thus transcriptome sequencing is the ideal method to study the large and complex onion genome.

The transcriptome of PB resistance variety Arka Kalyan and susceptible variety Agrifound rose after artificial infection by PB pathogen *A. porri* was sequenced. The transcriptome was *denovo* assembled and used for functional annotation and differential gene expression analyses. Assembly was 260217696 mb in length, number of transcripts were 254265 and N50 statistic was 1569bp. Proteins sequences from the filtered-set were annotated using eggNOG against the COG, GO and KEGG databases to derive the functional annotation. 59963, 29916 and 36262 sequences had hits in COG, GO and KEGG, respectively. Top ten GO terms distribution was depicted (Fig.5.1).

भिन्नात्मक जीन प्रकटन विश्लेषण से प्रदर्शित हुआ कि संवेदनशील जीनप्ररूप एएफआरटी बनाम एएफआरसी में, 16378 जीन उर्ध्व निगमित थे जबकि 3136 जीन अधो निगमित थे। जबकि प्रतिरोधी जीनप्ररूपों एकेटी बनाव एकेसी में, 6346 ट्रांसक्रिप्ट्स उर्ध्व निगमित और 2436 अधो निगमित थे।

अनेक जीन यथा ट्रांसक्रिप्शन कारक, रोगजनता संबंधी प्रोटीन, प्रति–ऑक्सीकारक एंजाइम, फाइटो हारमोन्स आदि प्याज में बैंगनी धब्बा संक्रमण के कारण उर्ध्व निगमित पाए गए (चित्र 5.2)।

Differential gene expression analyses showed that in susceptible genotype AFRT Vs AFRC, 16378 genes were up-regulated and 3136 genes were down-regulated. Whereas in resistant genotype AKT Vs AKC, 6346 transcripts were up-regulated and 2436 were down-regulated. Several genes like transcription factors, pathogenesis-related proteins, antioxidant enzymes, phytohormones etc. were found to be up regulated due to purple blotch infection in onion (Fig.5.2)



चित्र 5.1 : व्याख्या किए गए ट्रांसक्रिप्ट्स का शीर्ष दस जीओ श्रेणी वितरण
Fig. 5.1. Top ten GO category distribution of annotated transcripts



चित्र 5.2 : शीर्ष 25 भिन्नात्मक प्रकटित ट्रांसक्रिप्ट्स का हीट मानचित्र
Fig. 5.2. Heat map of top 25 differentially expressed transcripts

इस भिन्नात्मक जीन प्रकटन डाटा से पता चलता है कि प्रतिरोधी किस्म अर्का कल्याण में संवेदनशील किस्म एग्रीफाउण्ड रोज की तुलना में सुरक्षा जीन अत्यधिक उर्ध्व निगमित थे। सुरक्षा जीनों यथा पीआर 4 (21 गुना), एमवाईबी 31 (4.7 गुना), एलओएक्स (6.3 गुना), पेरॉक्सीडेज (13 गुना) आदि के उच्च प्रकटन से अर्का कल्याण में प्रतिरोधिता उत्पन्न हो सकती है। बैंगनी धब्बा संक्रमण की प्रतिक्रिया में अनेक गैर व्याख्यात्मक ट्रांसक्रिप्ट्स भी उर्ध्व निगमित पाए गए।

प्रतिरोधी एवं संवेदनशील वंशक्रमों में फाइटो–हारमोन्स का परिमाणन

प्राप्ति (बीएस) तथा प्राप्ति (डब्ल्यू 3) में एंथ्रेक्नॉज रोग के विरूद्ध क्रमश: प्रतिरोधिता एवं संवेदनशीलता का प्रदर्शन हुआ। हमने इन प्राप्तियों में IAA, ABA एवं SA जैसे पादप हारमोन्स के स्तर का परिमाणन किया है। प्रतिरोधी प्राप्ति बीएस में आईएए का कमतर स्तर और एबीए और एसए का उच्चतर स्तर था। खेत में प्राप्तियों की रोग प्रतिक्रिया के साथ परिणाम अनुकूल पाए गए। इसी प्रकार, अर्का कल्याण और एग्रीफाउण्ड रोज बैंगनी धब्बा रोग के प्रति क्रमश: प्रतिरोधी और संवेदनशील पाई गईं। बैंगनी धब्बा रोगजनक के साथ इन जीनप्ररूपों में कृत्रिम टीकाकरण करने के उपरान्त एक फाइटो हारमोन विश्लेषण किया गया। परिणामों से पता चला कि रोगजनक के संक्रमण से इन पादप हॉरमोन्स का प्याज (विशेषकर प्रतिरोधी जीनप्ररूप अर्का कल्याण) में स्तर बढ़ा। इस प्रकार के हारमोनल आमाप से प्याज में रोग प्रतिक्रिया क्रियाविधि को समझने में मदद मिलेगी।

प्याज एवं लहसुन के प्रमुख कवकजनित रोगों–कीटों के लिए प्रबंधन रणनीतियों का विकास, संशोधन तथा सत्यापन

नेट–हाउस में *ट्राइकोडर्मा*/आइसोलेट्स का प्याज के विकास एंव रोग प्रबंधन के लिए मूल्यांकन: प्रारंभ में 7 *ट्राइकोडर्मा* प्रजातियों/आइसोलेट्स 9'' के गमलों का उपयोग कर मूल्यांकन किया गया। वृध्दि मानकों के अवलोकन अर्थात: पौधे की ऊंचाई, पहली पत्ती की लंबाई, पत्तियों की संख्या, पहली पत्ती का व्यास, छद्म तने की लंबाई एवं व्यास आदि का मापन किया गया। यह देखा गया कि 7 *ट्राइकोडर्मा* प्रजातियों/आइसोलेट्स में से, आइसोलेट टी–354 उपज महित लगभग सभी मानकों में बेहतर पाया गया इसने प्याज विकास में योगदान दिया। यह प्रारंभिक परिणाम आगे अध्ययन हेतु जारी रखा जा रहा है।

This differential gene expression data revealed that defense genes were highly upregulated in resistant variety AK (Arka Kalyan) than susceptible variety AFR (Agrifound Rose). The high expression of defense genes like PR4 (21 fold), MYB31 (4.7 fold), LOX (6.3 fold), Peroxidase (13 fold) etc. might imparting resistance to the Arka Kalyan. Several non-annotated transcripts also found to be upregulated in response to purple blotch infection.

Quantification of phytohormones in resistance and susceptible lines

Accession (BS) and accession (W3) showed resistance and susceptibility to anthracnose disease respectively. We quantified the levels of plant hormones like IAA, ABA, and SA in these accessions. Resistant accession BS found to contained higher level of ABA and SA and lower level of IAA. These results were congruent with the disease response of accessions in the field. Similarly, Arka Kalyan and Agrifound rose are resistant and susceptible to purple blotch disease respectively. After artificial inoculation of these genotypes with purple blotch pathogen; a phytohormone analysis was performed. The results revealed that infection of pathogen increased the level of these plant hormones onion (especially in resistant genotype Arka Kalyan). Such hormonal assays will help us in understanding the disease response mechanism in onions.

Development, refinement and validation of management strategies major fungal diseases - pests of Onion and Garlic

Evaluation of *Trichoderma* specics/isolates on growth and disease management under net-house conditions: Initially 7 *Trichoderma* spp./isolates were used for evaluation in 9" pots. Observations on growth parameters *viz.* plant height, forth leaf length, Number of leaves, forth leaf diameter, pseudostem length and pseudostem diameter, were recorde. Among, seven *Trichoderma* spp./isolates, isolate T-354 performed well enhancing almost all parameters including yield. This preliminary study is being continued under field condition.

थ्रिप्स टेबैकी से संक्रमित प्याज एवं लहसुन के लिए आर्थिक थ्रेसहोल्ड स्तर (ईटीएल) का निर्धारण

प्याज *थ्रिप्स टी. टेबैकी* लिंडमैन से संक्रमित प्याज एवं लहसुन के लिए आर्थिक थ्रेसहोल्ड (ETL)/कार्रवाई थ्रेसहोल्ड (AT) स्तर के स्केल की पुन: समीक्षा करने अथवा उसका निर्धारण करने के लिए रबी मौसम के दौरान एक अध्ययन किया गया। उपचारों के रूप में प्रति पत्ती (प्राकृतिक संक्रमण) कार्रवाई थ्रेसहोल्ड स्तर (ATs) 0.5, 1.0, 2.0, 4.0, 5.0, 6.0, 8.0, 10.0 *थ्रिप्स* तथा नियंत्रण (अनुपचारित) की आठ पूर्व निर्धारित दर को अधिरोपित किया गया। प्रत्येक उपचार के लिए तीन पुनरावृतियों को बनाये रखा गया। प्रत्येक उपचार के लिए सप्ताह में दो बार समय–समय पर प्याज थ्रिप्स संख्या (प्रति पत्ती *थ्रिप्स* की संख्या) को दर्ज किया गया। प्रति पत्ती थ्रिप्स तथा प्रति दिन प्रति पत्ती थ्रिप्स पर आंकड़ों पर कार्य किया गया। जब कभी संख्या पूर्व निर्धारित कार्रवाई थ्रेसहोल्ड स्तर को पार करती है, तब कंट्रोल को छोड़कर अन्य प्रत्येक उपचार में कीटनाशक फिप्रोनिल 1 मिली/लिटर का छिड़काव किया गया ताकि पूर्व निर्धारित कार्रवाई थ्रेसहोल्ड से नीचे थ्रिप्स संख्या का दमन किया जा सके। कंट्रोल में किसी प्रकार का छिड़काव नहीं किया गया। प्याज तथा लहसुन की उपज एवं कंद ग्रेड, विभिन्न एटी पर प्रत्येक ग्रेड कंद के अनुपात को भी दर्ज किया गया। प्रत्येक एटी के लिए कीटनाशक की समग्र लागत और प्रयोग करने की ऑपरेटिंग लागत की गणना की गई और वसूली की सीमांत दर (MRR) पर कार्य किया गया।

प्याज की फसल में, 0.5 तथा 1.0 के कार्रवाई थ्रेसहोल्ड स्तर पर क्रमश: 40.4 तथा 39.1 टन/हे. की उच्चतम कंदीय उपज दर्ज की गई। एटी 0.5 में ए ग्रेड वाले कंदों का उच्चतर अनुपात (22.7 प्रतिशत) पाया गया जबकि तदुपरान्त 1.0 के एटी स्तर में (16.3 प्रतिशत) अनुपात दर्ज किया गया (तालिका 5.1)। बिना छिड़काव वाले प्लॉट में अधिकतम उपज नुकसान (63.3%) दर्ज किया गया जबकि इसके उपरान्त एटी 10.0 थ्रिप्स/पत्ती में उपज नुकसान (31.1%) देखने को मिला जहां कीटनाशक का प्रयोग एकबार किया गया था। कंट्रोल की तुलना में 0.5, 1.0 तथा 2.0 के कार्रवाई थ्रेसहोल्ड स्तर पर अधिकतम सीमान्त राजस्व दर्ज किया गया (तालिका 5.2)। प्रति दिन प्रति पत्ती थ्रिप्स तथा कंदीय उपज के बीच एक उच्च उल्लेखनीय नकारात्मक सह–संबंध पाया गया। 30 से 60 दिनों के दौरान प्रति दिन प्रति पत्ती थ्रिप्स द्वारा ए ग्रेड वाले कंद उत्पादन को विशेष रूप से प्रभावित किया गया (तालिका 5.3)।

Determination of Economic Threshold Level (ETL) for *Thrips tabaci* infesting onion and garlic

A study was conducted during *rabi* to revisit/determine the scale of Economic Threshold (ETL) /Action Threshold (AT) level for onion thrips *T. tabaci* Lindeman infesting onion and garlic. Experiments with eight pre-determined rate of action threshold level (ATs) i.e.0.5, 1.0, 2.0, 4.0, 5.0, 6.0, 8.0, 10.0 thrips per leaf (natural infestation) and control (Untreated) were imposed. Three replicates were maintained for each treatment. *T. tabaci* population (No. of thrips/leaf) was counted periodically i.e. twice a week from each AT. Further, observations on thrips per leaf and thrips per leaf per day were worked out. Whenever the thrips population reaches the pre-determined ATs, the recommended dose of insecticide, Fipronil (@ 1ml/lit) was sprayed in each treatments to suppress the thrips population below ETL. No spray given to control. The onion and garlic yield and bulb grade, proportion of each grade bulbs at different ATs were also recorded. The overall cost of pesticides and the operating costs of application for each ATs were calculated and the marginal rate of return (MRR) was worked out.

In onion, the highest bulb yield of 40.4 and 39.1 t/ha were recorded at action threshold 0.5 and 1.0, respectively. A higher proportionate of A grade bulbs were recorded in AT 0.5 (22.7%) followed by 1.0 (16.3%) (Table 5.1). Maximum yield loss (63.3%) recorded in unsprayed plot followed by AT 10.0 thrips/leaf (31.1%) where insecticide applied once. Action threshold 0.5, 1.0 and 2.0 registered maximum marginal revenue over control (Table 5.2).

A highly significant negative correlation observed between the bulb yield and thrips per leaf per day. Thrips per leaf per day during 30-60 days significantly affected A-grade bulb production (Table 5.3).

तालिका 5.1 : विभिन्न कार्रवाई थ्रेसहोल्ड में प्याज कंद उपज, आकार का अनुपात (ए तथा बी ग्रेड)

Table 5.1: Onion bulb yield, proportion of size (A & B grade) in different action threshold

कार्रवाई थ्रेसहोल्ड Action Threshold	कंदीय उपज (टन/हे.) Bulb Yield (tha-1)	ए ग्रेड वाले कंद (प्रतिशत) A-grade bulb (%)	बी ग्रेड वाले कंद (प्रतिशत) B-grade bulb (%)
0.5	40.4	22.7	43.1
1.0	39.1	16.3	45.4
2.0	35.9	13.7	45.4
4.0	35.9	12.7	42.9
5.0	34.8	11.7	48.6
6.0	29.7	11.0	45.9
8.0	25.6	10.8	43.7
10.0	20.8	8.7	45.2
कंट्रोल/Control	14.8	4.3	17.5

तालिका 5.2 : प्याज के लिए कार्रवाई थ्रेसहोल्ड के विकास के लिए वसूली की सीमांत दर का विश्लेषण

Table 5.2: Marginal rate of return (MRR) analysis for the development of action threshold for onion (AT)

कार्रवाई थ्रेसहोल्ड Action Threshold	उपज (टन/हे.) Yield tha-1	सकल आय (रूपये) Gross income (Rs)	छिड़काव की संख्या No. of Sprays	नियंत्रण लागत (रूपये) Control Cost (Rs)	शुद्ध आय (रूपये) Net income (Rs)	नियंत्रण की तुलना में सीमान्त राजस्व (यूटी) Marginal Revenue over control (UT)	एमआरआरर MRRa
0.5	40.4	404056	7	11900	392156	62.2	6.8
1.0	39.1	390778	6	10200	380578	61.0	17.7
2.0	35.9	358933	5	8700	350433	57.7	0.2
4.0	35.9	358567	5	8700	350067	57.6	5.1
5.0	34.8	348122	4	6800	341322	56.5	29.9
6.0	29.7	297222	4	6800	290422	56.4	23.3
8.0	25.6	255833	3	5100	250733	55.1	26.9
10.0	20.8	208267	2	3400	204867	46.0	-
Control	14.8	148345	0	0	148345		

[a]समीपवर्ती उपचारों के बीच नियंत्रण लागत वृद्धि द्वारा विभाजित निवल लाभ वृद्धि के रूप में गणना

[a]Calculated as net benefit increment divided by control cost increment between adjacent treatments

तालिका 5.3 : प्रति पत्ती थ्रिप्स तथा प्याज उपज एवं खुदाई किए गए कंदों के ग्रेड के बीच पियर्सन सह–संबंध गुणांक

Table 5.3: Pearson correlation coefficient between thrips per leaf and onion yield and grade of harvested bulbs

अवधि (दिन)/Period (days)	कंदीय उपज/Bulb Yield		
	ए ग्रेड वाले कंद (प्रतिशत) A grade bulb (%)	बी ग्रेड वाले कंद (प्रतिशत) B grade bulb (%)	टन/हे. t/ha
All	-.721*	-.952*	-.982**
P	0.028	0.000	0.000
0-30	-.563	-.536	-.678*
P	0.114	0.137	0.045
30-60	-.731*	-.952**	-.971**
P	0.025	0.000	0.000
60-90	-.643	-.977**	-.974**
P	0.62	0.000	0.000

लहसुन के मामले में, 0.5, 1.0 तथा 2.0 के कार्रवाई थ्रेसहोल्ड स्तर पर क्रमश: 4.5, 4.2 तथा 4.1 टन/हे. की अधिकतम कंदीय उपज दर्ज की गई (तालिका 5.4)। अधिकतम बी ग्रेड वाले कंदों (42.2 प्रतिशत) को एटी @ 0.5 थ्रिप्स/पत्ती में दर्ज किया गया जबकि तदुपरान्त एटी @ 1.0 थ्रिप्स/पत्ती (40.0 प्रतिशत) में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उपज नुकसान (72 प्रतिशत) को छिड़काव रहित प्लॉट में एवं तदुपरान्त एटी 10.0 थ्रिप्स/पत्ती में (41 प्रतिशत) में दर्ज किया गया जहां पूरे सीजन के दौरान कीटनाशक का प्रयोग केवल दो बार ही किया गया था (चित्र 5.3)।

In case of garlic, action threshold 0.5, 1.0 & 2.0 registered highest bulbs yield of 4.5, 4.2 and 4.1 t/ha, respectively (Table 5.4). Maximum B-grade bulbs (42.2%) recorded with AT @0.5 thrips/leaf followed by AT @ 1.0 thrips/leaf (40.0%). Maximum yield loss (72%) recorded in unsprayed plot followed by AT 10.0 thrips/leaf (41%) where insecticide was applied twice for entire season (Fig 5.3).

तालिका 5.4 : लहसुन के लिए प्रति कार्रवाई थ्रेसहोल्ड थ्रिप्स के विकास हेतु आर्थिक विश्लेषण

Table 5.4: Economic analysis for the development of thrips per action threshold (AT) for garlic

एटी /AT	उपज टन/हे. Yield t/ha	सकल आय (रूपये) Gross income (Rs)	छिड़काव की संख्या No of sprays	कंट्रोल लागत (रूपये) Control cost (Rs)	शुद्ध आय (रूपये) Net income (Rs)	एमआरआर MRRa
0.5	4.5	136967	7	11900	125067	5.3
1	4.2	126300	6	10200	116100	0.6
2	4.1	125183	6	10200	114983	5.2
4	3.8	114633	5	8500	106133	0.4
5	3.8	114067	5	8500	105567	1.2
6	3.6	110233	4	6800	103433	12.7
8	2.8	86867	3	5100	81767	0.4
10	2.7	82133	1	1700	80433	
C	1.3	40400	0	0	40400	



चित्र 5.3 : विभिन्न कार्रवाई थ्रेसहोल्ड पर बी ग्रेड वाले लहसुन कंद का अनुपात

Fig. 5.3: Proportionate of B-grade garlic bulb at different action thresholds

कंद उपज और कंद आकार के साथ प्रति दिन प्रति पत्ती थ्रिप्स का उल्लेखनीय सह–संबंध पाया गया। 0 से 30 तथा 30 से 60 दिनों के दौरान प्रति दिन प्रति पत्ती थ्रिप्स द्वारा कंद को उल्लेखनीय रूप से प्रभावित किया गया। 30 से 60 दिनों की अवधि के दौरान प्रति दिन प्रति पत्ती थ्रिप्स में लहसुन की उपज और कंद आकार के साथ कहीं बेहतर सह–संबंध देखने को मिला (तालिका 5.5)।

Thrips per leaf per day was correlated significantly with bulb yield and bulb size. Thrips per leaf per day during 0-30 and 30-60 days significantly affected bulb. Thrips per leaf per day during 30-60 days showed better correlation with garlic yield and bulb size (Table 5.5).

तालिका 5.5 : प्रति पत्ती थ्रिप्स तथा लहसुन उपज एवं खुदाई किए गए कंदों के ग्रेड के बीच पियर्सन सह–संबंध गुणांक

Table 5.5. Pearson correlation coefficient between thrips per leaf and garlic yield and grade of harvested bulbs

अवधि (दिन) Period (days)	कंदीय उपज/Bulb Yield	
	बी ग्रेड वाले कंद (प्रतिशत) / B grade bulb (%)	टन/हे. /t/ha
सभी/All	-.792*	-.947**
P	0.011	0.001
0-30	-.796*	-.508
P	0.010	0.163
30-60	-.814**	-.916**
P	0.008	0.001
60-90	-.532	-.763

प्याज एवं लहसुन की पारिस्थितिकी प्रणाली से कीट नाशीजीवों तथा इनके प्राकृतिक शत्रुओं की डीएनए बारकोडिंग

प्याज के साथ जुड़ा कीट नाशीजीव काम्पलेक्स अत्यंत विविध है और इसके द्वारा अनेक कीट ऑर्डर का प्रतिनिधित्व किया जाता है। विश्व स्तर पर, ऑर्डर थाइसैनोप्टेरा का *थ्रिप्स टैबेकी* प्याज

DNA Barcoding of insect pests and its natural enemies from onion and garlic ecosystem

Insect pest complex associated with onion is highly diverse and represents several insect orders. Globally, *Thrips tabaci* of the order Thysanoptera is one of the major reasons for low

की कम उत्पादकता के लिए एक प्रमुख कारणों में से एक है और इसलिए इसे एक प्रमुख नाशीजीव माना जाता है। थ्रिप्स के अलावा, ऑर्डर लेपिडोप्टेरा के अनेक विपत्रक भी विश्व स्तर पर प्याज में वित्तीय नुकसान के लिए जाने जाते हैं। लेपिडोप्टेरा में परिवार नॉक्टूडिये के वंश *स्पोडोप्टेरा* तथा *क्राइसोडीक्सिस* भारत में प्याज को संक्रमित करने वाले पाए गए। *स्पोडोप्टेरा* एवं *क्राइसोडीक्सिस* दोनों ही अर्ध उष्णकटिबंधीय से कटिबंधीय जैसे गरम क्षेत्रों में पाए जाते हैं। ये नाशीजीव विपत्रक अनेक प्रकार की फसल किस्मों को नुकसान पहुंचाते हैं जिनमें विभिन्न प्रकार की सब्जी फसलें, खेत फसलें, बागवानी तथा अलंकारिक फसलें शामिल हैं। इन वंश के सदस्य अत्यधिक पॉलीफैगस हैं और इसलिए इनमें नए क्षेत्रों में संक्रमण फैलाने की व्यापक क्षमता होती है और साथ ही इनमें नवीन जलवायु अथवा इकोलॉजिकल पारिस्थितिकी में ढ़लने की व्यापक क्षमता होती है।

प्याज की कृषि पारिस्थितिकी प्रणाली में, *स्पोडोप्टेरा* प्रजाति काम्पलेक्स में शामिल हैं : *स्पोडोप्टेरा लिटुरा* (फैब्रीसियस) तथा *स्पोडोप्टेरा एक्सिगुआ* (हबनर)। हालांकि, भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे में प्रयोगात्मक परीक्षणों में अभी हाल ही में प्याज की फसल पर *स्पोडोप्टेरा फ्रजीपर्डा* का प्रकोप देखने को मिला है जो कि मक्का (अवरोधक फसल) से प्याज की फसल में संभावित देशान्तरण के कारण हो सकता है। इसी प्रकार, *क्राइसोडीक्सिस एक्युटा* को भी सोयाबीन सेमीलूपर के रूप में जाना जाता है और इसकी सूचना भी प्याज में मिली है। लार्वा तथा वयस्क शलभ दोनों के आकृतिविज्ञान लक्षणों के आधार पर नाशीजीवों की पहचान की गई थी। साथ ही *माइटोकॉण्ड्रियल* जीन साइटोक्रॉम सी ऑक्सीडेज सब यूनिट I (COI) का उपयोग करते हुए डीएनए बारकोडिंग के माध्यम से नाशीजीव की पुष्टि की गई। एलसीओ 1480 तथा एचसीओ 1298 प्राइमर्स का उपयोग करते हुए ब्लास्ट विश्लेषण अध्ययन किया गया जिसमें पता चला कि *एस. फ्रुजीपेर्डा* तथा *सी. एक्युटा* के पूर्व में प्रस्तुत किए गए अनुक्रम के साथ अनुक्रम का मिलान 100 प्रतिशत था। अनुक्रम को एनसीबीआई जीनबैंक में जमा कराया गया और *एस. फ्रुजीपेर्डा* एवं *सी. एक्युट* के लिए क्रमश: एमटी 644266 तथा एमटी 644267 की प्राप्ति संख्या हासिल की गई (चित्र 5.4)। ये नाशीजीव प्याज के लिए नए खतरा लगते हैं और इनमें भविष्य में कृषि की दृष्टि से महत्वपूर्ण अन्य फसलों पर भी हमला करने की संभावना है।

productivity of onion and hence considered as the key pest. Besides thrips, several defoliators of the order lepidoptera are found at damaging levelsin onioncausing monetary loss globally. Among Lepidoptera, the genus *Spodoptera* and *Chrysodeixis* of thefamily noctuidae were found infesting onion in India. Both *Spodoptera* and *Chrysodeixis* occur all through the warmer regions like the subtropics to tropics. These defoliator pest damages a wide variety of crops which includes various vegetables, field crops, horticultural and ornamental crops. Members of these genuses are highly polyphagous and therefore have huge potential to invade new areas and to adapt to new climatic or ecological situations.

In onion agroecosystem, *Spodoptera* species complex includes *Spodoptera litura* (Fabricius) and *Spodoptera exigua* (Hubner). However, a recent invasion of *Spodoptera frugiperda* on onion has been detected from the experimental trails at ICAR-DOGR, Rajgurunagar which might be due to the possible migration of the pest from maize (barrier crop) to onion. Similarly *Chrysodeixis acuta* also known as soybean semilooper, has been reported on onion. Pests were identified based on the morphological characters of both larvae and adult moths. Simultaneously pest was confirmed through DNA barcoding using mitochondrial gene cytochrome c oxidase subunit I (COI). LCO 1480 and HCO 1298 primers were used for the study BLAST analysis revealed that sequence matched 100% within the previously submitted sequence of *S. frugiperda* and *C. acuta.* Sequence were submitted to NCBI gene bank and obtained the accession numbers MT644266 and MT644267 for *S. frugiperda* and *C. acuta* respectively (Fig 5.4). These pests seem to be a new threat to onion, and have a possibility of attacking other agriculturally important crops in future.



चित्र 5.4 : अधिकतम संभावना वृक्ष में mtCOI अनुक्रमों के लिए *स्पोडोप्टेरा* प्रजातियां एवं *क्राइसोडीक्सिस* प्रजातियों की कलस्टरिंग प्रदर्शित हो रही है

Fig. 5.4: Maximum likelihood tree showing clustering of *Spodoptera spp* and *Chrysodeixis spp.* for *mtCOI* sequences

प्रयोगशाला परिस्थितियों में *स्पोडोप्टेरा फ्रुजीपर्डा* एवं *क्राइसोडीक्सिस एक्युटा* का जीवविज्ञान

एस. फ्रुजीपर्डा के जीवनचक्र में चार अवस्थाएं होती हैं। औसतन, इसके जीवनचक्र के दौरान अण्डे से वयस्क तक कुल 44 से 55 दिन लगते हैं जो कि तापमान पर निर्भर करता है। अण्डा उष्मायन अवधि तीन से पांच दिनों की होती है; लार्वा अवस्था लगभग 21 से 23 दिनों की और प्यूपल अवस्था अवधि 7 से 9 दिनों की होती है (चित्र 5.5)। अण्डा द्रव्यमान सपाट सतह पर ऊपर की ओर रहता है जो कि अक्सर मादा शलभ के उदर से स्केल्स के साथ ढ़का होता है। एक एकल बैच में 100 से 200 अण्डे हो सकते हैं। नवीन उभरे हुए लार्वा काले सिर वाले कैप्सूल के साथ चमकदार मटमैले होते हैं। बढ़े हुए धब्बे शरीर पर पीछे की ओर होते हैं, आमतौर पर ये गहरे रंग वाले होते हैं और इनमें काँटे होते है। लार्वा इनस्टार में सिर का अग्रभाग होता है जो सफेद रंग में उल्लिखित होता है जो एक उल्टा "Y" बनाता है और पार्श्व स्थान अक्सर पहले उदर खंड पर मौजूद होता है। अंतिम उदरीय खण्ड में, इसमें वर्ग की आकृति में चार धब्बे होते हैं। प्यूपा आमतौर पर मिट्टी में 2 से 8 सेमी. की गहराई पर पाये जाते हैं। वयस्क शलभ नाक्टुरनल होती हैं और इनमें 32 से 40 मिमी. का पंख फैलाव होता है। नर शलभ में, आगे के पंख आमतौर पर मटमैले तथा भूरे

Biology of *Spodoptera frugiperda and Chrysodeixis acuta* under laboratory conditions

Life cycle of *S. frugiperda* comprises of 4 stages. On an average, duration of the life cycle from egg to adults takes 44-54 days depending on the temperature. Egg incubation period is 3-5 days; larval duration is about 21-23 days and pupal period is 7-9 days (Fig 5.5). Egg mass are laid in upright on a flat surface, often covered with scales from the abdomen of the female moths. A single batch itself can be made up of 100 to 200 eggs. Newly emerged larvae are translucent grey with a dark black head capsule. Elevated spots occur dorsally on the body; they are usually dark in colour, and bear spines. The larval instars have head with adfrontal area outlined in white forming an inverted "Y" and lateral spot often present on first abdominal segment. At the last abdominal segment it also possesses four spots prominent in the form of square. Pupation normally takes place in the soil, at a depth 2 to 8 cm. Adult moths are

होते हैं जिनमें सिर पर तथा पंख के मध्य के निकट त्रिभुजाकार सफेद धब्बे होते हैं। मादाओं के अग्र पंख अपेक्षाकृत कम अंकित होते हैं जो कि मटमैले तथा भूरे रंग के एक महीन कर्बुरण में एकसमान मटमैले भूरे रंग के होते हैं। पिछले पंख दोनों लिंगों में एक संकीर्ण गहरे बॉर्डर के साथ इंद्रधनुषी चांदी–सफेद रंग के होते हैं (चित्र 5.6)।

nocturnal and have a wingspan of 32 to 40 mm. In male moths, the forewing generally is shaded grey and brown, with triangular white spots at the tip and near the center of the wing. The forewings of females are less distinctly marked, ranging from a uniform greyish brown to a fine mottling of grey and brown. The hind wing is iridescent silver-white with a narrow dark border in both sexes (Fig 5.6).

चित्र 5.5 : (क) स्पोडोप्टेरा फ्रजीपर्डा का जीवन चक्र
Fig 5.5. Life cycle of (a) *Spodoptera frugiperda*

(क) (ख)

चित्र 5.6 : *स्पोडोप्टेरा* के आकृतिविज्ञान लक्षण
Fig. 5.6: Morphological characters of *Spodoptera*

इसी प्रकार, *क्राइसोडीक्सिस एक्युटा* के जीवनचक्र में भी चार अवस्थाएं शामिल होती हैं। औसतन, अण्डे से लेकर वयस्क अवस्था तक कुल जीवनचक्र 37 से 54 दिनों का होता है जो कि

Similarly life cycle of *Chrysodeixis acuta* also comprises of 4 stages. On an average, duration of the life cycle from egg to adults takes 37-54 days

तापमान पर निर्भर करता है। अण्डा उष्मायन अवधि दो से चार दिनों की, लार्वा अवस्था अवधि लगभग 23 से 26 दिनों की और प्यूपल अवस्था अवधि 7 से 10 दिनों की होती है (चित्र 5.7)। अण्डों को एकबार में सपाट सतह पर जना जाता है। लार्वा चमकदार हरे रंग के होते हैं जिनमें उदरयीय टांगों के तीन जोड़े होते हैं जो कि इनके शरीर को चलते समय अर्ध गोलाकार आकृति में मुड़ने में मदद करते हैं। प्यूपेशन सफेद रेशा कोकून के भीतर पौधे पर होता है। वयस्क शलभ भूरे रंग के होते हैं जिनमें 35 से 37 मिमी. आकार का पंख फैलाव पाया जाता है। अग्र पंखों में गहरे भूरे रंग का पैटर्न पाया जाता है जिनमें दो विशेष सिल्वर रंग के धब्बे होते हैं। इस प्रजाति में प्रत्येक अग्र पंख पर आठ की एक सिल्वर रंग की आकृति भी होती है जिसमें दो भाग अलग अलग होते हैं और दूसरा अर्ध भाग बढ़ा हुआ होता है (चित्र 5.8)।

depending on the temperature. Egg incubation period is 2-4 days; larval duration is about 23-26 days and pupal period is 7-10 days (Fig 5.7). Eggs are laid singly on a flat surface. The larvae are a glassy green in colour with 3 pairs of abdominal legs (prolegs) that typically bend their body in a semi-loop while walking. Pupation occurs on the plant within white silken cocoon. Adult moths are brown; with the wing span of the moth is 35 to 37 mm. Forewing bears a dark brown pattern with 2 characteristic silver spots. This species also has a silvery figure of a faint 8 on each forewing, with the 2 halves separated, and the second half elongated (Fig 5.8).

चित्र 5.7 : *क्राइसोडीक्सिस एक्युटा* का जीवन चक्र
Fig 5.7. Life cycle of *Chrysodeixis acuta*

चित्र 5.8 : *क्राइसोडीक्सिस एक्युटा* वयस्क तथा लार्वा (क एवं ख) के आकृतिविज्ञान लक्षण
Fig. 5.8: Morphological characters *Chrysodeixis cuta* adult and larva (a and b)

कंद फसल के साथ साथ बीज फसल में थ्रिप्स टेबैकी के विरूद्ध नवीन रसायन अणुओं का मूल्यांकन

रबी 2019–20 के दौरान खेत परीक्षण किया गया ताकि भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे में प्याज की कंदीय फसल पर थ्रिप्स टेबैकी के विरूद्ध मानक तुलनीय प्रोफिनोफॉस 50 प्रतिशत ईसी (1000 मिलि./हे.) के साथ साथ नवीन कीटनाशकों यथा क्लोरेन्ट्रानिलिपोर 18.5 प्रतिशत एससी (150 मिलि./हे.), स्पाइनोसैड 45 प्रतिशत एससी (160 मिलि./हे.), इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत एसएल (100 मिलि./हे.), थियामिथॉक्सम 25 प्रतिशत डब्ल्यूजी (100 मिलि./हे.) फिप्रोनिल 5 प्रतिशत एससी (1000 मिलि./हे.) तथा नीम तेल 0.5 प्रतिशत (5000 मिलि./हे.) की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया जा सके। बीज फसल के लिए सभी उपचार एकजैसे थे, केवल कार्बोसल्फॉन के साथ थिआमिथॉक्सम को बदला गया था। जब नाशीजीव संख्या आर्थिक थ्रेसहोल्ड स्तर (ईटीएल = 30 थ्रिप्स/पौधा) को पार कर गई तब फसलचक्र सीजन के दौरान कीटनाशक उपचारों को तीन बार दोहराया गया था। परिणामों में प्रदर्शित हुआ कि सभी कीटनाशकों का प्रयोग करने अनुपचारित कंट्रोल की तुलना में प्याज थ्रिप्स की संख्या में उल्लेखनीय रूप से कमी ($p<0.001$) आई। कंदीय फसल के संबंध में, प्रोफिनोफॉस, इमिडाक्लोप्रिड तथा फिप्रोनिल का प्रभाव समतुल्य पाया गया और ये थ्रिप्स के विरूद्ध कहीं अधिक प्रभावी थे तथा इनके द्वारा अनुवर्ती छिड़काव के दौरान अन्य रसायनों की तुलना में प्याज थ्रिप्स की संख्या में उल्लेखनीय रूप से कमी लाई गई। इसी दौरान, बीज फसल में कार्बोसल्फान तथा प्रोफिनोफॉस दोनों समतुल्य पाए गए जबकि इसके उपरान्त इमिडाक्लोप्रिड का प्रभाव देखने को मिला। बीज उपज के संबंध में, कार्बोसल्फॉन से उपचारित पौधों में 3.5 ग्राम/पौधा के साथ अधिकतम उपज दर्ज की गई।

लुरेम–टीआर (सेमियो रासायनिक) में *थ्रिप्स टैबेकी* की व्यवहार प्रतिक्रिया

विश्व स्तर पर, ऑर्डर अथवा गण *थाइसैनोप्टेरा* के *थ्रिप्स टैबेकी* को प्याज की कम उत्पादकता के लिए एक प्रमुख कारण माना जाता है और इसलिए इसे एक प्रमुख नाशीजीव माना जाता है। पर्यावरण अनुकूल नाशीजीव तथा रोग प्रबंधन के लिए एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन माड्यूल का विकास करने के लिए *थ्रिप्स* के लिए सेमियो रासायनिक का मूल्यांकन करने की आवश्यकता है। इस संदर्भ में, रंगीन चिपचिपे ट्रैप का मूल्यांकन करने की आवश्यकता है। प्राथमिक अध्ययन के रूप में, पीले तथा नीले रंग दोनों के

Evaluation of newer chemical molecules against *Thrips tabaci* in bulb crop as well as seed crop

Field experiment was conducted during *rabi*, 2019-20 to evaluate the efficacy of newer insecticides *viz*., Chlorantraniliprole 18.5% SC (150 ml/ha), Spinosad 45% SC (160 ml/ha), Imidacloprid 17.8% SL (100 ml/ha), Thiamethoxam 25% WG (100 ml/ha), Fipronil 5% SC (1000 ml/ha) and Neem oil 0.5% (5000 ml/ha) along with standard check Profenofos 50% EC (1000 ml/ha)against *Thrips tabaci* in onion bulb crop at ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research, Pune. For the seed crop all the treatments were same, exception being thiamethoxam replaced with carbosulfan. Insecticides treatments were repeated thrice during the cropping season when pest population crossed the economic threshold level (ETL = 30thrips /plant).

The results showed that all insecticides significantly ($p<0.001$) reduced the onion thrips population than untreated check. With regard to bulb crop, profenophos, imidacloprid and fipronil were found to be on par and more effective against thrips and significantly reduced the onion thrips population in comparison to other chemicals during subsequent sprays. Meanwhile, both carbosulfan and Profenophos were found to be on par followed by Imidacloprid in seed crop. With regard to the seed yield, carbosulfan treated plants yielded maximum with 3.5 gm / plant.

Behavioural response of *Thrips tabaci* to Lurem-TR (semio-chemical)

Globally, *Thrips tabaci*of the order Thysanoptera is one of the major reasons for low productivity of onion and hence considered as the key pest. In order to developIPM module for eco-friendly pest and disease management, semiochemical for thrips needs to be evaluated. In this context, colour of the sticky trap needs to be evaluated. As a priminary study, both yellow and blue sticky traps were used and observations on number of thrips,

चिपचिपे ट्रैप का उपयोग किया गया और थ्रिप्स, प्राकृतिक शत्रु तथा परागकों की संख्या पर आंकड़ों को दर्ज किया गया। अध्ययन के आधार पर, नीले चिपचिपे ट्रैप द्वारा थ्रिप्स को कहीं अधिक आकर्षित किया गया और साथ ही प्राकृतिक शत्रु संख्या को सबसे कम आकर्षित किया गया (चित्र 5.9)।

natural enemies and pollinators were made. Based the study, blue sticky traps were found to be more attractive to thrips, and least to natural enemy population (Fig. 5.9).



चित्र 5.9 : प्याज में विभिन्न चिपचिपे ट्रैप में *थ्रिप्स टैबेकी* की व्यवहार संबंधी प्रतिक्रिया

Fig. 5.9: Behavioural response of *Thrips tabaci* to different sticky traps in Onion

फसलोत्तर प्रौद्योगिकी
Post-Harvest Technology

परियोजना 6 : प्याज एवं लहसुन का फसलोत्तर प्रबंधन

नियंत्रित प्याज भण्डारण संरचना का विकास एवं मूल्यांकन

द्वितीय वर्ष में मूल्यांकन किए गए 20 टन भण्डारण में पाए गए पर्यवेक्षणों के आधार पर, आन्तरिक वायु परिचालन, लदान और उतारने में आसान सुविधाओं तथा रिमोट निगरानी प्रणाली के साथ भण्डारण के लिए एक विशेष डिजाइन तैयार की गई। संशोधित डिजाइन के साथ 200 MT की एक भण्डारण संरचना का निर्माण किया गया। इस डिजाइन में निम्नलिखित विशेषताओं को शामिल किया गया। आन्तरिक वायु परिचालन, रिमोट निगरानी के साथ Kkloud – IOT आधारित प्रणाली, सजीव रिपोर्ट, प्रणाली स्वास्थ्य अद्यतन, मोबाइल स्क्रीन पर जिओ अवस्थिति के साथ मेश टाइप दानी अथवा भण्डारण संरचना । सुगम भण्डारण के लिए सम्पूर्ण समाधान प्रदान करने के प्रयोजन से छंटाई तथा ग्रेडिंग इकाइयों में शामिल प्रणाली, लदान एवं उतारने वाली कन्वेयर प्रणाली की डिजाइन तैयार करके उसका निर्माण किया गया। इस संरचना का मूल्यांकन वर्ष 2019–20 की रबी तुड़ाई के लिए किया गया। इसमें भण्डारण नुकसान 15 प्रतिशत से भी कम पाया गया।

सामान्य परिस्थितियों में भण्डारण के दौरान लहसुन में शारीरिक एवं जैव रासायनिक बदलाव

विभिन्न उर्वरक उपचारों (ड्रिप सिंचाई प्रणाली के माध्यम से 100%, 80%, एवं 60% आरडीएफ का प्रयोग एवं ऊपर से छिड़काव करके एवं बाढ़ सिंचाई के माध्यम से 100 प्रतिशत आरडीएफ का प्रयोग) के अंतर्गत उगाए गए लहसुन को मड से प्लास्टर की गईं प्राकृतिक रूप से हवादार भण्डारण संरचना में चार पुनरावृतियों में भण्डारित किया गया। भण्डारण में 180 दिनों तक 30 दिन के अन्तराल पर कुल भार नुकसान और अन्य जैव रासायनिक बदलावों को दर्ज किया गया। उर्वरक उपचार का लहसुन के भण्डारण पर कोई विशेष प्रभाव नहीं था। 180 दिनों के भण्डारण के उपरान्त कुल भार नुकसान 19.8 प्रतिशत दर्ज किया गया । सामान्य तौर पर, भार नुकसान भण्डारण अवधि के प्रारंभ (0 से 30 दिन का भण्डारण) में और भण्डारण अवधि (120 – 150 तथा 150 – 180 दिन) के दौरान अधिक पाया गया।

Project 6: Postharvest Management of Onion and Garlic

Development and evaluation of controlled onion storage structure

Based on the observations in 20 tonne storage evaluated in the second year, a special design was done for storage in bins with internal air circulation, easy loading and unloading facilities and remote monitoring system. With modified design, a storage structure of 200 MT was constructed. The following features were included in the design. Mesh type bins with internal air circulation, Kkloud - IOT based System with Remote Monitoring, Live Reports, System Health Updates, Geo Location on Mobile Screen. In order to provide the complete solution for easy storage, a system involved in sorting and grading units, loading & unloading conveyor system were designed and manufactured. The structure was evaluated for *rabi* harvest of 2019-20. The storage losses were less than 15%.

Physical and biochemical changes of garlic during storage at ambient conditions

Garlic grown under different fertilizer treatments (100%, 80%, and 60% RDF applied through drip system and 100%RDF through broadcasting and flood irrigation) was stored at ambient conditions in mud plastered naturally ventilated storage structure in four replicates. Total weight loss and other biochemical changes were recorded at 30 days interval up to 180 days of storage. Fertilizer treatment had no significant effect on the storage of garlic. The total weight loss at the end of 180 days of storage was 19.8%. In general, the weight loss was more at the beginning of storage periods (0-30 day's storage) and at the end of storage period (120-150 and 150-180 days of storage).

भण्डारण के 0 से 30 दिनों की अवधि के दौरान लगभग 25 प्रतिशत कुल भार नुकसान दर्ज किया गया। किसी भी उपचार के बावजूद, भण्डारण अवधि के दौरान कुल फिनोल मात्रा में कमी आई। प्रति–ऑक्सीकारक गतिविधि में भण्डारण के 150 दिनों तक बढ़ोतरी हुई और तदुपरान्त भण्डारण के 180 दिनों तक इसमें कमी आई।

विभिन्न तापमान में हरी प्याज के भण्डारण के दौरान शारीरिक एवं जैव रासायनिक बदलाव

हरी प्याज के भण्डारण जीवन पर भण्डारण तापमान (4°C, 12°C तथा परिवेशी परिस्थितियां) के प्रभाव और भण्डारण अवधि के दौरान भौतिक, शरीरक्रिया विज्ञान तथा जैव रासायनिक विशेषताओं में बदलावों का मूल्यांकन करने के लिए एक भण्डारण अध्ययन किया गया। इस अध्ययन के लिए प्याज की व्यावसायिक किस्म भीमा शक्ति का उपयोग किया गया। वर्तमान अध्ययन के अंतर्गत साठ दिन पुरानी हरी प्याज के पौधों में तुड़ाई की गई। सफाई करने और एकसमान आकार में व्यवस्थित करने के उपरान्त हरी प्याज के पांच पौधों को गुच्छे में बांधा गया और गुच्छे को क्लींग फिल्म के साथ रैपिंग के बिना एवं रैपिंग के साथ बांधा गया। नमूनों को 12ºC तथा 4ºC रेफ्रीजरेटिड परिस्थितियों एवं परिवेशी परिस्थितियों में भण्डारित किया गया। ताजा नमूनों में जैव रासायनिक पैरामीटरों का अनुमान लगाया गया। भण्डारण के 2, 5, 8 एवं 11 दिन उपरान्त भौतिक एवं जैव रासायनिक बदलावों का अनुमान लगाया गया। परिवेशी परिस्थितियों में, हरी प्याज का भण्डारण जीवन रैपिंग के साथ अथवा रैपिंग के बिना क्रमश: 18.7% व 29.3% के भार नुकसान के साथ केवल दो दिन का था। 12ºC तापमान पर, रैपिंग के साथ तथा रैपिंग के बिना क्रमश: 12.8% व 20.7% के भार नुकसान के साथ भण्डारण जीवन आठ दिनों का था। 4ºC तापमान पर, रैपिंग के साथ और रैपिंग के बिना क्रमश: 13.4 प्रतिशत एवं 17.1 प्रतिशत के भार नुकसान के साथ भण्डारण जीवन 11 दिनों का दर्ज किया गया।

प्राकृतिक जैव सक्रिय यौगिकों के स्रोत के रूप में प्याज प्रसंस्करण अपशिष्ट का लक्षणवर्णन

आठ भिन्नात्मक रंग वाली लघु प्रदीप्तिकाल प्याज किस्मों नामत: भीमा डार्क रेड़, भीमा राज, भीमा सुपर, भीमा रेड़, भीमा शुभ्रा, भीमा किरण, भीमा श्वेता एवं भीमा शुभ्रा के प्याज छिलके सत् अथवा अर्क का लक्षणवर्णन किया गया और इस कार्य में उच्च रिजोल्यूशन सिंगल स्टेज आर्बीट्रैप स्पेक्ट्रामेट्रि के साथ जुड़कर अल्ट्रा – हाई – परफार्मेन्स तरल क्रोमेटोग्राफी का उपयोग किया गया और साथ ही प्रति–ऑक्सीकारक क्षमता का मूल्यांकन किया

About 25% of the total weight loss was occurred in 0-30 days of storage. Irrespective of the treatment, the total phenol content decreased during storage period. The antioxidant activity increased during storage period up to 150 days of storage and then decreased by 180 days of storage.

Physical and biochemical changes during storage of green onion at different temperatures

A storage study was conducted to evaluate the effect of storage temperature (4°C, 12°C and ambient conditions) on the storage life of green onion and changes physical, physiological, and biochemical characteristics during the storage period. Onion cv. Bhima Shakti was used for the study. Sixty days old green onion plants were harvested for the present study. After cleaning and arranging in uniform size, five green onion plants were tied in to bunch with and without wrapping with cling film. The samples were stored at 12ºC and 4ºC refrigerated conditions and ambient conditions. Biochemical parameters were estimated in the fresh samples. Physical and biochemical changes in the stored samples were estimated after 2, 5, 8 and 11 days of storage. At ambient conditions, the storage life of green onion was two days only with weight loss of 18.7% and 29.3% with and without wrapping, respectively. At 12ºC, the storage life was eight days with 12.8% and 20.7% weight loss with and without wrapping, respectively. At 4ºC the storage life was 11 days with 13.4% and 17.1% weight loss with and without wrapping, respectively.

Characterization of onion processing waste as a source of natural bioactive compounds

Onion peel extract of eight differentially pigmented short-day onion varieties (Bhima Dark Red, Bhima Raj, Bhima Super, Bhima Red, Bhima Shubra, Bhima Kiran, Bhima Shweta and Bhima Shubra) was characterized through ultra-high-performance liquid chromatography coupled with high resolution single stage Orbitrap spectrometry and evaluated the antioxidant potential. Total 49 phenolic compounds were

गया। इस अध्ययन में कुल 49 फिनोलिक यौगिकों की पहचान की गई जिनमें 33 एंथोसायनिन, 08 फ्लेवानॉल, 04 फ्लैवोन्स तथा पायरैनो एंथोसायनिन, चालकोन, फिनोलिक अम्ल तथा इलागियो टैनिन प्रत्येक का एक–एक यौगिक शामिल था। सभी किस्मों में एंथोसायनिन सर्वाधिक प्रचुर पॉलीफिनोलिक यौगिक था जबकि इसके उपरान्त फ्लैवोनॉल का स्थान था। एंथोसायनिन में, 10 साइनीडिन, 10 डेल्फीनिडिन, 4 पियोनिडिन, 4 पेटुनिडिन, 3 पेलारगोनिडिन तथा 2 माल्वीडिन की पहचान की गई। साइनीडिन–3– (6– मैलोनिलग्लूकोसाइड), डेल्फीनिडिन तथा डेल्फीनिडिन–3–गैलेक्टोसाइड गहरे लाल रंग वाली किस्मों (भीमा डार्क रेड़ एवं भीमा राज) में प्रमुख रंजक थे और इनकी प्रचुरता से प्याज के छिलके में भिन्नात्मक रंजकता पैटर्न में महत्वपूर्ण भूमिका का पता चलता है।

वन्य *एलियम* की निर्जलीकरण विशेषताओं और जैव रासायनिक मात्रा पर ब्लैन्चिंग अथवा रंगहीनता का प्रभाव

वन्य *एलियम* (सीजीएन 16373) की जैव रासायनिक मात्रा और निर्जलीकरण विशेषताओं पर ब्लैन्चिंग अथवा रंगहीनता के प्रभाव का अध्ययन किया गया। वन्य एलियम प्रजाति की पत्तियों को छोटे टुकड़ों (2 सेमी. लंबे) में काटा गया और विभिन्न समयावधि (0, 1, 2 एवं 3 मिनट) के लिए 100°C तापमान पर रंगहीन किया गया और तीन भिन्न तापमान (40°C, 50°C एवं 60°C) पर निर्जलीकृत किया गया। निर्जलीकरण के दौरान निर्जलीकरण विशेषताओं और जैव रासायनिक परिवर्तनों को दर्ज किया गया। परिणामों में प्रदर्शित हुआ कि रंगहीनता उपचार द्वारा सभी जांचे गए तापमान में शुष्कन दर में कमी आई। तीन मिनट तक रंगहीनता करने पर उच्च शुष्कन दर पाई गई। ताजा नमूनों में कुल फिनोल मात्रा 0.37 मिग्रा./ग्राम ताजा भार थी और यह निर्जलीकृत नमूनों में 1.06 से 1.24 मिग्रा./ग्राम ताजा भार की सीमा में पाई गई।

प्याज बीज के काल प्रभावन (आयु बढ़ने) के दौरान बीज लिपिड़ में गिरावट पर अध्ययन

उपजाये जानेवाले फसलों में प्याज बीजों में सबसे कम दीर्घता पाई जाती है और इसलिए इसके बीज एक वर्ष के भीतर ही अपनी जीवनक्षमता को खो देते हैं। इन गैर विपणन योग्य बीजों में खाद्य अथवा आहार मान की कोई सूचना नहीं मिली । प्याज बीजों में पर्याप्त मात्रा में तेल मात्रा होती है और बीज तेल में औद्योगिकी क्षमता तथा फार्मास्यूटिकल्स उपयोगिता पाई जाती है। बीज तेल की भौतिक – रासायनिक विशेषताओं का अध्ययन चार प्याज (एलियम सीपा एल.) किस्मों (भीमा सफेद, भीमा सुपर, भीमा डार्क रेड़ एवं भीमा शक्ति) में किया गया और इस कार्य में मानक विश्लेषणात्मक जांच का उपयोग किया गया। सभी किस्मों में

identified in this study which includes 33 anthocyanin, 08 flavanol, 04 flavones, and one each of pyranoanthocyanin, chalcone, phenolic acid, and ellagiotannins. Anthocyanin was the most abundant polyphenolic compound followed by flavanol in all the varieties. Among anthocyanin, 10 cyanidin, 10 delphinidin, 4 Peonidin, 4 Petunidin, 3 Pelargonidin, and 2 Malvidin were identified. Cyanidin-3-(6-malonylglucoside), delphinidin and delphinidin-3-galactoside were the predominant pigment in dark red varieties (Bhima Dark Red and Bhima Raj) and its abundance suggests a key role in the differential pigmentation pattern of onion peel.

Effect of blanching on dehydration properties and biochemical content of wild *Allium*

Effect of blanching on biochemical content and dehydration properties of wild *Allium* (CGN16373) was studied. The leafs of wild *Allium* species was cut into small pieces (2 cm long) and blanched at 100°C for different durations (0, 1 min, 2 min, 3 min) and dehydrated at three different temperature (40°C, 50°C and 60°C). Dehydration characteristics and biochemical changes during dehydration was recorded. The results showed that blanching treatment reduced the drying rate at all the tested temperatures. High drying rate was observed at 3 minute blanching. The total phenol content in fresh sample was 0.37 mg/g fresh weight and it was ranged from 1.06 to 1.24 mg/g fresh weight in dehydrated samples.

Studies on degradation of seed lipids during onion seed ageing

Onion seeds have one of the lowest longevity among the cultivated crops as they lose viability within a year. These unmarketable seeds have no reported food or feed value. Onion seeds contain considerable oil content and the seed oil has potential industrial and pharmaceutical utility. The physico-chemical properties of seed oil were studied in four onion (*Allium cepa* L.) varieties (Bhima Safed, Bhima Super, Bhima Dark Red and Bhima Shakti) by standard analytical test. The per cent oil content varied from 12.9%-16.0% and

प्रतिशत तेल मात्रा में 12.9 से 16.0 प्रतिशत की भिन्नता देखने को मिली और भण्डारण के परिणामस्वरूप बीज तेल मात्रा में 0.64 प्रतिशत का नुकसान दर्ज किया गया। ताजा तोड़े गए बीजों में औसत बीज अंकुरण 80.5 प्रतिशत था जो कि परिवेशी भण्डारण के एक वर्ष उपरान्त 52.3 प्रतिशत तक कम हो गया। विद्युत चालकता जिससे मेम्ब्रेन अखण्डता को मापा जाता है, में एक वर्ष पुराने बीजों में 108.6 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई। बीज तेल की भौतिक – रासायनिक विशेषताओं में बीज की आयु के साथ गिरावट अथवा कमी देखने को मिली। कंट्रोल की तुलना में बीज तेल के अम्ल मानों तथा पेरॉक्साइड मानों में क्रमश: 51.1 प्रतिशत एवं 12.9 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई जबकि सैपोनीफिकेशन मान में 36.2 प्रतिशत तक की कमी आई। वसा में कमी तथा मेम्ब्रेन अखण्डता के नुकसान से प्याज बीजों की भण्डारण क्षमता कम हो सकती है।

भण्डारित लहसुन पर *इफेस्टिया कॉटेला* गतिविधि का मूल्यांकन

बादाम शलभ *इफेस्टिया कॉटेला* गतिविधि के मौसमी रूझान की निगरानी लहसुन भण्डारण में की गई और इसमें बादाम शलभ का प्रबंधन करने के लिए कोकून्स परजीव्याभ *ब्रैकन ब्रेवीकॉर्निस* को छोड़ने अथवा जारी करने के लिए उपयुक्त समय की पहचान करने हेतु व्यावसायिक रूप से उपलब्ध डेल्टा ट्रैप का उपयोग किया गया। वर्ष 2020 में जून से सितम्बर (23 से 35 मानक मौसमविज्ञान सप्ताह) के दौरान साप्ताहिक नर शलभ पकड़ को दर्ज किया गया। ट्रैप पकड़ से जून का पहला सप्ताह, अगस्त का दूसरा एवं चौथा सप्ताह में वयस्क आविर्भाव की तीन अतिव्यस्त स्थितियों का पता चला जिससे यह सुझाव मिलता है कि इन सप्ताहों में *परजीव्याभ कोकून्स* को छोड़ने से ई. कॉटेला संख्या का प्रभावी तरीके से दमन किया जा सकता है।

storage resulted in 0.64 % loss in seed oil content. The average seed germination in freshly harvested seeds was 80.5%, which declined to 52.3% after one year of ambient storage. The electrical conductivity which measures the membrane integrity increased by 108.6% in one year old seeds. The physico-chemical properties of the seed oil deteriorated with the age of the seed. In comparison to the control, the acid values and peroxide values of the seed oil increased by 51.1% and 12.9% respectively, whereas saponification value decreased by 36.2%.

The degradation of the lipids and the loss of membrane integrity may have reduced the storability of onion seeds.

Assessment of *Ephestia cautella* activity on stored garlic

The seasonal trend of almond moth *Ephestia cautella* activity was monitored in garlic storage using commercially available delta traps to identify the suitable time for the release of cocoons parasitoid *Bracon brevicornis* for managing almond moth. The weekly male moth catches were recorded from June to September (23rd to 35th standard meteorological week) in 2020. Trap catches revealed that three peaks of adult emergence *i.e.* 1st week of June, 2nd and 4th week of August which suggest that release of parasitic cocoon in these weeks can effectively suppress *E. cautella* population.



चित्र 6.1 : लहसुन भण्डारण में *ई. कॉटेला* शलभ गतिविधि का रूझान
Fig. 6.1: Trend of *E. cautella* moth activity in garlic storage

ट्रैप को स्थापित करने की अनुकूल ऊंचाई

प्रभावी तरीके से पकड़ को सुनिश्चित करने के लिए ट्रैप को स्थापित करने की ऊंचाई का अनुकूलनीकरण करने के लिए दो भिन्न ट्रैप ऊंचाइयों का मूल्यांकन किया गया। कृत्रिम प्रलोभन चारे वाले शलभ ट्रैप को दो भिन्न ऊंचाइयों यथा लहसुन स्टैक से तीन फीट ऊपर तथा दो फीट ऊपर रखा गया। ट्रैप में पकड़े गए शलभ को समय समय पर दर्ज किया गया और इससे यह पता चला कि दो फीट की ऊंचाई पर रखे गए ट्रैप की तुलना में तीन फीट की ऊंचाई पर रखे गए ट्रैप में कहीं अधिक वयस्क पकड़े गए।

Optimizing height of trap placement

In order to optimize the height of trap placement for effective catching, two different trap heights were evaluated. Moth traps containing synthetic lure was placed at two different heights *i.e.* 3 feet above garlic stake and 2 feet above garlic stake. The trap catches were recorded periodically and it revealed that trap placed above 3 feet above had more adult catches than 2 feet above placed.



चित्र 6.2 : दो भिन्न ऊंचाइयों पर रखे गए ट्रैप में *ई. कॉटेला* की पकड़

Fig.6.2: *E. cautella* trap catches at two different trap heights placement

प्रसार
Extension

परियोजना 7 : प्याज एवं लहसुन प्रौद्योगिकियों का हस्तांतरण एवं प्रभाव विश्लेषण

प्रसार गतिविधियों से प्रौद्योगिकी प्रसार करने में और इनमें पुन: सुधार करने के लिए इनके प्रभाव का मूल्यांकन करने में सहायता मिलती है। इस परियोजना का प्रयोजन भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा विकसित उन्नत प्रौद्योगिकियों का प्रसार करके और विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करके प्याज व लहसुन से जुड़े किसानों, प्रसार कार्मिकों व अन्य सभी संबंधित की जानकारी एवं कौशल में सुधार करना है।

अग्रिम पंक्ति प्रदर्शनों का प्रदर्शन

खरीफ, पछेती खरीफ तथा रबी मौसम में कुल पांच राज्यों यथा महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान तथा गुजरात में किसानों के खेतों में अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन लगाए गए ताकि विभिन्न कृषि जलवायु क्षेत्रों तथा कृषि परिस्थितियों के अंतर्गत किसानों के खेतों में फसल उत्पादन एवं सुरक्षा प्रौद्योगिकियों और इनकी प्रबंधन रीतियों का प्रदर्शन किया जा सके। निदेशालय द्वारा विकसित प्याज किस्मों के बीजों को इन राज्यों के चयनित प्रगतिशील किसानों को उपलब्ध कराया गया। स्थानीय किस्मों के प्याज बीज की व्यवस्था किसानों द्वारा स्वयं की गई।

खरीफ मौसम में प्रदर्शन

महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में खरीफ मौसम में प्रदर्शन प्रयोजन के लिए प्याज किस्मों नामत: भीमा रेड़, भीमा डार्क रेड़, भीमा सुपर, भीमा राज, भीमा सफेद तथा भीमा श्वेता को चुना गया।

इन राज्यों (महाराष्ट्र : 15, उत्तर प्रदेश : 50 तथा मध्य प्रदेश : 10) में कुल 75 खरीफ प्रदर्शन लगाए गए।

इन प्रदर्शनों के लिए चुने गए गांवों में शामिल थे : महाराष्ट्र के पुणे जिले में गडाखवाडी, वरूडे, गुलानी, वाफगांव, जवुलके, खडकवाडी, लोनी, पोण्डेवाडी, धामनी, रानमला, गोसासी, मिटगुडवाडी, कान्हुर मेसाई, खैरेवाडी तथा खैरेनगर; उत्तर

Project 7: Transfer of Onion and Garlic Technologies and Impact Analysis

Extension activities help to disseminate the technology and evaluate its impact for further refinement. This project aims at improving knowledge and skill of the farmers, extension workers and all others concerned with onion and garlic production through dissemination of improved technologies developed by the Directorate and conduction of various trainings.

Performance of frontline demonstrations

Frontline demonstrations were carried out at the farmers' fields in five states *viz.,* Maharashtra, Uttar Pradesh, Madhya Pradesh, Rajasthan and Gujarat during *kharif,* late *kharif* and *rabi* seasons to demonstrate crop production and protection technologies and its management practices in the farmers' field under different agro-climatic regions and farming situations. The seed of ICAR-DOGR onion varieties were provided to the selected progressive farmers of these states. The onion seed of local varieties were arranged by the farmers.

Demonstrations in *kharif* season

Onion varieties, Bhima Red, Bhima Dark Red, Bhima Super, Bhima Raj, Bhima Safed and Bhima Shweta were selected for *kharif* demonstrations in Maharashtra, Uttar Pradesh and Madhya Pradesh. Total 75 *kharif* demonstrations were carried out in these states (Maharashtra: 15, Uttar Pradesh: 50 and Madhya Pradesh: 10). The villages selected were - Gadakhwadi, Varude, Gulani, Wafgaon, Jawulke, Khadakwadi, Loni, Pondewadi, Dhamni, Ranmala, Gosasi, Mitgudwadi, Kanhur Mesai, Khairewadi and Khairenagar of Pune district in Maharashtra; Jalalpur Mafi, Bagahi, Keshavpur, Bhavanipur, Gangpur, Pratappur, Ramnagar,

प्रदेश के मिर्जापुर जिले में जलालपुर माफी, बगही, केशवपुर, भवानीपुर, गंगपुर, प्रतापपुर, रामनगर, पुरूषोत्तमपुर, भोपती तथा गोविन्दपुर; तथा मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में ओरेठी, इन्नीखेरा, अनिबहादुर, नाहरधोकी, चेटा तथा नाहरवाली। प्रदर्शन प्रयोजन के लिए निदेशालय द्वारा प्रत्येक प्रदर्शन के लिए पांच किलोग्राम प्याज बीज उपलब्ध कराया गया।

पछेती खरीफ मौसम में प्रदर्शन

महाराष्ट्र में पछेती खरीफ प्रदर्शनों के लिए प्याज किस्मों नामत: भीमा राज, भीमा रेड़, भीमा शक्ति तथा भीमा शुभ्रा को चुना गया। महाराष्ट्र में कुल 15 पछेती प्रदर्शन लगाए गए। इस प्रयोजन के लिए चुने गए गांवों में शामिल थे : महाराष्ट्र के पुणे जिले में गडाखवाडी, वरूडे, गुलानी, वाफगांव, जवुलके, खडकवाडी, लोनी, पोण्डेवाडी, धामनी, रानमाला, गोसासी, मिटगुडवाडी, कान्हुर मेसाई, खैरेवाडी तथा खैरेनगर। प्रदर्शन प्रयोजन के लिए, निदेशालय द्वारा प्रत्येक प्रदर्शन हेतु पांच किलोग्राम प्याज बीज उपलब्ध कराया गया।

रबी मौसम में प्रदर्शन

महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान तथा गुजरात में रबी प्रदर्शन के लिए प्याज की किस्मों नामत: भीमा शक्ति एवं भीमा श्वेता को चुना गया।

इन राज्यों (महाराष्ट्र : 15, उत्तर प्रदेश : 14, राजस्थान : 1 तथा गुजरात : 5) में कुल 35 रबी प्रदर्शन लगाए गए।

इस प्रयोजन के लिए चुने गए गांव थे : महाराष्ट्र के पुणे जिले में गडाखवाडी, वरूडे, गुलानी, वाफगांव, जवुलके, खडकवाडी, लोनी, पोण्डेवाडी, धामनी, रानमला, गोसासी, मिटगुडवाडी, कान्हुर मेसाई, खैरेवाडी तथा खैरेनगर; उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में जलालपुर माफी, बगही, केशवपुर, भवानीपुर, गंगपुर, प्रतापपुर, रामनगर, पुरूषोत्तमपुर, भोपती तथा गोविन्दपुर; लखनऊ जिले में चिनहट, बलिया जिले में टुकुवाडी तथा वाराणसी ; राजस्थान में जालौर और गुजरात में मोरबी।

प्रदर्शन प्रयोजन के लिए निदेशालय द्वारा प्रत्येक प्रदर्शन में पांच किलोग्राम प्याज बीज उपलब्ध कराया गया। सभी परीक्षणों में निदेशालय द्वारा की गईं संस्तुतियों का अनुपालन किया गया।

सभी परीक्षणों में प्रचलित संवर्धन रीतियों का वर्णन नीचे किया गया है :

Purushottampur, Bhopti and Govindpur of Mirzapur district in Uttar Pradesh and Orethi, Innikhera, Anibahadur, Nahardhoki, Cheta and Naharwali of Morena district of Madhya Pradesh. Five kg onion seed was provided for each demonstration by the Directorate.

Demonstrations in late *kharif* season

Onion varieties, Bhima Raj, Bhima Red, Bhima Shakti and Bhima Shubhra were selected for late *kharif* demonstrations in Maharashtra. Total 15 late *kharif* demonstrations were carried out in Maharashtra. The villages selected were - Gadakhwadi, Varude, Gulani, Wafgaon, Jawulke, Khadakwadi, Loni, Pondewadi, Dhamni, Ranmala, Gosasi, Mitgudwadi, Kanhur Mesai, Khairewadi and Khairenagar of Pune district. Five kg onion seed was provided for each demonstration by the Directorate.

Demonstrations in *rabi* season

Onion varieties, Bhima Shakti and Bhima Shweta were selected for *rabi* demonstrations in Maharashtra, Uttar Pradesh, Rajasthan and Gujarat. Total 35 *rabi* demonstrations were carried out in these states (Maharashtra: 15, Uttar Pradesh: 14, Rajasthan: 1 and Gujarat: 5). The villages selected were - Gadakhwadi, Varude, Gulani, Wafgaon, Jawulke, Khadakwadi, Loni, Pondewadi, Dhamni, Ranmala, Gosasi, Mitgudwadi, Kanhur Mesai, Khairewadi and Khairenagar of Pune district in Maharashtra; Jalalpur Mafi, Bagahi, Keshavpur, Bhavanipur, Gangpur, Pratappur, Ramnagar, Purushottampur, Bhopti and Govindpur of Mirzapur district, Chinhat of Lucknow district, Tukuwadi of Balia district and Varanasi in Uttar Pradesh, Jalore in Rajasthan and Morbi in Gujarat. For demonstration purpose, 5 kg onion seed was provided for each demonstration by the Directorate. Recommendations made by the Directorate were followed in all trials.

The cultural practices which were common to all trials are described below.

नर्सरी तैयार करना : क्यारी तैयार करने से पहले पूर्ववर्ती फसलों के मलबे, खरपतवारों तथा पत्थरों को हटाया गया। उठी हुईं क्यारियां (आकार 1.5 मीटर चौडी x 4 मीटर लंबी x 15 सेमी. ऊंची) तैयार की गईं। डैम्पिंग ऑफ रोग से होने वाले नुकसान से बचने के लिए बुवाई से पहले थिराम @ 2 ग्राम/किग्रा. बीज की दर से बीजों को उपचारित किया गया। क्यारी तैयार करने के समय @ 50 किलोग्राम गोबर की खाद तु @10 किलोग्राम वर्मी कम्पोस्ट को शामिल किया गया। खरीफ मौसम में बीजों की बुवाई का कार्य जून माह में, पछेती खरीफ मौसम में अगस्त माह में और रबी मौसम में अक्तूबर माह में किया गया। बुवाई से पहले, क्यारियों को नम किया गया और तब खरपतवार नाशक *पेन्डीमिथालिन* @2 मिलि./लि. का छिड़काव किया गया। बीजों को कार्बेन्डाजिम @3 ग्राम/किग्रा. बीज की दर से उपचारित किया गया। बीजों (35 ग्राम/क्यारी) को रेत और वर्मी कम्पोस्ट के साथ मिश्रित किया गया और क्यारी में कतार में बोया गया। दो कतारों अथवा पंक्तियों के बीच दूरी 8 सेमी. की थी और बुवाई की गहराई 1 से 1.15 सेमी. रखी गई। बीजों पर पतली अथवा महीन मृदा चढ़ाई गई और उसके उपरान्त हल्की सिंचाई की गई।

भूमि की तैयारी एवं पौध रोपण : पौध रोपण करने से पहले खेत में जुताई की गई और कूडा करकट और मिट्टी के ढ़ेलों को सही तरीके से हटाया गया। भूमि तैयार करते समय इसमें प्रति हेक्टेयर की दर पर 15 टन गोबर की खाद मिलाई गई। ड्रिप सिंचाई के साथ 1.2 मीटर चौडे,15 सेमी. ऊंचे और 60 मीटर लंबे चौड़े क्यारी खांचों में पौद का रोपण किया गया। खरीफ मौसम में बुवाई के 45 दिनों बाद पौद की रोपाई की गई जबकि पछेती खरीफ मौसममें बुवाई के 50 दिनों बाद और रबी मौसम में बुवाई के 55 दिनों बाद पौद की रोपाई की गई। पौध रोपण करने से पहले, क्यारी को ड्रिप सिंचाई करके नम किया गया और उसमें खरपतवारनाशक पेन्डीमिथालिन (2मिलि./लिटर) का छिड़काव किया गया। पौध को उखाड़ने के बाद पत्तियों के एक–तिहाई भाग को काटा गया और जड़ों को साफ जल से धोया गया। तदुपरान्त पौध को 15 ग्राम कार्बेन्डाजिम वाले 10 लिटर पानी में एक घंटे के लिए रखा गया।

पोषक तत्व प्रबंधन : प्रति हेक्टेयर 25:40:40:30 किलोग्राम नाइट्रोजन – फॉस्फोरस – पोटेसियम – सल्फर (NPKS) के साथ 15 टन/हे. गोबर की खाद की आधारीय खुराक का प्रयोग खरीफ मौसम में किया गया। इसी प्रकार पछेती खरीफ मौसम में प्रति हेक्टेयर 40:40:60:30 किलोग्राम NPKS के साथ 15 टन/हे. गोबर की खाद की आधारीय खुराक का प्रयोग किया गया और रबी मौसम में प्रति हेक्टेयर 40:40:60:30 किलोग्राम NPKS के साथ 15 टन/हे. गोबर की खाद की आधारीय खुराक

Nursery raising: The debris of previous crops, weeds and stones were removed before bed preparation. Raised beds (size: 1.5 m width x 4 m length x 15 cm height) were prepared. Seeds were treated with thiram @ 2 g/kg seed before sowing to avoid damage from damping off disease. At the time of bed preparation, 50 kg of FYM and 10 kg vermicompost were added. Seed sowing has been done in the month of June in *kharif*, August in late *kharif* and October in *rabi* season. Before sowing, the beds were moistened and then sprayed with weedicide pendimethalin @ 2ml/L. Seeds were treated with carbendazim @ 3 g/kg of seeds. The seeds (35 g/bed) were mixed with sand and vermicompost, and sown in line on bed. Distance between two lines was 8 cm and depth of sowing was 1-1.5 cm. Seeds were covered with fine soil followed by light watering.

Land preparation and transplanting: Prior to transplanting, field was ploughed and disked properly to eliminate debris and soil clods. At the time of land preparation, 15 t FYM/ha was added. Seedlings were transplanted on broad bed furrows of 1.2 m width, 15 cm height and 60 m length with drip irrigation. Transplanting of seedlings has been done after 45 days of sowing in *kharif*, after 50 days of sowing in late *kharif* and after 55 days of sowing in *rabi* season. Before transplanting, the bed was wetted by drip irrigation and weedicide pendimethalin (2 ml/L) was sprayed. After uprooting of seedlings, 1/3rd part of leaves was cut and the roots were washed by clean water and then seedlings were kept for an hour in 10 L water having 15 g carbendazim.

Nutrient management: Basal dose of FYM 15 t/ha with 25:40:40:30 kg NPKS/ha applied in *kharif*, FYM 15 t/ha with 40:40:60:30 kg NPKS/ha applied in late *kharif* and FYM 15 t/ha with 40:40:60:30 kg NPKS/ha applied in *rabi* season.

First top dress doses (after 15 days of basal dose)

का प्रयोग किया गया। आधारीय खुराक का प्रयोग करने के 15 दिनों बाद खरीफ मौसम में 25 किलोग्राम नाइट्रोजन/हे. को पहली ऊपर से छिड़काव के रूप में उपयोग किया गया। जबकि पछेती खरीफ मौसम में 35 किलोग्राम नाइट्रोजन/हे. को तथा रबी मौसम में 35 किग्रा. नाइट्रोजन/हे. के रूप में छिड़काव करके उपयोग किया गया। दूसरी बार ऊपर से छिड़काव करने वाली खुराक के रूप में (पहली बार ऊपर से छिड़काव करने के 15 दिनों बाद) खरीफ में 25 किग्रा. नाइट्रोजन/हे. का, पछेती खरीफ मौसम में 35 किग्रा. नाइट्रोजन/हे. का तथा रबी मौसम में 35 किग्रा.नाइट्रोजन/हे. का उपयोग किया गया। इसके अलावा, बढ़वार अवस्थाओं के दौरान आवश्यकतानुसार NPKS सूक्ष्म पोषक तत्वों का छिड़काव (5 ग्राम/लि.) किया गया।

नाशीजीव एवं रोग प्रबंधन : रोगों और नाशीजीवों के प्रकोप की रोकथाम करने के लिए पौध रोपण के 30 एवं 45 दिनों बाद क्रमशः प्रोफिनोफॉस (1 मिलि./लि.) के साथ तथा हेक्साकोनाजॉल (1 ग्राम/लिटर) के साथ कार्बोसल्फॉन (2 मिलि./लिटर) के पर्णीय छिड़काव किए गए।

सिंचाई : दो टपकन के बीच 40 सेमी. की दूरी रखते हुए 16 मिमी. लेटरल के इनलाइन ड्रिपर का उपयोग किया गया और प्रति घंटा चार लिटर का निस्राव जारी किया गया। टपक सिंचाई को दैनिक आधार पर दिन में दो बार आधे घंटे के लिए दिया गया। तुड़ाई कार्य से 20 दिन पहले सिंचाई को रोक दिया गया।

तुड़ाई : 50 से 60 प्रतिशत ग्रीवा पतन अवस्था में तुड़ाई कार्य किया गया।

अग्रिम पंक्ति प्रदर्शनों का प्रदर्शन

खरीफ मौसम के दौरान आयोजित किए गए प्रदर्शनों में पता चला कि प्याज की किस्म भीमा डार्क रेड़ में अंकुरण प्रतिशत (97), औसत कंद भार (82 ग्राम) तथा उपज (262 क्विं./हे.) सबसे अधिक दर्ज की गई। इसके साथ ही स्थानीय किस्म (180 क्विं./हे.) की तुलना में भीमा सुपर (255 क्विं./हे.), भीमा राज (240 क्विं./हे.), भीमा रेड़ (235 क्विं./हे.), भीमा सफेद (230 क्विं./हे.), भीमा श्वेता (225 क्विं./हे.) में भी कहीं अधिक उपज दर्ज की गई। पछेती खरीफ प्रदर्शनों में भीमा राज की अंकुरण प्रतिशत (95) तथा भीमा शक्ति का औसत कंद भार (87 ग्राम) एवं उपज (440 क्विं./हे.) सबसे अधिक थी। पछेती खरीफ प्रदर्शनों में भीमा राज (425 क्विं./हे.), भीमा रेड़ (410 क्विं./हे.) तथा भीमा शुभ्रा (375 क्विं./हे.) में भी स्थानीय किस्म (245 क्विं./हे.) की तुलना में अधिक उपज हासिल की गई।

उत्तर प्रदेश में रबी मौसम के दौरान आयोजित किए गए प्रदर्शनों से पता चला कि भीमा शक्ति की अंकुरण प्रतिशत (94), औसत कंद भार (82 ग्राम) तथा विपणन योग्य उपज (345 क्विं./हे.) सबसे

were applied of 25 kg N/ha (*kharif*), 35 kg N/ha (late *kharif*), and 35 kg N/ha (*rabi*) and second top dress doses (after 15 days of 1st top dress) were applied of 25 kg N/ha (*kharif*), 35 kg N/ha (late *kharif*) and 35 kg N/ha (*rabi*).

Besides NPKS, micronutrient spray (5 g/L) was applied as per requirement during growth stages.

Pest and disease management: Foliar sprays of carbosulfan (2 ml/L) with profenophos (1 ml/L) with hexaconazole (1 g/L) were given 30 and 45 DAT respectively, to control diseases and pests.

Irrigation: Inline dripper of 16 mm lateral with 40 cm distance between two drippers was used & discharge of 4 L/hour was released. Drip irrigation was given for half an hour twice a day on daily basis. Irrigation was stopped before 20 days of harvesting.

Harvesting: It was done at 50-60% neck fall stage.

Performance of frontline demonstrations

The demonstrations in *kharif* season revealed that the germination percentage (97), average bulb weight (82g) and yield (262 q/ha) of Bhima Dark Red was the highest. Bhima Super (255 q/ha), Bhima Raj (240 q/ha), Bhima Red (235 q/ha), Bhima Safed (230 q/ha), Bhima Shweta (225 q/ha) also yielded more than local variety (180 q/ha). The germination percentage (95) of Bhima Raj, average bulb weight (87 g) and the yield (440 q/ha) of Bhima Shakti were the highest in late *kharif* demonstrations. Bhima Raj (425 q/ha), Bhima Red (410 q/ha) and Bhima Shubhra (375 q/ha) also yielded more than local variety (245 q/ha) in late *kharif* demonstrations.

Demonstrations conducted in *rabi* in Uttar Pradesh revealed that the germination percentage (94), average bulb weight (82 g) and marketable

अधिक थी। भीमा श्वेता (300 क्विं./हे.) में स्थानीय किस्म के मुकाबले में कहीं अधिक उपज हासिल की गई। भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा विकसित किस्में सभी प्रदर्शनों में स्थानीय किस्मों के मुकाबले में कहीं बेहतर पाई गईं।

विभिन्न स्थानों पर आयोजित परीक्षणों के प्रदर्शन को तालिका 7.1 में दर्शाया गया है।

yield (345 q/ha) of Bhima Shakti were the highest. Bhima Shweta (300 q/ha) also yielded more than the local variety. The varieties developed by ICAR-DOGR were found superior over the local cultivars in all the demonstrations.

The performance of trials at different locations is given in Table 7.1.

तालिका 7.1 : अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन परीक्षणों का प्रदर्शन

Table 7.1: Performance of frontline demonstration trials

सीजन/Season	किस्म Variety	अंकुरण प्रतिशत Germination Percentage	औसत कंद भार (ग्राम) Av. bulb weight (g)	विपणन योग्य उपज (क्विं/हे.) Marketable yield (q/ha)
खरीफ/Kharif	भीमा रेड़ /Bhima Red	92	76.00	235
	भीमा डार्क रेड़/Bhima Dark Red	97	82.00	262
	भीमा सुपर/Bhima Super	95	74.00	255
	भीमा राज/Bhima Raj	92	75.00	240
	भीमा सफेद/Bhima Safed	93	75.00	230
	भीमा सफेद/Bhima Shweta	96	76.00	225
	स्थानीय/Local	80	65.00	180
पछेती खरीफ Late *Kharif*	भीमा शक्ति/Bhima Shakti	92	87.00	440
	भीमा राज/Bhima Raj	95	78.00	425
	भीमा रेड़/Bhima Red	90	82.00	410
	भीमा शुभ्रा/Bhima Shubhra	93	84.00	375
	स्थानीय /Local	76	72.00	245
रबी /*Rabi*	भीमा शक्ति/Bhima Shakti	94	82.00	345
	भीमा श्वेता/Bhima Shweta	90	80.00	300
	स्थानीय/Local	75	70.00	260

चित्र 7.1 : मुरैना (मध्य प्रदेश) में प्रदर्शन
Fig 7.1: Demonstrations in Morena (Madhya Pradesh)

पादप सुरक्षा में *एलियम* के उपयोग पर स्वदेशी तकनीकी ज्ञान का प्रलेखन एवं मूल्यांकन

आधुनिक कृषि में, रासायनिक कीटनाशकों का अविवेकपूर्ण उपयोग करने के कारण स्वास्थ्य खतरे बढ़े हैं, नाशीजीवों में कीटनाशक प्रतिरोधिता का विकास होता है और साथ ही पर्यावरणीय प्रदूषण भी देखने को मिलता है। प्याज एवं लहसुन स्वदेशी नाशीजीव प्रबंधन रीतियों में प्रमुख संघटक हैं। इसलिए, फसल सुरक्षा रीतियों में प्याज व लहसुन के जातीय–वानस्पतिक उपयोग पर स्वदेशी तकनीकी ज्ञान को दस्तावेजी रूप देने और प्रमाणित करने के लिए अध्ययन किया गया। पारम्परिक कृषि समुदाय के बीच विभिन्न फसलों के नाशीजीवों और रोगों की रोकथाम करने और उनसे बचाव करने के लिए स्वदेशी तकनीकी ज्ञान (ITK) में प्याज के साथ साथ लहसुन के दस्तावेजी उपयोगों की छंटाई विभिन्न प्रकाशित लेखों, अनुसंधान अध्ययनों, पुस्तकों और थीसिस से की गई। स्वदेशी तकनीकी ज्ञान के प्रमाणन संबंधी कार्य को संबंधित वैज्ञानिक क्षेत्र के तीस विशेषज्ञों के साथ किया गया। अध्ययन से पता चला कि 36 फार्मुलेशन में से, 30.56 प्रतिशत में 150 में से 120 से अधिक का वैधता स्कोर होने का दावा किया गया है और 61.11 प्रतिशत में 100 तथा 120 के बीच स्कोर होने का दावा किया गया है। उच्चतर वैधता स्कोर (120 से अधिक) वाले फार्मुलेशन को तालिका 1 में दर्शाया गया है। इन परिणामों में प्रदर्शित हुआ कि विभिन्न सब्जियों, अनाजों, दलहन तथा व्यावसायिक फसलों की सुरक्षा में नाशकजीवनाशी तथा कवकनाशी उपयोगों में व्यापक उपयोगिता है। लक्षित नाशीजीवों पर प्रभावी प्रयोग करने के लिए फार्मुलेशन का स्व: पात्रे मानकीकरण करना जरूरी है। अपशिष्ट मुक्त खाद्य उत्पादन के लिए इन स्वदेशी तकनीकी ज्ञान को लोकप्रिय बनाना और इनका व्यावसायीकरण करना वरदान सिद्ध हो सकता है।

Documentation and assessment of indigenous technical knowledge on uses of *Alliums* in plant protection

In modern agriculture, indiscriminate use of chemical pesticides has resulted in health hazards, development of insecticide resistance in pests, and environmental pollution. Onion and garlic are important ingredients in indigenous pest management practices. Therefore, the present study was undertaken to document and validate the Indigenous Technical Knowledge on ethno-botanical use of onion and garlic in crop protection practices. The documented uses of onion as well as garlic in Indigenous Technical Knowledge (ITK) for prevention and control of pest and diseases of various crops among the traditional farming communities were screened from various published articles, research studies, books and thesis. The validation of the ITKs was done with 30 experts from the relevant scientific field. Study revealed that among the 36 formulations, 30.56 per cent were claimed to have the validity score above 120 and 61.11 per cent were scored between 100 and 120 out of 150. The formulations having higher validity score (above 120) are given in the table 1. These results showed their wider applicability in pesticidal and fungicidal uses in protection of various vegetables, cereals, pulses and commercial crops. In vitro standardization of formulation is necessary for effective application on targeted pest. Popularization and commercialization of these ITKs can be boost for residue free food production.

तालिका 7.2 : विशेषज्ञों द्वारा पादप सुरक्षा में प्याज व लहसुन के स्वदेशी उपयोग की वैधता एवं तर्कसंगत

Table 7.2: Validity and rational of indigenous use of onion and garlic in plant protection by experts

फसल, रोग/नाशीजीव एवं आईटीके **Crop, disease/pest and ITKs**	वैधता स्कोर **Validity score**
सब्जियां (*एफिड़*)/Vegetables (Aphids)	
लहसुन एवं नीम (*एजाडिरेक्टा इण्डिका*) केक के अर्क अथवा सत् का मिश्रण A mixture of extracts of garlic and neem (AzadirachtaIndica) cake	142
धान /Paddy	
(नाशीजीव हमला)/(pests attack)	
नीम की पत्तियों, लहसुन तथा खैनी/तम्बाकू पत्तियों के विलयन का प्रयोग Application of the dilution of Neem leaves, garlic and 'khaini' / tobacco leaves	138
खाद्यान्न, मटर बीज तथा दालें Food grains, pea seeds and pulses	
कीटों नाशीजीवों से दानों को बचाने के लिए भण्डारित दानों के साथ नीम की पत्तियों, प्याज व लहसुन को रखा जाता है। Neem leaves, Onion and Garlic are kept with stored grains to protect the grains from insect pests	138
सब्जियां (सभी नाशीजीव)/Vegetables (All pests)	
नीम केक 16.66 प्रतिशत का प्रयोग, भस्म अथवा राख 23.33 प्रतिशत का छिड़काव, लहसुन (*एलियम सैटाइवम*) तथा एसाफोटिडा (*फेरूला एसाफोटिडा*) घोल 10 प्रतिशत का छिड़काव, साबुन के पानी 2.50 प्रतिशत का छिड़काव Application of neem cake 16.66 percent, dusting the ash 23.33 percent, spraying garlic (*Allium sativum*) and asafoetida (*Ferula asafoetida*) solution 10 percent, spraying of soap water 2.50 percent	130
चूा तथा अरहर (*हेलिकोवर्पा आर्मीजेरा*)/Chick pea and pigeon pea (*Helicoverp aarmigera*)	
स्वदेशी गाय का मूत्र 15 – 20 लिटर नीम (*एजाडिरेक्टा इण्डिका*) की कुटी हुई पत्तियां 1.5 – 2 किग्रा. + निकोटियाना प्रजातियां 500 ग्राम + कुटी हुई हरी मिर्च 500 ग्राम + लहसुन पेस्ट 250 ग्राम Indigenous cow urine 15-20 liter + crushed leaves of Neem(*Azadiractaindica*) 1.5-2 kg + Nicotianaspp 500 gm + crushed green chilli 500 gm + garlic pest 250 gm.	130
सब्जियां (पत्ती रोलर, तना/फल/फली वेधक) Vegetables (leaf roller, stem/ fruit/ pod borer)	
एक किलोग्राम आइपोमिया (बेसारम) पत्तियों, 500 ग्राम लाल मिर्च, 500 ग्राम लहसुन तथा 5 किलोग्राम नीम पत्तियों को कूट कर दस लिटर गोमूत्र में मिला लें। Crush 1 kg Ipomea (besaram) leaves, 500 gm hot chilli, 500 gm garlic and 5 kg neem leaves in 10 lit cow urine.	128
धान (गांधी बग)/Paddy (Gandhi bug)	
एक किलोग्राम लहसुन (*एलियम सैटाइवम*), 200 ग्राम तम्बाकू पत्तियों का सत् तथा 200 ग्राम वॉशिंग पाउडर को 200 लिटर जल में घोल लें। Extract 1kg of garlic (*Allium sativum*), 200g of tobacco leaves, 200g washing powder dissolved in 200 lit water.	126

फसल, रोग/नाशीजीव एवं आईटीके **Crop, disease/pest and ITKs**	वैधता स्कोर **Validity score**
पत्तागोभी, फूलगोभी तथा अन्य सब्जियां Cabbage, cauliflower and other vegetables	
(चूसक कीट जैसे कि जैसिड तथा एफिड़ एवं लार्वा) (Sucking insects, such as jassids and aphids and larva)	
गोमूत्र 100 लिटर नीम की पत्तियां 40 – 50 किलोग्राम लहसुन 5 किलोग्राम और तम्बाकू (महीन रूप से ग्राइन्ड की हुई) 5 किलोग्राम के मिश्रण को तांबे के बरतन में बंद करके एक पखवाडे के लिए रखा जाता है। तदुपरान्त इसे स्टील के बरतन में 50 से 60 प्रतिशत तक कम होने तक गरम किया जाता है । छानने के उपरान्त यह छिड़काव के लिए तैयार है। Mixture of Cow urine 100 litres + Neem leaves 40 -50 kg + Garlic 5 kg and Tobacco (finely grinded) 5 kg is sealed in copper utensil and kept for a fortnight. Thereafter it is boiled in steel container to reduce it by 50-60 %. After filtering ready to spray	124
धान (नाशीजीव एवं रोग)/Paddy (Pest and disease)	
एक किलोग्राम लहसुन तथा नोची पत्ती को गोमूत्र के साथ पांच लिटर जल में भिगो कर रखा जाता है। इस अर्क अथवा सत् को 1 : 1 के अनुपात में जल के साथ मिश्रित किया जाता है और प्रात: काल के समय छिड़काव किया जाता है। One kg garlic and notchi leaf are soaked in 5 litres water for 5 days mixed with cow urine. The extract is mixed with water in the ratio of 1:1 and sprayed in the morning	124
चावल दानें /Rice grains	
हल्दी (*कुरकुमा लॉगा*) तथा लहसुन (*एलियम सैटाइवम*) को चावल दानों के साथ मिलाया जाता है Turmeric (*Curcuma longa*) and garlic (*Allium sativum*) are mixed with rice grains	124
आलू /Potato	
(नाशीजीव प्रकोप को न्यूनतम करना)/(Minimize pest attack)	
आलू (*सोलेनम टयूबरोसम*) में लहसुन (*एलियम सैटाइवम*) का अंतर फसलचक्र Intercropping garlic (Allium sativum) in potato (Solanumtuberosum)	122

अखिल भारतीय प्याज एवं लहसुन नेटवर्क अनुसंधान परियोजना
All India Network Research Project on Onion and Garlic

प्याज किस्म

खरीफ मौसम के दौरान लाल प्याज में आईईटी (6), एवीटी–1 (2), एवीटी – 2 (2) प्रविष्टियों को; पछेती खरीफ मौसम में लाल प्याज एवीटी 1 (2), एवीटी 2 (2), सफेद प्याज एवीटी 1 (2) तथा किस्मीय प्रदर्शन एवीटी 1 (9) प्रविष्टियों; रबी मौसम के दौरान लाल प्याज आईईटी (6), एवीटी 1 (2), एवीटी 2 (4), अगेती परिपक्वता परीक्षण (2), सफेद प्याज आईईटी (2), एवीटी 1 (2) और सफेद प्याज उच्च टीएसएस आईईटी (4) प्रविष्टियों को अन्य तुलनीय किस्मों के साथ जांचा गया। दीर्घ प्रदीप्तिकाल वाले रबी लाल प्याज आईईटी (6), एवीटी 1 (4), एवीटी 2 (4), सफेद प्याज आईईटी (2), एवीटी 1 (2) तथा सफेद प्याज उच्च टीएसएस आईईटी (4) प्रविष्टियों को अन्य तुलनीय किस्मों के साथ जांचा गया।

प्याज संकर

लघु प्रदीप्तिकाल आईईटी खरीफ में, दो लाल प्याज की प्रविष्टियों और आईईटी पछेती खरीफ में, दो लाल प्याज प्रविष्टियों को अन्य तुलनीय किस्मों के साथ जांचा गया। आईईटी लघु प्रदीप्तिकाल तथा दीर्घ प्रदीप्ति काल रबी में तीन लाल प्याज प्रविष्टियों को अन्य तुलनीय किस्मों के साथ जांचा गया।

लहसुन का किस्मीय मूल्यांकन : रबी मौसम के दौरान लघु प्रदीप्ति काल वाली लहसुन आईईटी (9) तथा एवीटी 2 (3) प्रविष्टियों को अन्य तुलनीय किस्मों के साथ साथ जांचा गया और रबी दीर्घ प्रदीप्ति काल लहसुन आईईटी (9) तथा एवीटी 2 (4) प्रविष्टियों को अन्य तुलनीय किस्मों के साथ जांचा गया।

फसल उत्पादन

परीक्षण आयोजित किए गए जिनमें प्याज की फसल में ड्रिप सिंचाई प्रणाली के माध्यम से उर्वरकों का प्रयोग करने की समय–सारणी का प्रयोग करना, लहसुन की फसल में ड्रिप सिंचाई प्रणाली के माध्यम से उर्वरकों का प्रयोग करने की समय–सारणी का प्रयोग करना, प्याज उत्पादन पर प्याज सीड ड्रिल का उपयोग करके सीधी बुवाई का प्रभाव, प्याज बीज फसल में खरपतवार प्रबंधन अध्ययन, प्याज की बीज फसल पर जिंक एवं बोरोन के प्रयोग का प्रभाव, कश्मीर में दीर्घ प्रदीप्तिकाल वाली प्याज की खेती के लिए अनुकूलतम उर्वरक व्यवस्था का निर्धारण करना, कश्मीर में दीर्घ प्रदीप्तिकाल वाली लहसुन फसल के लिए अनुकूलतम उर्वरक

Onion Varietal

During *kharif*, in red onion IET (6), AVT-I (2), AVT-II (2) entries, in late *kharif*, red onion AVT-I (2), AVT-II (2), white onion AVT-I (2) and varietal performance AVT-I (9) entries, in *rabi* red onion IET (6),AVT-I (2),AVT-II (4), early maturity trial (2), white onion IET (2), AVT-I (2) and white onion Hi-TSS IET (4) entries were tested along with check. In long day *rabi* red onion IET (6), AVT-I (4), AVT-II (4), white onion IET (2), AVT-I (2) and white onion Hi-TSS IET (4) entries were tested along with check.

Onion Hybrid

In short day IET *kharif*, two red onion entries and in IET late *kharif*, two red onion entries were tested along with check. In IET short day and long day *rabi*, three red onion entries were tested along with check.

Garlic Varietal Evaluation: In *rabi* short day garlic, IET (9) and AVT-II (3) entries were tested along with check and in *rabi* long day garlic IET (9) and AVT-II (4) entries were tested along with check.

Crop Production

Trials were conducted on fertilizer scheduling through drip irrigation system in onion, fertilizer scheduling through drip irrigation system in garlic, effect of direct sowing using onion seed drill on onion production, weed management studies in onion seed crop, effect of zinc and boron application on onion seed crop, determination of optimum fertilizer regime for long day onion cultivation in Kashmir, Determination of optimum fertilizer regime for long day garlic cultivation in

व्यवस्था का निर्धारण करना तथा लहसुन में रोपण सामग्री के रूप में कंदिका का मूल्यांकन करना शामिल था।

पादप स्वास्थ्य प्रबंधन

पादप स्वास्थ्य प्रबंधन में, प्याज एवं लहसुन के प्रमुख रोगों पर सर्वे करना एवं इनकी निगरानी करना, रोग प्रतिरोधिता के लिए प्याज व लहसुन किस्मों/वंशक्रमों की स्क्रीनिंग करना, प्याज बीज फसल में आइरिस येलो स्पॉट वायरस के महामारीविज्ञान पर *थ्रिप्स टैबेकी* विविधता का प्रभाव, प्याज एवं लहसुन के कीट नाशीजीवों का सर्वे एवं निगरानी करना, *थ्रिप्स* प्रतिरोधिता के लिए प्याज व लहसुन की किस्मों/वंशक्रमों की स्क्रीनिंग संबंधी कार्य किया गया।

Dr. Major Singh, Director, Directorate of Onion and Garlic Research narrated that Aggregatum onion is one of the major vegetable crops of South India which has significant place in South Indian dishes and Tamil Nadu Agricultural University released six varieties in aggregatum onion. He insisted on development of management technologies on long term basis for improving the production and productivity of aggregatum onion. Dr. K. E. Lawande, Former Vice Chancellor of Dr. Balasaheb Sawant Konkan Krishi Vidyapeeth, Dapoli, Former Director, ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research and President, Indian Society of Alliums, Pune emphasized the importance of aggregatum onion in South India and role played by TNAU in developing varieties for the region. He highlighted the need for conversion of bulb propagated onion crops to seed propagated ones. Further, he added that post harvest studies have to be taken up on storage of *rabi* harvested crop. The kind of storage losses *viz.,* rotting, sprouting loss and loss due to pest and diseases have to be clearly documented. He emphasized that bigger onion types with 4 to 5 bulblets will be the market need in the near future. He highlighted that area under aggregatum onion is increasing but still efforts should be made for area expansion under onion crop. Further, Dr. K. E. Lawande discussed about strategic role of Ooty climate in producing virus free garlic seed planting material. In this regard ICAR-DOGR and TNAU should join hands in producing virus free garlic planting material through biotechnological approaches parallel to seed plot technique developed by CPRI, Shimla in producing virus free potato seed, that has revolutionized potato production in India.

The Vice-Chancellor Dr. N. Kumar highlighted that, there is tremendous mechanization in Japan and Korea for onion cultivation. A team from Tamil Nadu Agricultural University will be visiting production areas in these countries to study the mechanization techniques, which will be adopted

अध्ययन किया जा सके जिन्हें भारत में अपनाया जाएगा। डॉ. कुमार ने पुन: दोहराया कि एग्रीगेटम प्याज एक महत्वपूर्ण फसल है जो कि अक्तूबर – नवम्बर के दौरान मूल्यवृद्धि होने पर अधिकांश मीडिया की सुर्खियां बनती है। इसलिए, एग्रीगेटम प्याज के भण्डारण एवं बाजार अनुसंधान को मजबूत करने की जरूरत है। पुन: पोषक तत्व, खरपतवार प्रबंधन तथा ड्रिप सिंचाई के लिए प्रौद्योगिकियों का विकास करने की जरूरत है। डॉ. के.ई. लवांडे से सहमति व्यक्त करते हुए डॉ. कुमार ने कहा कि सम्पूर्ण देश के लिए लहसुन बीज उत्पादन हेतु नीलगिरि एक आदर्श स्थान है और हालिया वर्षों में एक लेटेन्ट वायरस से नीलगिरि में बीज उत्पादन अत्यधिक रूप से प्रभावित हुआ है। जैसा कि तमिल नाडु कृषि विश्वविद्यालय में पादप आणविक जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र में सभी उत्कृष्ट सुविधाओं के साथ विशेषज्ञता विद्यमान है, अत: विषाणु मुक्त लहसुन रोपण सामग्री का उत्पादन करने की दिशा में प्रयास किए जाने चाहिए। तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ. के. ई. लवांडे ने की और अंतत: डॉ. विजय महाजन, सचिव, इंडियन सोसायटी ऑफ एलियम ने सत्र का समापन किया।

at home. He further added that aggregatum onion is an important crop which occupies the headlines of most media due to the implications caused by price hike during October- November. Hence, storage and market research on aggregatum onion need be strengthened. Further, technologies for nutrient, weed management and drip irrigation have to be developed. In agreement with Dr. K.E. Lawande, he also expressed that Nilgiri is the ideal location for garlic seed production for the entire country and in recent years, it is highly affected due to a latent virus which affects the seed production from Niligris. As Centre for Plant Molecular Biotechnology at Tamil Nadu Agricultural University has an expertise with all state of the art facilities, efforts should be taken up to produce virus free garlic planting material. The technical session was chaired by Dr. K. E. Lawande and finally, Dr. Vijay Mahajan, Secretary, Indian Society Alliums concluded the session.

अध्यक्षीय सम्बोधन प्रस्तुत करते हुए डॉ. एन. कुमार, कुलपति, तमिल नाडु कृषि विश्वविद्यालय
Dr. N. Kumar, Vice Chancellor, TNAU delivering presidential address

मुख्य सम्बोधन प्रस्तुत करते हुए डॉ. के. ई. लवांडे, अध्यक्ष, आईएसए, पुणे
Dr. K. E. Lawande, President, ISA, Pune delivering key note address

पुरस्कार प्राप्त करते हुए किसान
Farmer receiving award

प्रकाशनों का विमोचन
Release of publication

'ग्लोबल फार्मर्स' तथा 'कृषिक' प्रदर्शनियों में भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय की भागीदारी

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय ने दिनांक 9 – 12 जनवरी, 2020 के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र, नारायणगांव, पुणे में आयोजित कृषि प्रदर्शनी 'ग्लोबल फार्मर्स' में अपनी भागीदारी दर्ज कराई। इस प्रदर्शनी मे निदेशालय द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित किया गया। डॉ. विजय महाजन, प्रधान वैज्ञानिक, भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय ने दिनांक 10 जनवरी, 2020 को 'प्याज उत्पादन प्रौद्योगिकी' पर एक प्रस्तुतिकरण दिया ताकि किसानों के मध्य प्याज एवं लहसुन की प्रौद्योगिकियों के बारे में जागरूकता का सृजन किया जा सके। इस प्रदर्शनी में लगभग एक लाख किसान आए। इसके साथ ही भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय ने दिनांक 16 – 19 जनवरी, 2020 के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र, बारामती द्वारा अपने परिसर में आयोजित कृषि प्रदर्शनी 'कृषक 2020' में भी भाग लिया। निदेशालय के स्टॉल पर निदेशालय द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित किया गया। डॉ. एस.एस. गाडगे, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं श्री वी.एस. गुरव ने प्याज उत्पादकों के प्रश्नों के उत्तर दिए। प्रदर्शनी 'कृषक' में लगभग पांच लाख किसान आए।

ICAR-DOGR participated in 'Global Farmers' and 'Krushik'

ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research participated in agricultural exhibition 'Global Farmers 2020' organized by KVK, Narayangaon, Pune at its campus during 9-12 January 2020. The technologies developed by the Directorate were displayed at Directorate's stall. Dr. Vijay Mahajan delivered presentation on 'Onion Production Technology' on 10 January 2020 to create awareness about onion and garlic technologies among the farmers. The exhibition was visited by about one lakh farmers. ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research also participated in agricultural exhibition 'Krushik 2020' organized by KVK, Baramati at its campus during 16-19 January 2020. The technologies developed by the Directorate were displayed at Directorate's stall. Dr. S. S. Gadge and Mr. V. S. Gurav answered the queries of onion producers. The exhibition 'Krushik' was visited by about five lakh farmers.

ग्लोबल फार्मर्स में प्रतिभागिता
Participation in Global Farmers

कृषिक में प्रतिभागिता
Participation in Krushik

71 वां गणतंत्र दिवस समारोह

दिनांक 26 जनवरी, 2020 को भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे में 71वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। डॉ. मेजर सिंह, निदेशक ने राष्ट्र–ध्वज फहराया और निदेशालय के सभी कार्मिकों को इस दिवस के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर, निदेशालय की कर्मचारी कल्याण समिति द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता व सांस्कृतिक

Celebration of 71st Republic Day

The 71st Republic Day was celebrated at ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research, Rajgurunagar on 26 January, 2020. Dr. Major Singh, Director, hoisted the National Flag and conveyed the importance of the day to all the personnel of the Directorate in its reconciliation. On this occasion, sports competition and cultural

कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के समापन पर विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

programmes were organized by the Employees' Welfare Committee of the Directorate. The prizes were given to the winners at the end of the programme.

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा किसानों के लिए आत्मा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा महाराष्ट्र के चन्द्रपुर जिले के किसानों के लिए आत्मा स्कीम के अंतर्गत 'प्याज व लहसुन की वैज्ञानिक खेती' पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को दिनांक 25 – 27 फरवरी, 2020 के दौरान आयोजित किया गया। डॉ. मेजर सिंह, निदेशक, भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए उन्हें किसान कल्याण के लिए निदेशालय द्वारा चलाई जा रहीं गतिविधियों के बारे में संक्षेप में जानकारी दी । साथ ही निदेशक महोदय ने स्वच्छ भारत अभियान के बारे में जानकारी दी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्याज एवं लहसुन खेती से जुड़े विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया था। इसके अंतर्गत कुल 13 व्याख्यान और सात प्रैक्टीकल को शामिल किया गया था। निदेशालय के राजगुरूनगर तथा कालुस फार्म पर किसानों को अनेक कृषि रीतियों को दिखाया गया। इसके साथ ही किसानों को विभिन्न कृषि नवोन्मेषी तकनीकों को दिखाया गया। साथ ही किसानों को प्याज बाजार भी ले जाया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरान्त पारस्परिक वार्तालाप सत्र आयोजित किया गया जिसमें वैज्ञानिकों ने किसानों के प्रश्नों का उत्तर दिया। समापन समारोह में, प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। डॉ. एस.एस. गाडगे द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन डॉ. एस. एस. गाडगे, डॉ. आर.बी. काले और डॉ. किरण भगत ने किया।

ICAR-DOGR organized ATMA training programme for farmers

A training programme on "Scientific cultivation of onion and garlic" was organized by ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research under ATMA scheme for farmers of Chandrapur district (Maharashtra). The programme was of 3 days during 25-27 February 2020. Dr. Major Singh, Director, ICAR-DOGR welcomed the participants and briefed about the ongoing activities of Directorate for the farmers. He also spoke about Swachh Bharat Campaign. Different topics related to onion and garlic cultivation were covered in the training. There were in total 13 lectures and 7 practicals. The various agro-practices were demonstrated to farmers at Rajgurunagar and Kalus farms of the Directorate. Farmers were exposed to different agro-innovative techniques. They were also taken to onion market. After training programme, interactive session was conducted in which queries from the farmers were answered by the scientists. In valedictory function, certificates were distributed to the participants. The programme ended with vote of thanks by Dr. S. S. Gadge. The training programme was coordinated by Dr. S. S. Gadge, Dr. R. B. Kale and Dr. Kiran Bhagat.

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा कर्नाटक के किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा आईआरडीए, बेंगलुरू के साथ सहयोग करते हुए दिनांक 26 – 28 फरवरी, 2020 के दौरान कर्नाटक के चामराजनगर जिले के 25 किसानों के लिए 'प्याज व लहसुन की वैज्ञानिक खेती' विषय पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को नाबार्ड द्वारा प्रायोजित किया गया था। डॉ. मेजर सिंह, निदेशक, भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय ने प्रतिभागियों को निदेशालय द्वारा विकसित की गईं उन्नत प्याज व लहसुन प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही निदेशक महोदय ने स्वच्छ भारत अभियान के बारे में भी जानकारी दी। डॉ. एस.एस. गाडगे, डॉ. आर.बी. काले तथा डॉ. किरन भगन द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्याज एवं लहसुन की खेती से जुड़े विभिन्न विषयों को शामिल किया गया था। इसमें कुल तेरह व्याख्यान तथा सात प्रैक्टीकल को शामिल किया गया। निदेशालय के राजगुरूनगर तथा कालुस फार्म पर किसानों को अनेक कृषि रीतियों को दिखाया गया। इसके साथ ही किसानों को विभिन्न कृषि नवोन्मेषी तकनीकों को दिखाया गया। साथ ही किसानों को प्याज बाजार भी ले जाया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरान्त पारस्परिक वार्तालाप सत्र आयोजित किया गया जिसमें वैज्ञानिकों ने किसानों के प्रश्नों का उत्तर दिया। समापन समारोह में, प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। डॉ. एस.एस. गाडगे द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

ICAR-DOGR organized training programme for farmers of Karnataka

ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research in collaboration with IRDA, Bengaluru organized a training programme on "Scientific cultivation of onion and garlic" for 25 farmers of Chamrajnagar district (Karnataka) during 26-28 February, 2020. It was sponsored by NABARD. Dr. Major Singh, Director, ICAR-DOGR motivated the participants for adopting advance onion and garlic technologies developed by the Directorate. He also spoke about Swachh Bharat Campaign. The training programme was coordinated by Dr. S. S. Gadge, Dr. R. B. Kale and Dr. Kiran Bhagat. Different topics related to onion and garlic cultivation were covered in the training programme. There were in total 13 lectures and 7 practicals. The various agro-practices were demonstrated to farmers at Rajgurunagar and Kalus farms of the Directorate. Farmers were exposed to different agro-innovative techniques. They were also taken to onion market. After training programme, interactive session was conducted in which queries from the farmers were answered by the scientists. In valedictory function, certificates were distributed to the participants. The programme ended with vote of thanks by Dr. S. S. Gadge.

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह

भारतीय भौतिकी वैज्ञानिक सर चन्द्रशेखर वेंकट रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज के उपलक्ष्य में प्रति वर्ष दिनांक 28 फरवरी को भारत में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा दिनांक 28 फरवरी, 2020 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया जिसमें अनुसूचित जाति एवं नवबौध्द छात्राओं के लिए सरकारी आवासीय विद्यालय, चांडोली तथा अनुसूचित जाति एवं नवबौध्द छात्रों के लिए सरकारी आवासीय विद्यालय, पेथाट के 200 छात्र–छात्राओं और 8 शिक्षकों को शामिल किया गया। छात्र–छात्राओं को निदेशालय में किए जा रहे खेत एवं प्रयोगशाला परीक्षणों को दिखाया गया।

इस अवसर पर, छात्र–छात्राओं के लिए 'वैदिक विज्ञान बेहतर अथवा आधुनिक विज्ञान' विषय पर एक वाद–विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। सभी छात्र–छात्राओं को शिक्षा प्रयोजन के लिए स्कूल बैग और लेखन किट प्रदान की गई। छात्र–छात्राओं ने प्रतियोगिता में सक्रिय रूप से भाग लिया और छात्राओं और छात्रों दोनों में प्रथम तीन विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। डॉ. ए.जे. गुप्ता, प्रभारी निदेशक ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए विज्ञान दिवस का महत्व बताया।

डॉ. एस. जे. गावंडे, डॉ. एस.एस. गाडगे, डॉ. आर. बी. काले तथा डॉ. प्रांजली घोडके ने कार्यक्रम का समन्वय किया। डॉ. आर. बी. काले ने कार्यक्रम का संचालन किया और डॉ. एस. एस. गाडगे ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

National Science Day celebrated

National Science Day is celebrated in India each year on 28th February to mark the discovery of the Raman Effect by Indian physicist Sir Chandrashekhara Venkata Raman. ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research celebrated National Science Day on 28th February, 2020 by involving 200 students and 8 teachers of Government Residential School for Scheduled Caste & Neo-Buddhist Girls, Chandoli and Government Residential School for Scheduled Caste & Neo-Buddhist Boys, Pethat ICAR-DOGR, Rajgurunagar. Students got exposure of field and laboratory experiments being conducted in the Directorate. On this occasion, debate competition on 'Vedic Science superior or Modern Science' was conducted for the students. All the students were provided school bags and writing kit for education purpose. Students actively participated in the competition and first three winners from girls and first three winners from boys were felicitated with the prizes. Dr. A. J. Gupta, In-charge Director addressed the students and elaborated the importance of science day. Programme was coordinated by Dr. S. J. Gawande, Dr. S. S. Gadge, Dr. R. B. Kale and Dr. Pranjali Ghodke. Programme was compered by Dr. R. B. Kale and vote of thanks was given by Dr. S. S. Gadge.

विज्ञान प्रदर्शनी 2020 में भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय की भागीदारी

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय ने दिनांक 28 – 29 फरवरी, 2020 के दौरान जिआंट मीटरवेव रेडियो टेलिस्केप, खोडद में टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ फण्डामेन्टल रिसर्च, नारायणगांव, पुणे द्वारा आयोजित ''विज्ञान प्रदर्शनी 2020' में अपनी भागीदारी दर्ज कराई। निदेशालय के स्टॉल पर निदेशालय द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित किया गया। यह प्रदर्शनी ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न विद्यालयों तथा कॉलेजों से सभी उत्साही छात्रों के लिए एक अच्छा प्लेटफार्म साबित हुई। भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय के स्टॉल पर प्याज एवं लहसुन की प्रौद्योगिकियों के बारे में आगन्तुकों की जिज्ञासाओं के उत्तर दिए गए। इस प्रदर्शनी में लगभग 25,000 छात्रों ने भ्रमण किया।

ICAR-DOGR participated in Science Exhibition 2020

ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research participated in 'Science exhibition 2020' organized by Tata Institute of Fundamental Research (TIFR), Narayangaon, Pune at Giant Metrewave Radio Telescope (GMRT), Khodad during 28-29 February 2020. The technologies developed by the Directorate were displayed at Directorate's stall. The exhibition has proved a very good platform for all enthusiastic students from various schools and colleges in the rural area. The queries about onion and garlic technologies were answered at ICAR-DOGR stall. Around 25,000 students visited the exhibition.

पूसा कृषि विज्ञान मेले में भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय की प्रतिभागिता

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय ने दिनांक 1 – 3 मार्च, 2020 के दौरान भाकृअनुप – भारतीय कृषि

ICAR-DOGR participated in Pusa Krishi Vigyan Mela

ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research participated in 'Pusa Krishi Vigyan Mela- 2020'

अनुसंधान संस्थान, पूसा परिसर, नई दिल्ली द्वारा आयोजित 'पूसा कृषि विज्ञान मेला 2020' में भाग लिया। इस मेले में निदेशालय के स्टॉल पर संस्थान द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित किया गया। यह प्रदर्शनी भारत के विभिन्न राज्यों से इसमें आने वाले वाले किसानों व अन्य हितधारकों के लिए एक अच्छा प्लेटफार्म सिद्ध हुई। भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय के स्टॉल पर प्याज व लहसुन की प्रौद्योगिकियों के संबंध में जिज्ञासाओं के समुचित उत्तर दिए गए। निदेशालय के स्टॉल को लगभग दस हजार आगन्तुकों ने देखा। किसानों को प्याज एवं लहसुन की प्रौद्योगिकियों पर निदेशालय के तकनीकी बुलेटिन एवं फोल्डर भी उपलब्ध कराए गए। डॉ. राजीव काले, वैज्ञानिक (कृषि प्रसार), भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय ने दिनांक 3 मार्च, 2020 को पूसा कृषि विज्ञान मेले में प्याज एवं लहसुन की उन्नत प्रौद्योगिकियों पर वार्ता प्रस्तुत की और भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय के स्टॉल पर डीडी किसान पर प्रौद्योगिकियों के प्रसार हेतु मेले के लाभ बताए।

organized by ICAR-Indian Agricultural Research Institute (IARI), PUSA Campus, New Delhi during 1-3 March 2020. The technologies developed by the Directorate were displayed at Directorate's stall. The exhibition has proved a very good platform for farmers as well as other stakeholders visited from different states of the India. The queries about onion and garlic technologies were answered at ICAR-DOGR stall. Around 10000visitors visited the exhibition stall. Technical bulletins and folders of ICAR-DOGR on Onion and Garlic Technologies were also sold to the farmers. Dr. Rajiv Kale, Scientist (Agricultural Extension) delivered talk on 'Improved technologies of onion and garlic and benefits of the mela for dissemination of technologies to farmers' on DD Kisan at the stall of the ICAR-DOGR in Pusa Krishi Vigyan Mela on 3 March 2020.

जनजातीय किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे में दिनांक 5 – 7 मार्च, 2020 की अवधि के दौरान जनजातीय उप–योजना स्कीम के अंतर्गत निदेशालय द्वारा पुणे के तालुका आम्बेगांव (भीमा शंकर के निकट) के जनजातीय किसानों के लिए 'प्याज एवं लहसुन की व्यावसायिक खेती' पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में चयनित 14 जनजातीय किसानों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य पुणे की अम्बेगांव तालुका में प्याज व लहसुन की व्यावसायिक खेती के बारे में किसानों के बीच जागरूकता का सृजन करना था। डॉ. मेजर सिंह, निदेशक, भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए उन्हें प्रशिक्षण कार्यक्रम के विषय पर विस्तार से बताया और किसानों

Training programme for tribal farmers

Three-days training programme on "Commercial cultivation of onion and garlic" for tribal farmers from Ambegaon taluka of Pune (Near Bhima Shankar) was organized by ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research, Rajgurunagar, Pune under the TSP Scheme on 5-7 March 2020 at ICAR-DOGR, Rajgurunagar. A total of fourteen selected tribal farmers participated in the programme. The training was aimed for creating awareness among the farmers about commercial cultivation of onion and garlic in Ambegaon taluka of Pune. Dr. Major Singh, Director, ICAR-DOGR welcomed the

के लिए निदेशालय द्वारा विकसित की गईं प्रौद्योगिकियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। डॉ. अमर जीत गुप्ता, प्रधान वैज्ञानिक (बागवानी) एवं नोडल अधिकारी (जनजातीय उप–योजना) तथा डॉ. एस.एस. गाडगे, वरिष्ठ वैज्ञानिक (कृषि प्रसार), भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय ने कार्यक्रम का समन्वय किया। डॉ. गुप्ता ने जनजातीय उप–योजना के तहत चलाई जा रहीं गतिविधियों और जनजातीय किसानों की आजीविका पर जनजातीय उप–योजना के प्रभाव के बारे में संक्षेप में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में व्याख्यान एवं प्याज व लहसुन की खेती पर खेत प्रदर्शनों को शामिल किया गया। किसानों ने जनजातीय किसानों के लिए उत्कृष्ट कार्य करने के लिए भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय की सराहना की और प्रशिक्षण के संबंध में अपना संतोष जताया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। डॉ. अमर जीत गुप्ता, नोडल अधिकारी (जनजातीय उप–योजना) द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

participants and elaborated the theme of the training programme and briefed about the DOGR developed technologies for the farmers. Dr. Amar Jeet Gupta, Principal Scientist (Hort.) & Nodal Officer (TSP) and Dr. S. S. Gadge, Senior Scientist (Agril. Ext.) coordinated the programme. Dr. Gupta briefed about the activities under TSP and impact of TSP on livelihood of tribal farmers. Lectures and field demonstrations on cultivation of onion and garlic were arranged. Farmers expressed our satisfaction and appreciated ICAR-DOGR for excellent work for the tribal farmers. Certificates were distributed to all the participants under training programme. Programme ended with the vote of thanks presented by Dr. A. J. Gupta, Nodal Officer (TSP).

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2020

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय के महिला सेल द्वारा दिनांक 8 मार्च, 2020 को भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे के सम्मेलन हॉल में अंतर्राष्ट्रीय यूएन विषय 'मैं पीढ़ी समानता हूं : महिलाओं के अधिकारों को महसूस करती हूं', '' पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2020 मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. मेजर सिंह, निदेशक, भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय ने महिला दिवस के महत्व और महिला समानता की जरूरत पर विस्तार से बताया। डॉ. विजय महाजन, प्रधान वैज्ञानिक (बागवानी), भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय ने कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए स्वतंत्रता की जरूरत के बारे में बताया। महिलाओं की क्षमता, मजबूती और अधिकारों के बारे में उपस्थितजनों को जागरूक करने के प्रयोजन से अनेक खेल आयोजित किए गए। 'महिलाओं का स्वास्थ्य एवं

ICAR-DOGR celebrated International Women's Day 2020

The Women Cell of ICAR-DOGR has organized International Women's Day 2020 with the International UN theme "I am Generation Equality: Realizing Women's Right" in the conference hall, ICAR-DOGR, Rajgurunagar on 8th March 2020.The program was chaired by Dr. Major Singh, Director who spoke on History of Women's days and need of gender equality. Dr. V. Mahajan, P.S. (Hort.) spoke on the need of freedom for women at the workplace. A series of games was arranged to enlighten the gathering about women's capacity, strength, and rights. The presentation on "Women's health and role in Society" was delivered by Dr. Manic Bichkar, MD

समाज में इनकी भूमिका' विषय पर डॉ. मानिक बिचकर, एमडी (एनेस्थिशिया) ने एक प्रस्तुतिकरण दिया। श्रीमती अश्विनी बेनके, वैज्ञानिक एवं महिला सेल की अध्यक्षा ने 'कोरोना वायरस : विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा क्या सिफारिश की गई और क्या नहीं की गई है' विषय पर एक प्रस्तुतिकरण दिया। इस कार्यक्रम में कुल अस्सी उत्साही महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की व्यवस्था इस प्रकार की गई थी ताकि उपस्थितजनों में पुरूषों के साथ तुलना करने के स्थान पर महिला समानता तथा महिलाओं की विशेषताओं के बारे में जागरूकता का सृजन किया जा सके। सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान सभी जरूरी सुरक्षा उपायों का अनुपालन किया गया।

(Anesthesia). A brief presentation was also conducted by Mrs. Ashwini Benke, Scientist and Chairman Women Cell on "Coronavirus: WHO recommended Dos and Don'ts". A total of eighty enthusiastic ladies attended the program.The arrangement of the programme was made in such a way that gathering can awaken and sensitize Women's Equality and uniqueness rather than comparison with the male gender. All required safety measures need to be taken during public gatherings was followed.

अनुसूचित जाति उप–योजना के अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे द्वारा अपने लक्षित उपभोक्ताओं तक प्याज एवं लहसुन की प्रौद्योगिकियों का प्रसार करने के प्रयोजन से नियमित तौर पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। दिनांक 11 – 13 मार्च, 2020, दिनांक 12 – 14 मार्च, 2020 तथा दिनांक 16 – 18 मार्च, 2020 को क्रमश: 'प्याज एवं लहसुन की वैज्ञानिक खेती', 'प्याज एवं लहसुन की उन्नत प्रौद्योगिकी'

ICAR-DOGR organized three training programme under SCSP

ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research, Rajgurunagar, Pune regularly conducts training programmes for the dissemination of onion and garlic technologies to the targeted clientele. Three training programmes were organized for scheduled caste farmers on "Scientific Cultivation of Onion and Garlic", "Advance Technology of Onion

तथा 'प्याज एवं लहसुन का वैज्ञानिक उत्पादन' विषय पर कुल तीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। अनुसूचित जाति उप–योजना स्कीम के अंतर्गत इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में महाराष्ट्र राज्य से कुल 88 प्याज उत्पादकों ने भाग लिया। उद्घाटन कार्यक्रम में, डॉ. मेजर सिंह, निदेशक, भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय ने किसानों का अभिनंदन करते हुए उनसे गुणवत्ता उत्पाद के साथ साथ बेहतर उपज हासिल करने के लिए प्याज की खेती में उन्नत प्रौद्योगिकी को अपनाने का अनुरोध किया। डॉ. सिंह ने मौसम के अनुसार प्याज की उन्नत किस्मों की खेती करने पर बल दिया। भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय के वैज्ञानिकों ने विभिन्न विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। इनमें शामिल विषय थे : उन्नत किस्में, नर्सरी प्रबंधन, खेती रीतियां, उर्वरक प्रबंधन, सूक्ष्म सिंचाई, नाशीजीव नियंत्रण, तुड़ाई करना, भण्डारण, फसलोत्तर प्रबंधन, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, किसानों की सामाजिक आर्थिक स्थिति को सुधारने में स्वयं सहायता समूहों की भूमिका, आदि। भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय के फार्म पर लगाए गए परीक्षणों में किसानों को विभिन्न प्रकार की कृषि रीतियों को दिखाया गया। पारस्परिक वार्तालाप सत्र में भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय के वैज्ञानिकों ने किसानों के प्रश्नों के उत्तर दिए । किसानों ने भी इस अवसर पर अपने विचार प्रकट किए। समापन समारोह में, प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके साथ ही किसानों को भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा विकसित किस्मों के बीज, उर्वरक, कीटनाशक, फार्म उपकरण तथा तकनीकी बुलेटिन प्रदान किए गए। इसके अलावा, डॉ. विजय महाजन, प्रधान वैज्ञानिक (बागवानी) ने किसानों को नवीन कोरोना वायरस के विरूद्ध सुरक्षात्मक उपायों के बारे में जानकारी दी। डॉ. एस.एस. गाडगे, वरिष्ठ वैज्ञानिक (कृषि प्रसार), डॉ. आर.बी. काले, वैज्ञानिक (कृषि प्रसार) तथा डॉ. प्रांजली घोडके, वैज्ञानिक (पादप शरीरक्रिया विज्ञान), भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का समन्वय किया। डॉ. एस.एस. गाडगे द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

and Garlic" and "Scientific Production of Onion and Garlic" during 11-13 March 2020, 12-14 March 2020 and 16-18 March 2020. Under Scheduled Caste Sub Plan (SCSP) scheme, total 88 onion growers from Maharashtra participated in these training programmes. In inaugural function, Dr. Major Singh, Director, ICAR-DOGR welcomed the farmers and advised them to adopt advanced technology for cultivation of onion to get better yield along with the quality produce. Dr. Singh emphasized to cultivate improved varieties of onion according to season. Lectures were delivered by scientists of ICAR-DOGR on improved varieties, nursery management, cultivation practices, fertilizer management, micro-irrigation, pest control, harvesting, storage, postharvest management, supply chain management, role of SHGs in increasing socio-economic status of farmers, etc. topics. The various agro-practices were demonstrated to farmers with experiments laid at ICAR-DOGR farm. The queries of the farmers were answered by the scientists of ICAR-DOGR in interactive sessions. The farmers also expressed their views on the occasion. In valedictory function, certificates were distributed to the participants. The farmers were provided seed of ICAR-DOGR varieties, fertilizers, pesticides, farm implements and technical bulletins. Other than this, Dr. Vijay Mahajan, Principal Scientist (Horticulture) advised farmers about preventive measures to be taken against novel coronavirus. Dr. S. S. Gadge, Senior Scientist (Agricultural Extension), Dr. R. B. Kale, Scientist (Agricultural Extension) and Dr. Pranjali Ghodke, Scientist (Plant Physiology) coordinated the training programmes. Dr. S. S. Gadge expressed vote of thanks at the end of the programme.

आम्बेगांव में जनजातीय उप–योजना के तहत खरीफ प्याज उत्पादन पर प्रदर्शन

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे द्वारा दिनांक 3 जून, 2020 को पुणे जिले की तालुका अम्बेगांव (भीमा शंकर के निकट) में खरीफ 2020 के लिए जनजातीय किसानों के चयनित खेतों में कुल 28 अग्रिम पंक्ति खेत प्रदर्शन लगाने के लिए प्याज की किस्म भीमा सुपर का बीज वितरित किया गया। इसके साथ ही निदेशालय द्वारा जनजातीय किसानों के प्रत्येक चयनित समूह के लिए उर्वरकों, कवकनाशी, कीटनाशक, खरपतवारनाशक तथा स्प्रे पम्प वाली एक सम्पूर्ण किट भी वितरित की गई। प्रत्येक प्रदर्शन को चयनित किसान समूह की एक एकड़ कॉमन भूमि पर लगाया गया और प्रत्येक समूह में लगभग दस जनजातीय किसान शामिल थे। एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना, घोडेगांव के साथ सहयोग करते हुए अम्बेगांव तालुका के चयनित गांवों में प्याज की व्यावसायिक खेती पर प्रदर्शन लगाने के लिए जनजातीय किसानों का चयन किया गया था। इस कार्यक्रम में पुणे जिले की तालुका अम्बेगांव के विभिन्न गांवों से लगभग तीस जनजातीय किसानों ने भाग लिया और सामाजिक दूरी को बनाये रखते हुए आदान समूह वार का संकलन किया गया। किसानों को बीज एवं अन्य कृषि आदानों को निशुल्क उपलब्ध कराया गया। सभी सामग्री की आपूर्ति भीमा शंकर के निकट किसानों के संबंधित समूह लीडर को की गई। डॉ. अमर जीत गुप्ता, प्रधान वैज्ञानिक (बागवानी) तथा नोडल अधिकारी (जनजातीय उप–योजना), भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय ने कोविड–19 की महामारी स्थिति के दौरान बीजों तथा अन्य कृषि आदानों के प्रावधान के बारे में जानकारी दी जो कि जनजातीय किसानों के लिए राहत लाएगी और इससे उनकी सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति को सुधारने में मदद मिलेगी। श्री एच.एस. गवाली, तकनीकी सहायक एवं श्री एस.पी. यिओल, तकनीकी अधिकारी (चालक) भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

Demonstrations on *kharif* onion production under TSP in Ambegaon

ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research, Rajgurunagar distributed seed of onion variety 'Bhima Super' for twenty-eight field demonstrations at selected fields of tribal farmers for *kharif* 2020 in Ambegaon taluka (near Bhima Shankar) of Pune District on 3rd June, 2020. We have also distributed complete kits of fertilizers, fungicides, insecticides, weedicides and spray pump for each selected group of tribal farmers. Each demonstration is being conducted on one acre common land of selected farmers group and each group consist about ten tribal farmers. Tribal farmers were selected for conduct of demonstrations on commercial cultivation of onion in selected villages of Ambegaon taluka in collaboration with Integrated Tribal Development Project (ITDP), Ghodegaon. About 30 tribal farmers from various villages of Ambegaon taluka of Pune district attended the programme and collected the inputs group-wise following social distancing. Seed and other agricultural inputs were given free of cost to the farmers. All these materials were delivered to respective group leader of farmers near to Bhima Sankar. The farmers were properly informed about the use of all these materials. Dr. Amar Jeet Gupta, Principal Scientist (Hort.) & Nodal Officer (TSP) explained about the provision of seeds and other agricultural inputs during the pandemic situation of COVID-19 would bring relief to the tribal farmers and help in raising their social and economic status. Mr. H.S. Gawali, Technical Assistant and Mr. S. P. Yeole, Technical Officer (Driver) were present on the occasion.

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा बीज एवं कृषि आदानों का वितरण

अनुसूचित जाति उप–योजना के अंतर्गत, भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़े कुल 88 किसानों को प्याज की किस्म भीमा सुपर का बीज, उर्वरक, खरपतवारनाशी, कवकनाशी, कीटनाशी के साथ साथ स्प्रेयर, कुदाल, बेलचा आदि, कृषि औजार एवं तारपॉलिन का वितरण किया गया। इन किसानों का संबंध पुणे जिले के गांवों यथा वेताले, चास, कुरवंडी, थुगांव, लाण्डेवाडी, पेठ, थोरांडले, कारेगांव, दोंडे, राजनी, तोरने, हेन्द्रज, पाईट, अहिरे तथा आडगांव से था। इस कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 18 – 20 जून, 2020 को किया गया। किसानों को लोबिया, टमाटर, मिर्च तथा भिण्डी के सब्जी बीजों का भी वितरण किया गया। किसानों को बीज और अन्य कृषि आदान निशुल्क उपलब्ध कराये गये। सभी सामग्री की आपूर्ति संबंधित किसान के गांव में की गई। किसानों को इन सामग्री का उपयोग करने के बारे में समुचित जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर, डॉ. शैलेन्द्र गाडगे, वरिष्ठ वैज्ञानिक (कृषि प्रसार) एवं नोडल अधिकारी, अनुसूचित जाति उप–योजना ने कोविड–19 की महामारी स्थिति के दौरान बीजों तथा अन्य कृषि आदानों के प्रावधान के बारे में जानकारी दी जो कि जनजातीय किसानों के लिए राहत लाएगी और इससे उनकी सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति को सुधारने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय रूप से सामग्री प्रदान करने वाले किसानों को भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे द्वारा मार्च, 2020 में प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। डॉ. राजीव काले, वैज्ञानिक, डॉ. अविनाश वखरे, तकनीकी अधिकारी, श्री विशाल गुरव, तकनीकी सहायक, श्री राम बोम्बले, तकनीशियन तथा श्री दिलीप मुंढरीकर, निदेशक महोदय के निजी सचिव, भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

Distribution of seed and agricultural inputs by Directorate of Onion and Garlic Research

Under the Scheduled Caste Sub-Plan, ICAR-DOGR distributed onion seed of Bhima Super variety, fertilizers, weedicides, fungicides, insecticides, as well as sprayers, spades, shovels, etc., agricultural tools and tarpaulins to 88 Scheduled Caste farmers from 15 villages *viz.,*Vetale, Chas, Kurwandi, Thugaon, Landewadi, Peth, Thorandale, Karegaon, Donde, Ranjani, Torne, Hendruj, Pait, Ahire and Adgaon of Ambegaon and Khedtalukas of Pune district during 18-20 June 2020. The vegetable seeds of cowpea, tomato, chilli and okra were also distributed among these farmers. Seed and other agricultural inputs were given free of cost to the farmers. All these materials were delivered to respective farmers' villages. The farmers were properly informed about the use of all these materials. On the occasion, Dr. Shailendra Gadge, Senior Scientist & Nodal Officer, SCSP expressed that the provision of seeds and other agricultural inputs during the corona crisis would bring relief to the farmers and help in raising their social and economic status. Notably, the farmers who were allotted the material were earlier given training by Directorate of Onion and Garlic Research in the month of March 2020. Dr. Rajiv Kale, Scientist, Dr. Avinash Wakhare, Technical Officer, Shri. Vishal Gurav, Technical Assistant, Shri. Ram Bomble, Technician and Shri. DilipMundharikar, PS to Director, ICAR-DOGR were present on the occasion.

निदेशालय में 74 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे में दिनांक 15 अगस्त, 2020 को पूरे हर्षोल्लास एवं राष्ट्र प्रेम की भावना के साथ 74 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर तीन दिनों के लिए संस्थान के भवन पर प्रकाश व्यवस्था की गई। डॉ. मेजर सिंह, निदेशक, भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे ने राष्ट्रध्वज फहराया। राष्ट्रध्वज फहराने के उपरान्त निदेशक महोदय ने संस्थान के स्टाफ सदस्यों को सम्बोधित किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने अमर शहीद शिवराम हरी राजगुरू को याद करते हुए कहा कि भारत अपने महान स्वतंत्रता सेनानियों और बहादुर हीरो के साहस, त्याग और संघर्ष को कभी नहीं भुला पाएगा। निदेशक महोदय ने किसानों की बेहतर के लिए संस्थान की उपलब्धियों और योगदान के बारे में विस्तार से बताया। माननीय निदेशक महोदय ने खाद्य एवं दुग्ध में आत्म निर्भरता के लिए विशेषकर श्वेत एवं हरित क्रान्ति के माध्यम से स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरान्त देश की उपलब्धियों के बारे में बताया। निदेशक महोदय ने स्टाफ सदस्यों के मेधावी बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन कोविड – 19 के लिए सभी सुरक्षात्मक उपायों को अपनाते हुए किया गया।

ICAR-DOGR celebrated 74th Independence Day

ICAR-DOGR, Rajgurunagar, Pune celebrated 74th Independence Day of India on 15 August 2020 with enthusiasm and patriotic spirits. The Institute building was illuminated on the occasion for three days. Dr. Major Singh, Director, ICAR-DOGR hoisted the national flag. After the flag hoisting, the Director, Dr. Major Singh addressed to the staff of the institute. In his address, remembering martyr Shivram Hari Rajguru, Dr. Major Singh expressed that India will never forget courage, sacrifice and struggle of our leaders and brave heroes in the fight of freedom. He highlighted the Institute's achievements and contributions for the betterment of the farmers. He told about country's achievements after independence through various revolutions, particularly white and green, for self-sufficiency in food and milk. He distributed prizes to the meritorious children of the staff. The Independence Day was celebrated by taking all the measures for COVID-19.

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय एवं जेएससी कम्पनी सीड्स प्रा. लि. के मध्य प्याज किस्म 'भीमा शक्ति' के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे तथा जेएससी कम्पनी सीड्स प्रा. लि., जालना, महाराष्ट्र के मध्य प्याज की किस्म 'भीमा शक्ति' के लिए समझौता ज्ञापन पर दिनांक 3 सितम्बर, 2020 को हस्ताक्षर किए गए। समझौता ज्ञापन पर डॉ. मेजर सिंह, निदेशक, भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे तथा जेएससी कम्पनी सीड्स प्रा. लि., जालना, महाराष्ट्र के अधिकारी ने हस्ताक्षर किए। डॉ. विजय महाजन, प्रधान वैज्ञानिक (बागवानी), डॉ. एस. गावंडे, प्रधान वैज्ञानिक (पादप रोगविज्ञान), डॉ. शैलेन्द्र गाडगे, वरिष्ठ वैज्ञानिक (कृषि प्रसार) तथा श्रीमती अश्विनी बेनके, वैज्ञानिक (आनुवंशिकी) तथा सदस्य सचिव, आईटीएमयू ने निदेशालय का प्रतिनिधित्व किया जबकि जेएससी कम्पनी सीड्स प्रा. लि., जालना की ओर से गोपाल जिन्दल एवं गोपाल दिवानपल्ली ने प्रतिनिधित्व किया। भीमा शक्ति प्याज की एक लाल किस्म है जिसकी पहचान अखिल भारतीय प्याज व लहसुन नेटवर्क अनुसंधान परियोजना में की गई। इस किस्म की सिफारिश पछेती खरीफ मौसम के लिए गुजरात, कर्नाटक तथा महाराष्ट्र राज्य के लिए और रबी मौसम में आन्ध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, ओड़िशा, पंजाब तथा उत्तर प्रदेश राज्य में खेती करने के लिए की गई। दोनों मौसम में यह किस्म पौध रोपण के 125 से 135 दिनों के भीतर परिपक्वता हासिल कर लेती है। पछेती खरीफ मौसम के दौरान इस किस्म में 35 से 40 टन/हे. की उपज क्षमता है जबकि रबी मौसम में इसकी उपज क्षमता 28 से 30 टन/हेक्टेयर है। इस किस्म को 5–6 माह तक सुरक्षित रूप से भण्डारित किया जा सकता है। डॉ. मेजर सिंह, निदेशक, भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे ने प्याज की किस्म 'भीमा शक्ति' की क्षमता पर अपने विचार प्रकट करते हुए आशा व्यक्त की कि बीज की कमी वाली स्थिति में जेएससी कम्पनी सीड्स प्रा. लि. द्वारा बीज उत्पादन में सर्वश्रेष्ठ कार्य किया जाएगा। श्रीमती अश्विनी बेनके, वैज्ञानिक, भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। सम्पूर्ण समझौता कार्य को सामाजिक दूरी मानकों का अनुपालन करते हुए किया गया

इसी तरह, भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय ने अन्य बीज कंपनियों – दिनकर सीड्स, साबरकांठा (गुजरात), आराध्या सीड्स, औरंगाबाद (महाराष्ट्र), एग्रो नर्मदा सीड कंपनी, पुणे (महाराष्ट्र), पार्श्व जेनेटिक्स, झाबुआ (म.प्र.) धनलक्ष्मी क्रोप

ICAR-DOGR Signed MoU with JSC Company Seeds Pvt. Ltd. for Onion variety "Bhima Shakti"

A memorandum of understanding (MoU) was signed between the ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research, Rajgurunagar, and the JSC Company Seeds Pvt. Ltd. Jalna, Maharashtra on 3 September 2020. The MoU was signed by Dr. Major Singh, Director, ICAR-DOGR, and signatory authority of JSC Company Seeds Pvt. Ltd., Jalna Maharashtra. ICAR-DOGR was also represented by Dr. V. Mahajan (Hort.), Dr. S. Gawande, PS (Patho), Dr. Shailendra Gadge, Sr. Sci. Extn. and Mrs. Ashwini Benke, Scientist (Gen.) & Member secretary, ITMU. JSC Company Seeds Pvt. Ltd. was represented by Gopal Jindal and Gopal Dewanpalli. Bhima Shakti is a red onion variety identified in the AINRPOG project. This variety has been recommended for Gujarat, Karnataka, and Maharashtra for Late *Kharif* season and Rabi Andhra Pradesh, Bihar, Chhattisgarh, Delhi, Gujarat, Haryana, Karnataka, Madhya Pradesh, Maharashtra, Rajasthan, Odisha, Punjab, and Uttar Pradesh states are identified, In both season bulb of this variety attain maturity within 125-135 days after transplanting. During the late *kharif*, the variety has yield potential of 35-40t/ha which is 28-30t/ha in *rabi* season. Variety is good for 5-6 month storage. Dr. Major Singh has expressed his views on the potential of this onion variety "Bhima Shakti" and hopes the best work in seed production by JSC Company Seeds Pvt. Ltd during this seed scarcity situation. A vote of thanks was expressed by Mrs. Ashwini Benke, Scientist, ICAR-DOGR. The entire agreement work was carried out by following social distancing norms.

Likewise, ICAR-DOGR also signed MoUs with other seed companies, viz., Dinkar Seeds, Sabarkantha (Gujarat), Aaradhya Seeds, Aurangabad (M.S.), Agro Narmada Seed Company, Pune (M.S.), Parshv Genetics, Jhabua (M.P.) Dhanlaxmi Crop Sciences, Himmatnagar (Gujarat), Calix Agri genetics, Jaipur (Rajasthan) and ODSF Agro producer Company, Osmanabad (M.S.) for seed production of Bhima Shakti. ICAR-DOGR signed MoUs with Parshv

साइंसेज, हिम्मतनगर (गुजरात), कैलिक्स एग्री जेनेटिक्स, जयपुर (राजस्थान) और ओडीएसएफ एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी, उस्मानाबाद (महाराष्ट्र) के साथ भीमा शक्ति के बीज उत्पादन के लिए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसन्धान निदेशालय ने भीमा सुपर और भीमा किरण के बीज उत्पादन के लिए क्रमशः पार्श्व जेनेटिक्स, झाबुआ (म.प्र.) और कैलिक्स एग्री जेनेटिक्स, जयपुर (राजस्थान) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

हिंदी सप्ताह

दिनांक 14–17 सितंबर 2020 के दौरान भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरुनगर, पुणे में हिंदी सप्ताह का आयोजन किया गया। हिंदी सप्ताह 14 सितंबर 2020 को हिंदी कार्यशाला के साथ शुरू किया गया। इस अवधि के दौरान कोविड–19 महामारी के बीच जीवन शैली की बढ़ती स्वीकार्यता पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमें भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय के 11 कर्मचारियों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल द्वारा विजेताओं का चयन प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कार के लिए किया गया। विजेताओं को डॉ. मेजर सिंह, निदेशक, भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।

प्याज एवं लहसुन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश के पूर्वी भागों में आयोजित प्रशिक्षण एवं खेत प्रदर्शन

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे द्वारा परशोधा, तालुका : चुनार, जिला : मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश में दिनांक 17 अक्तूबर, 2020 को एग्री मित्र फार्मर्स प्रोड्यूसर कम्पनी, मिर्जापुर तथा गौतम कल्लू रिसर्च एंड डेवलेपमेन्ट फाउण्डेशन, वाराणसी के साथ सहयोग करते हुए प्याज एवं लहसुन के गुणवत्ता बीज उत्पादन पर प्रगतिशील किसानों के लिए एक प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का प्रयोजन प्याज एवं लहसुन की खेती को बढ़ावा देना और मिर्जापुर, वाराणसी, चन्दौली, सोनभद्र तथा अन्य निकटवर्ती क्षेत्रों में प्याज व लहसुन उत्पादन की नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने की दिशा में किसानों में जागरूकता का सृजन करना और उनके जानकारी स्तर को बढ़ाना था। इस कार्यक्रम में मिर्जापुर के साथ साथ बलिया, विंध्याचल तथा गाजीपुर जिले के विभिन्न भागों से लगभग 70 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। डॉ. नगेन्द्र राय, प्रधान वैज्ञानिक, भाकृअनुप – भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान, वाराणसी और श्री लाल बहादुर सिंह, निदेशक, एग्री मित्र फार्मर्स प्रोड्यूसर कम्पनी ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। डॉ. अमर जीत गुप्ता, प्रधान वैज्ञानिक एवं नोडल अधिकारी (जनजातीय उप–योजना), भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान

Genetics, Jhabua (M.P.) and Calix Agri genetics, Jaipur (Rajasthan) respectively for seed production of Bhima Super and Bhima Kiran.

Hindi Week

Hindi week was organized during 14-17 September 2020 at ICAR-DOGR, Rajgurunagar, Pune. Hindi week was started with Hindi workshop on 14 September 2020. The essay writing competition on "*Covid-19 mahamari ke beech jivanshaili ki badhti swikaryata*" (Increasing acceptance of lifestyle amid the Covid-19 pandemic) was organized during the period in which 11 staff of ICAR-DOGR participated. The winners were selected by the jury for first, second, third and consolation prizes. The winners were given prizes by Dr. Major Singh, Director, ICAR-DOGR.

Training and fields demonstrations conducted in eastern parts of UP to boost up onion and garlic production

A training-cum-awareness programme for progressive farmers on quality seed production of onion and garlic by ICAR-DOGR was organized at Parshodha, Taluka-Chunar, District-Mirzapur, UP in collaboration with Agri-Mitra Farmers Producer Company, Mirzapur and GautamKalloo Research and Development Foundation, Varanasi on 17 October 2020. Training was based on promotion of onion and garlic cultivation and to create awareness and enhance the knowledge level of farmers to adopt new technologies of onion and garlic production in Mirzapur, Varanasi, Chandauli, Sonbhadra and other adjoining areas. About 70 progressive farmers from different parts of Mirzapur as well as Ballia, Vindhyachal and Ghazipur attended the programme. Dr. Nagendra Rai, Principal Scientist, ICAR-IIVR and Shri Lal Bahadur Singh, Director, Agri-Mitra Farmers Producer Company also grace the programme. Dr. A.J. Gupta, Principal Scientist and Nodal Officer (TSP) emphasized on promotion of onion and garlic production in eastern part of Uttar Pradesh. Dr. Gupta delivered lectures on 'Quality seed production in onion' and 'Scientific cultivation of

